www.navpradesh.com

दैनिक **नव प्रदेश**

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 5 | आंचलिक 7 | आंचलिक

RNI NO.CHHIN/2012/41806 रायपुर, सोमवार 03 जनवरी 2022, कृष्ण पक्ष चतुर्दशी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-10 अंक-316 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

//-- सुविचार --//

सोच का ही फ़र्क़ होता है, वरना समस्याएं आपको कमजोर नही बल्कि मज़बूत बनाने आती हैं

आज बेबाक

मोहब्बत और अदावत की तरह सियासत में भी सब कुछ जायज कहलाता है। चुनाव जीतने के लिए जो किया जाए कम है। अब तो राजनीतिक पार्टियों के मतदाताओं को प्रलोभन परोसने की प्रतिस्पर्धा प्रारंभ हो गई है। घुंघरू सेठ ने मुफ्तखोरी को बढ़ावा देकर दिल्ली की गद्दी हथिया ली तो सभी दल वहीं फार्मूला आजमा रहे हैं। उत्तर प्रदेश के अखिलेश यादव ने भी समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर 300 यूनिट बिजली फ्री देने की घोषणा की है। लगता है राजनीतिक पार्टियां बिजली विभाग का बट्टा बैठकार अंधेर नगरी चौपट राजा वाली कहावत को चरितार्थ करेंगी।

सूर्योदय

उदय : 7.12 प्रात:

अस्त : 5:49 संध्या

जनसंख्या

विश्व : 7,869,150,010

भारत : 1,400,770,149

बाजार

सेंसेक्स : अवकाश

निफ्टी : अवकाश

गोल्ड : 49,150 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 62,700 प्रति किग्रा

अण्डा दर : 6.14 प्रति नग

प्रदेश का मौसम

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रायपुर	24.8	15.1
बिलासपुर	25.0	13.1
जगदलपुर	18.0	07.2
अंबिकापुर	27.2	13.0

आज का दिवस

शाकम्भरी जयंती

शाकम्भरी जयंती 3 जनवरी को देवी शाकम्भरी की याद में मनायी जाती है। देवी शाकम्भरी दुर्गा के अवतारों में एक हैं। ऐसी मान्यता है कि माँ शाकम्भरी मानव के कल्याण के लिये इसी दिन धरती पर आयी थी। देवी शाकम्भरी दुर्गा के अवतारों में एक हैं। ऐसी मान्यता है कि माँ शाकम्भरी मानव के कल्याण के लिये इसी दिन धरती पर आयी थी।

आज से किशोरों को लगेगी वैक्सीन

15 से 18 साल के बच्चों के लिए शासन ने तैयार की रोस्टर

अलग-अलग तारीखों को लगाई जाएगी वैक्सीन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में 3 जनवरी से बच्चों को लगाए जाने वाली कोरोना वैक्सीनेशन की पूरी तैयारी स्वास्थ्य विभाग द्वारा कर ली गई है। अलग-अलग तारीखों में वैक्सीन लगाए जाने के लिए प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने रोस्टर तैयार कर लिया है। प्रदेश में करीब 16 लाख 39 हजार से अधिक किशोरों का टीकाकरण किया जायेगा।

दरअसल, देश के अन्य राज्यों के साथ छत्तीसगढ़ में कोरोना वैक्सीनेशन की प्रक्रिया अब तक तीन आयु वर्ग में किया जा रहा है। अब केंद्र सरकार के निर्णय के बाद बढ़ते कोरोना के खतरे के बीच 15 से 18 साल के बच्चों का वैक्सिनेशन किया जाएगा। इसकी शुरूआत आज सोमवार से से होगी। किशोरों को लगने वाली वैक्सीन को लेकर रोस्टर तैयार कर लिया गया है।

रायपुर कलेक्टर सौरभ कुमार ने स्वास्थ्य अधिकारियों और शैक्षणिक संस्थानों के प्राचार्यों के साथ बैठक की थी जिसमें रोस्टर तैयार करने कहा गया था। इस आधार पर कॉलेज के छात्रों को वैक्सिनेशन के लिए प्रथम सप्ताह का रोस्टर तैयार कर लिया गया है।

3 जनवरी से 8 जनवरी तक के लिए रोस्टर बनाया गया है। नोडल अधिकारी केदार पटेल ने बताया कि 3 एवं 4 जनवरी को शासकीय सह शिक्षा पॉलिटेक्निक कॉलेज बैरन बाजार ■ शेष पृष्ठ 6 पर

टीकाकरण के लिए लाना होगा ये दस्तावेज

3 जनवरी 2022 से 15 से 18 साल के बीच हो और टीकाकरण केंद्रों में बच्चों को जरूरी दस्तावेज में जन्मतिथि की उचित प्रमाणपत्र साथ लेकर आना आवश्यक है। जिला नोडल अधिकारी केदार पटेल ने बताया कि टीकाकरण के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम निर्धारित संस्थानों में सुबह 10:30 बजे से शाम 5 बजे तक उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि उन संस्थानों में छात्रों के कोविन पोर्टल में ऑनलाइन पंजीयन का कार्य छात्रों द्वारा स्वयं या संस्थानों द्वारा नियुक्त टीम के द्वारा किया जायेगा।

तारीखवार बनाया गया रोस्टर

इसी तरह 5 एवं 6 जनवरी को पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, शासकीय नागार्जुन पीजी विज्ञान महाविद्यालय तथा शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय सेजबहार रायपुर में टीके लगाए जाएंगे। 7 एवं 8 जनवरी को साक्षी काव्योपाध्याय हीरालाल महाविद्यालय अभनपुर, शासकीय आईटीआई अभनपुर, सत्यनारायण अग्रवाल शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय कोहका तिल्दा, शासकीय आईटीआई कोहका तिल्दा तथा शासकीय कला एवं वाणिज्य कन्या महाविद्यालय देवेंद्र नगर रायपुर में टीके लगाए जाएंगे।

युवाओं का मार्ग ही देश का मार्ग है यही 21वीं सदी का मंत्र है : पीएम मोदी

मेरठ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछली सरकारों पर खेलों में युवाओं के सामर्थ्य को नजरंदाज करने का आरोप लगाते हुए रविवार को कहा कि आज जिस मार्ग पर युवा चले जाएं, वही मार्ग, देश का मार्ग है और अब यही 21वीं सदी का मंत्र भी है। पीएम मोदी ने उत्तर प्रदेश के मेरठ में मेजर ध्यानचंद खेल विश्वविद्यालय का शिलान्यास करते हुए कहा कि 21वीं सदी का मंत्र है कि युवाजनों येन गतः सपंथा। अर्थात जिस मार्ग पर युवा बढ़ जायें, वही सही मार्ग है। उन्होंने कहा कि आज जिधर युवा चलेगा उधर भारत चलेगा और जिधर भारत चलेगा, उधर ही दुनिया चलने को मजबूर होती है।

इससे पहले मोदी ने मेरठ के सलावा में 700 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले मेजर ध्यानचंद खेल विश्वविद्यालय का शिलान्यास किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के अलावा केन्द्र और राज्य सरकार के अनेक मंत्री एवं जनप्रतिनिधि भी मौजूद थे। पीएम ने आज सुबह दिल्ली में कोहरे के कारण मेरठ पहुंचने के लिए हवाई मार्ग के बजाय सबको चौंकाते हुए सड़क मार्ग द्वारा दिल्ली मेरठ एक्सप्रेस वे से जाने का फैसला किया। यहां पहुंचने पर उन्होंने काली पलटन मंदिर में औघड़नाथ भगवान के दर्शन किये।

इसके बाद उन्होंने मेरठ कैंट स्थित शहीद स्मारक जाकर 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के गवाह रहे शहीद स्मारक पर अमर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। मोदी ने लगभग 25 मिटन तक यहां रुकने के दौरान स्वतंत्रता संग्राम संग्राहलय में पहले स्वाधीनता संग्राम की झांकियों और चित्रों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इसके बाद मोदी ने यहां से लगभग 32 किमी दूर सलावा गांव में बनने वाले मेजर ध्यानचंद खेल विश्वविद्यालय का शिलान्यास किया।

कार्यक्रम स्थल पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि मेरठ में खेल विश्वविद्यालय का शिलान्यास करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी, विजिविलिटी कम होने के कारण हवाई मार्ग के बजाय सड़क मार्ग से मेरठ पहुंचे हैं। यह खेल, शिक्षा एवं विकास कार्यों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। योगी ने कहा कि मेरठ खेलों के सामान और उपकरणों के उत्पादन केन्द्र के रूप में जाना जाता है। इसी के फ्ल स्वरूप इस ■ शेष पृष्ठ 6 पर

यूपी में पहले अपराधी खेल खेलते थे, अब योगी सरकार उनसे जेल-जेल खेल रही है

मेरठ (ए.)। उत्तर प्रदेश चुनावों से पहले बीजेपी के शिलान्यास और लोकार्पण का 'खेल' जारी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को उत्तर प्रदेश के मेरठ में मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी का शिलान्यास किया। इस दौरान वह प्रदेश की पूर्ववर्ती समाजवादी पार्टी की सरकार पर निशाना साधने से नहीं चूके। खेल यूनिवर्सिटी का शिलान्यास करने के बाद प्रधानमंत्री बोले कि यूपी में पहले की सरकारों में अपराध के खेल खेले जाते थे। अब योगीजी की सरकार उन अपराधियों के साथ जेल-जेल खेल रही है।

प्रधानमंत्री ने खासतौर पर अखिलेश यादव की सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, 'पहले की सरकारें थीं तो यूपी में अपराधी अपना खेल खेलते थे। माफिया अपना खेल खेलते थे। पहले यहां अवैध कब्जे के टूर्नामेंट होते थे। बेटियों पर फब्तियां कसने वाले खुलेआम घूमते थे। मेरठ और आसपास के क्षेत्रों के लोग कभी भूल नहीं सकते कि लोगों के घर जला दिए जाते थे।' पश्चिमी उत्तर प्रदेश की राजनीति साधने की नजर से उन्होंने कैराना का जिक्र करते हुए कहा कि पहले की सरकार अपने खेल में लगी रहती थी, जिसका नतीजा था कि लोग अपना पुश्तैनी घर छोड़कर पलायन के लिए मजबूर हो गए थे।

योगी सरकार जेल-जेल खेल रही है: मोदी- बता दें कि शामली के कैराना से सांप्रदायिक पलायन ने पश्चिमी यूपी की राजनीति में काफी खलबली मचाई थी। प्रधानमंत्री यहीं नहीं रुके। अपने भाषण में उन्होंने आगे कहा कि ■ शेष पृष्ठ 6 पर

विश्वविद्यालय पर बोले पीएम

खेल विश्वविद्यालय को लेकर पीएम ने कहा, '700 करोड़ की लागत से बनने वाली ये आदर्श यूनिवर्सिटी दुनिया की श्रेष्ठ यूनिवर्सिटी में से एक होगी। यहां युवाओं को अंतरराष्ट्रीय सुविधाएं तो मिलेंगी ही, साथ ही एक करियर के तौर पर स्पोर्ट्स को अपनाने के लिए जरूरी स्किल का निर्माण करेगी। यहां हर साल एक हजार से ज्यादा बेटे-बेटियां बेहतरीन खिलाड़ी बनकर निकलेंगे। यानी क्रांतिवीरों की नगरी खेलवीरों की नगरी के रूप में अपनी पहचान को और सशक्त करेगा।

खराब मौसम की वजह से क्रैश हुआ सीडीएस रावत का चॉपर

■ **महीने भर बाद आई रिपोर्ट में खुलासा**

नई दिल्ली। तमिलनाडु में पिछले आठ दिसंबर को हुए हेलीकॉप्टर हादसे में सीडीएस बिपिन रावत और उनकी पत्नी समेत 14 लोगों की मौत के करीब एक महीने बाद इससे जुड़ी बड़ी खबर सामने आई है। इस घटना की जांच के लिए गठित की गई समिति के हवाले से सूत्रों ने बताया है कि ऐसा हो सकता है कि खराब मौसम के चलते ही यह हेलीकॉप्टर हादसा हुआ है। जांच समिति जल्द ही अपनी रिपोर्ट सौंपेगी और हाल ही में यह संभावना भी जताई गई थी कि जल्द ही इसका कारण सामने आएगा।

दरअसल, एक राष्ट्रीय टीवी चैनल ने अपनी एक रिपोर्ट में ने सूत्रों के हवाले से बताया है कि जनरल बिपिन रावत, उनकी पत्नी और 11 अन्य अधिकारियों की दुर्घटना की जांच लगभग पूरी हो चुकी है और यह जल्द ही प्रस्तुत की जाएगी। हालांकि जांच या उसकी रिपोर्ट पर ना तो वायु सेना और ना ही सरकार ने अभी तक कोई बयान दिया है लेकिन सूत्रों का कहना है कि दुर्घटना का कारण खराब मौसम हो सकता है। इस पर भी अब तक कोई बयान या स्पष्टीकरण नहीं आया है।

सूत्रों ने यह भी बताया कि एयर मार्शल मानवेंद्र सिंह के नेतृत्व वाली जांच टीम ने हादसे के लिए जिम्मेदार संभावित मानवीय त्रुटि सहित सभी संभावित पहलुओं की छानबीन की है। विशेषज्ञों ने यह भी जांच की है कि जब हेलीकॉप्टर उतरने की तैयारी कर रहा था, तब चालक दल के दिशाभ्रमित होने का कहीं यह मामला तो नहीं है। इस बारे में जल्द ही आधिकारिक खुलासा हो सकता है।

फिलहाल 'कोर्ट ऑफ इनक्वायरी' के निष्कर्ष और उसके द्वारा अपनाई गई प्रक्रिया की कानूनी पड़ताल की जा रही है। कानूनी पड़ताल यह सुनिश्चित करने के लिए की जा रही है कि जांच ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मुस्लिम महिलाओं की 'नीलामी' पर बोले राहुल गांधी

'सांप्रदायिक नफरत तभी बंद होगी जब सब इसके खिलाफ खड़े होंगे'

नई दिल्ली (ए.)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को मुस्लिम महिलाओं की 'नीलामी' करने वाले ऐप के खिलाफ आवाज उठाते हुए कहा कि महिलाओं के खिलाफ अपमान और सांप्रदायिक नफरत तभी रुकेगी जब सभी एक आवाज में इसके खिलाफ खड़े होंगे। राहुल गांधी ने ट्वीट कर लिखा, 'महिलाओं का अपमान और सांप्रदायिक नफरत तभी बंद होंगे जब हम सब एक आवाज में इसके खिलाफ खड़े होंगे। साल बदला है, हाल भी बदलो- अब बोलना होगा!'

ऐप को ब्लॉक किया गया

दिल्ली की एक पत्रकार द्वारा दिल्ली पुलिस में एक संदिग्ध वेबसाइट के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है। महिला पत्रकार ने आरोप लगाया है कि उनकी इस ऐप पर उनकी तस्वीरें अपलोड की गई हैं। इस मामले पर कई राजनेताओं ने इसकी निंदा की है व दिल्ली पुलिस ने शनिवार रात प्राथमिकी दर्ज की है। आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि ऐप को ब्लॉक कर दिया गया है और आगे की कार्रवाई को लेकर पुलिस के साथ समन्वय किया जा रहा है। मंत्री ने कहा, गिटहब ने आज सुबह ही यूजर को ब्लॉक करने की पुष्टि की। सीईआरटी और पुलिस ■ शेष पृष्ठ 6 पर

छत्तीसगढ़ के दो आईएएस अफसर केंद्र में हुए ज्वाइंट सेक्रेटरी इम्पैनल

रायपुर/नवप्रदेश। भारत सरकार ने छत्तीसगढ़ कैडर के 2 आईएएस अफसरों को ज्वाइंट सेक्रेटरी के लिए इम्पैनल किया गया है। 2003 बैच के आईएएस सिद्धार्थ कोमल परदेशी और रितु सेन का नाम शामिल है। आईएएस सिद्धार्थ कोमल परदेशी और रितु सेन ज्वाइंट सेक्रेटरी में इम्पैनल किए गए हैं। रितु सेन अभी सेंट्रल में हैं, जबकि सिद्धार्थ कोमल परदेशी जनसंपर्क सचिव हैं। अलग-अलग राज्यों के 9 आईएएस अफसरों को भारत सरकार में ज्वाइंट सेक्रेटरी सूचीबद्ध करने का आदेश जारी किया गया है। इंपैनलमेंट में महाराष्ट्र से 3 आईएएस अफसरों के नाम शामिल हैं। इम्पैनल में बिहार और मध्य प्रदेश के भी आईएएस अफसरों का नाम भी शामिल है।

कालीचरण के प्रोटेक्शन वारंट की मांग, आज होगी सुनवाई

■ **महाराष्ट्र से रायपुर पहुंची 5 सदस्यीय पुलिस टीम**

रायपुर/नवप्रदेश। कालीचरण बाबा की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही है। रायपुर पुलिस की गिरफ्तारी के बाद अब महाराष्ट्र पुलिस भी रायपुर पहुंची है। महाराष्ट्र के अकोला, कडक, ठाणे समेत 5 अलग-अलग थानों ने कालीचरण के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। महाराष्ट्र पुलिस की 5 सदस्यीय टीम रायपुर पहुंची है। ठाणे पुलिस स्टेशन में धारा 295, 298, 505 (2) के तहत अपराध दर्ज है। इसी सिलसिले में रायपुर से बाबा को ठाणे ले जाने की तैयारी की जा रही है।

महाराष्ट्र पुलिस ने रविवार को प्रोडक्शन वारंट की अर्जी लगाई पर सोमवार तक सुनवाई टल गई है। प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट निधि शर्मा ने निर्णय को सोमवार तक के लिए सुरक्षित रखा है। माना जा रहा है कि रविवार को रिमांड कोर्ट की वजह से महाराष्ट्र पुलिस को प्रोडक्शन वारंट नहीं मिला। महाराष्ट्र ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

सभा... वाराणसी में योगी सरकार पर जमकर बरसे मुख्यमंत्री बघेल

विकास के 'छत्तीसगढ़ मॉडल' ने 'गुजरात मॉडल' को पीछे छोड़ा : सीएम भूपेश

वाराणसी। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल रविवार को वाराणसी पहुंचे। सरदार सेना संगठन की ओर से आयोजित जनहित संकल्प महारैली को संबोधित करते हुए भाजपा पर जमकर बरसे। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि विकास के 'छत्तीसगढ़ मॉडल' से 'गुजरात मॉडल' काफी पीछे छूट गया है। इतना ही नहीं उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए यह भी कहा कि 'गुजरात मॉडल' महज एक छलावा है। छत्तीसगढ़ के मॉडल की चर्चा आज पूरे देश-दुनिया में है। हमने विकास के छत्तीसगढ़ मॉडल से गुजरात मॉडल को काफी पीछे छोड़ दिया है। कहा कि भाजपा के 'गुजरात ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सीएम भूपेश बघेल रविवार को वाराणसी के लोहता कोरोता मैदान में सरदार सेना की जनहित संकल्प महारैली को संबोधित कर रहे थे। भाजपा पर निशाना साधते हुए भूपेश बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़

यूपी में विकास के नाम पर दुर्व्यवस्था

छत्तीसगढ़ के सीएम ने कहा कि भाजपा के पास उत्तर प्रदेश के लोगों के विकास के लिए कोई रोडमैप नहीं है। यहां के किसान, युवा, व्यापारी, प्रतियोगी परीक्षा देने वाले बच्चे, माताएं-बहनें हर कोई भाजपा सरकार से त्रस्त और परेशान हैं। किसान आत्महत्या को मजबूर हैं। आए दिन दलितों के साथ अपराध और पुलिस थानों में हत्या एवं दुष्कर्म जैसी जघन्य घटनाएं हो रही हैं। प्रतियोगी परिक्षाओं का पेपर लीक हो जाता है। प्रदेश में जितनी भी भर्तियां निकलीं, वे सब भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है। कहा कि यूपी में विकास के नाम पर दुर्व्यवस्था है।

गिनाई छग मॉडल की खूबियां

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि आप आकर छत्तीसगढ़ में देखिए, वहां एमएसपी की दर देश के बाकी राज्यों की तुलना में ज्यादा है। इसका फायदा वहां के किसान भाइयों को मिल रहा है। 2500 रुपए प्रति क्विंटल धान, 2600 रुपए प्रति क्विंटल गेहूं और 400 रुपए प्रति क्विंटल गन्ना उपज का दाम मिल रहा है। छत्तीसगढ़ में आवारा पशुओं की कोई समस्या नहीं है। हमारी सरकार पशुपालकों से दो रुपए प्रति किलो गोबर खरीद कर उन्हें स्वावलंबी बना रही है। मैं यही सब ■ शेष पृष्ठ 6 पर

क्रॉस वोटिंग की जांच के लिए समिति गठित, पीसीसी को सौंपेंगे रिपोर्ट

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिका बैकुंठपुर-चरचा में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के निर्वाचन में हुई क्रॉस वोटिंग की जांच के लिए कांग्रेस ने जांच समिति का गठन किया है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम ने गठित तीन सदस्यीय समिति को सात दिन में रिपोर्ट सौंपने निर्देशित किया है। समिति में पूर्व विधायक बोधराम कंवर की अध्यक्षता में दो सदस्यीय जांच समिति का गठन पीसीसी अध्यक्ष मोहन मरकाम के द्वारा किया गया है। पूर्व विधायक चुन्नी लाल साहू और महामंत्री अर्जुन तिवारी को बतौर सदस्य शामिल किया गया है।

गौठानों में अब बनेंगे मिट्टी के बर्तन, बांस व झारा शिल्प होगा तैयार

रायगढ़/नवप्रदेश। गौठानो में विभिन्न प्रकार की आयमूलक गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। इन गतिविधियों में अब सामाजिक ढ़ाचे के तौर पर जो गतिविधियां संचालित की जा रही थी। उनको शामिल कर उन समाज की गतिविधियों को गौठानों के माध्यम से पुर्नजीवित करने का कार्य किया जाएगा। उक्त बाते कलेक्टर भीम सिंह ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में समाज प्रमुख के बैठक में कही। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ डॉ. रवि मित्तल भी उपस्थित रहे। गौठानों में इन गतिविधियों के संचालन से संबंधित समाज को रोजगार मिलने के साथ ही उनके पारम्परिक कार्य को संजोने का कार्य भी हो पाएगा। जिसके लिए शासन स्तर पर सहयोग प्रदान किया जाएगा। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि प्राचीन समय में ग्रामीण क्षेत्रों की अपनी ही अर्थव्यवस्था होती थी। जिसमें सभी प्रकार के समाज के लोग अपना कार्य करते थे और इसी तरह ग्रामीण अर्थव्यवस्था का संचालन होता था। आज कार्य व्यवसायिक होने से सामाजिक कार्यो में सभी लोगों का दखल बढ़ा है। जिससे उन व्यवसाय से सबंधित लोगों के रोजगार में कमी आयी है। सभी समाज के लोगों में अपना हुनर है, उन्हे शासन सहयोग प्रदान कर गौठान में संचालित कर रोजगार प्रदान किया जाएगा। जिसके लिए गौठान में स्थान एवं संबंधित गतिविधियों का मशीनरी प्रदान किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में गौठान के माध्यम से आज महिला समूह वर्मी कम्पोस्ट, सब्जी उत्पादन, गमला, मछली पालन, मुर्गी पालन जैसे विभिन्न फार्म एवं नॉन फार्मर गतिविधियों के माध्यम से आय अर्जित की जा रही है। इसी तरह आपके भी समाज के लोग जिन्हे कार्य करना है जो गौठान के माध्यम से कार्य कर रोजगार प्राप्त कर सकता है। इस दौरान बैठक में उपस्थित सभी समाज प्रमुखों ने अपनी सामाजिक कार्यो की जानकारी देते हुए वर्तमान की समस्याओं से अवगत करवाए।

इस दौरान बंसोड समाज, कोसमनारा से आए महेश राम ने वुड आर्ट को कलेक्टर को भेंट किया। बैठक के दौरान अघरिया समाज ने मिनी राईस मिल संचालन की इच्छा जताने पर कलेक्टर द्वारा गौठान चयन कर सहयोग प्रदान करने की बात कही। बंसोड समाज ने गौठानों में जगह एवं बांस उचित दर में बांस की उपलब्धता पर कलेक्टर श्री सिंह ने वन विभाग को सुविधा प्रदान करने के निर्देश दिए। कुम्हार समाज के लिए इलेक्ट्रानिक चाक एवं मिट्टी की सुलभ व्यवस्था करने, साहू समाज के लिए तेलपेराई मशीन, झारा समाज के लिए आर्थिक सहयोग, लोहार समाज के लिए कोयले, बुनकर के लिए हथकरघा के लिए गौठान चयन कर उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

न्यूज गैलरी

नक्सलियों की कायराना करतूत, मानसिक रूप से विक्षिप्त शख्स की कर दी हत्या

बीजापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बीजापुर में नक्सलियों की एक कायराना करतूत सामने आया है। जहां मुखबिरी के शक में माओवादियों ने मानसिक रूप से विक्षिप्त एक युवक की हत्या कर दी। मामला बासागुड़ा थाना क्षेत्र के तिम्मापुर का है।

जहां नक्सलियों ने 4-5 साल से मानसिक रूप से विक्षिप्त हेमंत बन्डी की हत्या कर दी। बासागुड़ा थाना प्रभारी सुरेंद्र यादव ने बताया कि नए साल के पहले दिन यानी शनिवार को तिम्मापुर गांव के कुनमीपारा में जनमिलिशिया के 5 सदस्यों ने मुखबिरी का आरोप लगाकर घर से निकालकर तकरीबन रात को 8 बजे धारधार हथियार से हमला कर हेमंत बन्डी की हत्या कर दी। हेमन्त पिछले 4-5 सालों से मानसिक रूप से बीमार था।

जिले में प्रत्येक माह की 7 तरीख को मनाया जाएगा रोजगार दिवस

मुंगेली/नवप्रदेश। महात्मा गांधी नरेगा में ग्रामीणों के काम के अधिकार संबंधी प्रावधानों को प्रभावी रूप से लागू करने एवं शिकायत निवारण के उद्देश्य से परिकल्पित रोजगार दिवस का प्रतिमाह ग्राम पंचायत में आयोजन किये जाने का निर्देश भारत सरकार, ग्रामीण विकास विभाग, नई दिल्ली द्वारा जारी किये गये है। वैश्विक महामारी कोविड-19 के संक्रमण का प्रसार रोकने के लिये यह आयोजन को विगत वित्तीय वर्ष से स्थगित किया गया था। वर्तमान में केन्द्र एवं राज्य सरकार के कोविड-19 के संक्रमण के संबंध में लागू दिशा-निर्देशों के अधीन ग्राम सभा आयोजित की जा रही है। जिला पंचायत के मुख्य कार्य पालन अधिकारी रोहित व्यास ने बताया कि रोजगार दिवस के संबंध में प्राप्त दिशा-निर्देशों के अनुरूप जिले के समस्त ग्राम पंचायतों में महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत ग्राम पंचायत स्तर पर सार्वजनिक स्थान पर कोविड-19 अनुकूल व्यवहारों का पालन करते हुए प्रत्येक प्रत्येक माह की 07 तारीख को रोजगार दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान ग्रामीणों में योजना के तहत काम के अधिकार संबंधी प्रावधानों का प्रचार-प्रसार एवं शिकायतों का निराकरण किया जाएगा।

नान के गोदाम में 6 हजार 255 क्विंटल चावल मिला अमानक

कोरबा/नवप्रदेश। नागरिक आपूर्ति निगम के गोदामों में भण्डारित चावल में से खराब गुणवत्ता के चावल रिप्लेस किए जाएंगे। कलेक्टर रानू साहू ने खराब गुणवत्ता के चांवल के बदले अच्छी गुणवत्ता के चांवल संबंधित मिलर से बदलवाने के निर्देश जारी कर दिए हैं। कोरबा एवं छुरी के गोदामों में छह हजार 255 क्विंटल अमानक चांवल के बदले अच्छी गुणवत्ता के चावल भण्डारित किए जाएंगे। जिला प्रशासन द्वारा नान गोदाम में भण्डारित चावल के गुणवत्ता परीक्षण के लिए जांच समिति गठित किया गया है। जांच समिति द्वारा वेयर हाउस कॉर्पोरेशन के कोरबा एवं छुरी के गोदामों में उपलब्ध 59 स्टेकों से चांवल का सैम्पल परीक्षण के लिए लिया गया था। जांच में 54 स्टेक मानक श्रेणी के अंतर्गत पाया गया। पांच स्टेकों में 16 हजार 001 बोरी में उपलब्ध छह हजार 255 क्विंटल चावल में ब्रोकन एवं डिस्कलर की मात्रा निर्धारित मापदण्ड से अधिक पाया गया। परीक्षण के दौरान रिजेक्शन लिमिट वाले पांच स्टेकों के चांवल को संबंधित मिलर से रिप्लेस करवाने के निर्देश जारी किए गए हैं।

स्वर्गीय कष्णा लाल जायसवाल के नाम से जाना जाएगा हायर सेकेंड्री स्कूल

कोरबा/नवप्रदेश। कोरबा शहर के मिशन रोड स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अब कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक स्व. कृष्णा लाल जायसवाल के नाम से जाना जाएगा। राज्य शासन ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं। शासन द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोरबा टीडब्ल्यूडी का नामकरण स्व. कृष्णा लाल जायसवाल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोरबा टीडब्ल्यूडी के नाम से किया गया है। पिछले वर्ष मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कोरबा प्रवास के दौरान राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने स्कूल का नाम स्व. कृष्णा लाल जायसवाल के नाम पर करने की मांग की थी। मुख्यमंत्री ने स्कूल के नाम परिवर्तन पर सहमति जताते हुए स्कूल का नामकरण स्व. कृष्णा लाल जायसवाल के नाम पर कर दिया है। स्व. कृष्णा लाल जायसवाल पूर्व में शिक्षक और कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक पद पर रहकर कोरबा जिले में जनसेवा के लिए समर्पित थे।

सात दिवसीय शिविर ग्राम नंदेली में संपन्न हुआ

सारंगढ़/नवप्रदेश। ब्लाक के ग्राम पंचायत मुड़ियाडीढ आश्रित ग्राम नंदेली में शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सारंगढ़ की एनएसएस इकाई द्वारा ग्राम पंचायत ने सात दिवसीय शिविर लगाया गया जिसमें छात्र छात्राओं के द्वारा ग्राम में साफ-सफाई अभियान चलाया गया। गांव की गलियां, बोरिंग, पानी टंकी, तालाब, पचरी मंदिर आदि की साफ-सफाई की गई तथा ग्राम स्वच्छता साक्षरता बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ नशा मुक्ति जल बचाओ मुद्दा बचत कोरोना टीका छत्तीसगढ़ सरकार की योजना नरवा घुरवा बारी आदि विषयों की प्रचार प्रसार की गई। नाटक गीत संगीत डांस के माध्यम से भी इन योजनाओं को बारे में जानकारी दी गई। उक्त शिविर में छात्र-छात्राएं एवं गांव के गणमान्य नागरिक पंच सरपंच उपस्थित थे।

मुमुक्षुओं की शोभायात्रा निकाल महापूजन सहित अभिनंदन समारोह संपन्न

मुंगेली/नवप्रदेश। जैन आचार्य जिन पीयूष सागर सूरिश्वर महाराज की पावन निश्रा में नगर में मुमुक्षु संयम पारख का तीन दिवसीय संयम अनुमोदना उत्सव विगत दिवस सम्पन्न हुआ। समारोह के तृतीय दिवस मुमुक्षुसंयम के साथ-साथ अन्य मुमुक्षुओं की शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें स्थानीय जैन समाज के अलावा अन्यत्र अनेक सिानों से श्रद्धालुओं का आगमन हुआ। महापूजन सहित अभिनंदन समारोह का आयोजन भी किया गया। शोभायात्रा में सर्वप्रथम इंद्रध्वज, बैंडपार्टी, दो घुड़सवार पारख व पुलकितलोढ़ा, आचार्य प्रवरजिन पीयूस सागर सूरिश्वर एवं मुनिमण्डल, श्रावकवर्ग, भगवानकारथ, साध्वी मण्डल, श्राविका वर्ग, रामधुनीपार्टी, मुमुक्षु संयम पारख की माता विनिता पारख एव परिजन मुमुक्षु संयम जीवन के वस्त्र आदि लेकर चल रहे थे। मुमुक्षु संयम पारख का रथ, मुमुक्षुगण रजत चोपड़ा, भूपेन्द्रजी डाकलिया, देवेन्द्रजी डाकलिया, हर्शित डाकलिया, सपना डाकलिया, महिमा डाकलिया, हिमांषी, मुक्ताजी शामिल रहे।

स्थान-सिान पर दीक्षार्थियों का अभिनंदन किया गया। शोभा यात्रा सदरबाजार स्थित जैन मंदिर से प्रारंभ होकर भ.महावीर स्वामी चौक, परमेश्वरी चैक, महाराणा प्रताप चौक, भ.परशुराम चौक, पुलपारा, भारतीय स्टेट बैंक होते हुए इंदिरा चौक, सिख गुरुद्वारा, कंवरलाल बैद ओसवालभवन, भ. महावीर स्वामी चैक होते हुए पुनः जैन मंदिर पहुंचकर सम्पन्न हुई। बग्गी में सवार होकर वर्शीदान करत हुए लोगों का अभिवादन स्वीकार करते रहे। शोभा यात्रा के आगे-आगे राजस्थान के कलाकारों द्वारा विभिन्न स्थानो पर सुंदर रंगोली का बनाई गई तथा स्थान-सिान पर भगवान के रथ एवं आचार्य प्रवर पर पुष्पवृष्टि की गई।

दोपहर में कंवरलाल बैद ओसवाल भवन में सांझी का आयोजन हुआ।रात्रि में सभी मुमुक्षुओं का अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया जिन्हें जैन समाज मुंगेली की ओर से श्री सुमतिनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों के अलावा, संयम अनुमोदना सुमति, मनोहर महिला मण्डल, साधुमार्गी संघ द्वारा भी सम्मानित किया गया। सभा का संचालन समिति के अध्यक्ष विनय लूनिया ने किया। अभिनंदन समारोह में अंकित बैद चेन्नई ने सुंदर भावगीतों से शमा बांधा। सम्पूर्ण आयोजन में जैन समाज के लोगों ने उत्साह के साथ भाग लिया। जैन समाज की ओर से आयोजन में सहयोग के लिए पुलिस प्रशासन, नगरपालिका परिषद, सहित सभी नगरवासियों एवं विभिन्न संस्थाओं सहित सभी समाज के लोगों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

एडीएम हुए सेवा निवृत्त, कलेक्ट्रोरेट के अधिकारी-कर्मचारियों ने दी विदाई

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला कलेक्ट्रोरेट मुंगेली में पदस्थ अपर कलेक्टर राजेश नशीने अपने शासकीय सेवा काल के अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर 31 दिसम्बर को सेवा निवृत्त हो गए। जिला कलेक्ट्रोरेट स्थित मनियारी सभा कक्ष में आयोजित सादगी पूर्ण कार्यक्रम में श्री नशीने को अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर कलेक्टर ने जिला प्रशासन की ओर से सेवानिवृत्त अपर कलेक्टर को साल, श्रीफल पुष्पगुच्छ व स्मृति चिन्ह भेंट किया। विदाई समारोह को संबोधित करते हुए कलेक्टर वसंत ने कहा कि अपर कलेक्टर शासकीय सेवा में अपनी लम्बी पारी आज पूरी की है और जीवन

के अगले चरण में प्रवेश कर रहे है। उन्होंने एडीएम को अपनी बधाई देते हुए उनके स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि श्री नशीने ने अपने उत्तर दायित्वों को पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन किया है। कार्य के प्रति तत्पर रहने के कारण श्री नशीने की पहचान कर्तव्य निष्ठ अधिकारी के रूप में रही है। श्री नशीने के कार्य अनुभव का लाभ अधीनस्थ अधिकारी-कर्मचारियों को आगे भी मिलता रहेगा और अधिकारी-कर्मचारियों को अपने उत्तर दायित्व के निर्वहन में असानी होगी।

जिले के पुलिस अधीक्षक डी आर आंचला ने भी विदाई समारोह को संबोधित किया। उन्होने कहा कि श्री नशीने मधुर और मिलनसार एवं सहयोगात्मक प्रवृति के अधिकारी हैं। उन्होंने उनके कार्य एवं व्यवहार की प्रशंसा करते हुए कहा कि सभी को उनके अनुभवों का लाभ मिलता रहेगा।

जिला पंचायत के मुख्य कार्य पालन अधिकारी रोहित व्यास ने श्री नशीने को उनके स्वस्थ जीवन के लिए अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि श्री नशीने का शासकीय सेवा में अच्छा अनुभव रहा है। वे किसी भी समस्या का सकारात्मक ढ़ग से समाधान करने में सक्षम थे। वह सभी के लिए अनुकरणीय है। श्री नशीने की अपनापन और आत्मीयता हमेशा अविस्मरणीय रहेगा।

15 से 18 आयु वर्ग के बच्चों को आज से लगेगा कोविड टीका

रायगढ़/नवप्रदेश। वैश्विक महामारी कोविड-19 के बचाव एवं रोकथाम हेतु कोविड-19 टीकाकरण अभियान अंतर्गत 15 से 18 आयु वर्ग के बच्चों को को-वैक्सीन का टीकाकरण जिले के समस्त विकासखण्डों एवं शहरी क्षेत्र में आज से प्रारंभ होगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एसएन केशरी ने सभी अभिभावकों से अपने 15 से 18 वर्ष के बच्चों का कोविड-19 टीकाकरण कराने हेतु अपील किया है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. बीपी पटेल ने बताया कि वे सभी जिनका जन्म वर्ष 2007 या उससे पूर्व है वे सभी पात्र होंगे। लाभार्थी स्वयं को कोविन में पूर्व से उपलब्ध अकाउंट के माध्यम से पंजीकृत कर सकेंगे जिनके पास कोविन में अकाउंट उपलब्ध नही है, वे नये मोबाईल नम्बर का उपयोग कर कोविन में अकाउंट खोल सकेंगे। यह ऑनलाईन पंजीकरण की सेवा 01 जनवरी 2022 से उपलब्ध रहेगा। उक्त लाभार्थी कोविड-19 टीकाकरण केन्द्र के वॉक इन वैरीफायर/वैक्सीनेटर के सहयोग से पंजीकरण कर सकेंगे। अपॉइन्टमेन्ट ऑनलाईन अथवा ऑनसाईट (वॉक इन) माध्यम से बुक किया जा सकेगा। वॉकइन (आनसाइट) की सुविधा उपलब्ध वैक्सीनेशन स्लॉट के आधार पर कराया जाएगा। लाभार्थी अपने सुविधा के अनुसार कोविड-19 टीकाकरण सत्र में स्लॉट की उपलब्धता की जांच कर ले। उक्त अभियान के सफल संचालन हेतु स्वास्थ्य विभाग ने वैक्सीन के भंडारण से लेकर परिवहन तक एवं कोल्ड चैन पाईन्ट से लेकर वैक्सीनेशन साईट तक समस्त तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई है।

विधायक रेखचंद ने प्रयागराज दक्षिण विधानसभा में ली बूथ कमेटी की बैठक

जगदलपुर/नवप्रदेश। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के पर्यवेक्षक विधायक रेखचंद जैन ने करैली में बूथ कमेटियों की बैठक ली।

बैठक में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पर्यवेक्षक जैन ने कहा कि हमारी नेता प्रियंका गांधी जिस तरह से उत्तर प्रदेश के गरीबों, पीड़ितों, मजलूमों और महिलाओं की लड़ाई को लड़ रही हैं। उसे घर-घर तक पहुंचाने की जिम्मेदारी हम सभी की है। आप सभी अभी से अपने अपने बूथों पर लग जाएं, हर बूथ पर कम से कम 20 लोगों को अभी से सक्रिय कर दें जो घर-घर जाकर हर मतदाता से सीधे संपर्क करें। इस अवसर पर बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी विधि विभाग के जिलाध्यक्ष अवधेश झा, प्रयागराज के वरिष्ठ नेता राकेश पाठक, नसीफ अहमद, नसीफ अनवर, हसन हैदर, मो ओवैश, शिव चंद्र कुशवाहा, अब्दुल शकूर, वरिष्ठ नेता सुशील मिश्रा, दिव्य जायसवाल, सलीम उल्ला खान, मो आरिफ, लालचंद, राजेन्द्र प्रसाद, जावेद, मो उस्मान, सोनू समेत नेता कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने दिव्यांग बच्चों को दी नए साल की सौगात

विशेष भत्ते के रूप में 8 लाख 94 हजार 800 रूपए की दी स्वीकृति

कोरबा/नवप्रदेश। कलेक्टर रानू साहू ने जिले के विशेष आवश्यकता वाले दिव्यांग बच्चों को नए साल की सौगात दी है। कलेक्टर ने शिष्यवृत्ति, यात्राभत्ता एवं सहयोगी भत्ता के रूप में दिव्यांग बच्चों के लिए कुल आठ लाख 94 हजार 800 रूपए की राशि स्वीकृत की है। यह राशि दिव्यांग बच्चों के बैंक खातों में सीधे ट्रांसफर की जाएगी। दिव्यांग बच्चों के लिए राशि स्वीकृत हो जाने से उनके पढ़ाई लिखाई और जरूरी ईलाज के काम में सहुलियत होगी। इसके तहत जिले के कुल 465 दिव्यांग बालक-बालिकाएं विशेष भत्ते से लाभान्वित होंगे। यह राशि विशेष आवश्यकता वाले दिव्यांग बालिकाओं को 10 माह का, दृष्टि बाधित एवं अस्थि बाधित बच्चों को छह-छह माह का एक मुश्त प्रदान किया जाएगा। लाभान्वित होने वाले बालक-बालिकाओं में 289 विशेष आवश्यकता वाले दिव्यांग बालिकाएं, 136 अस्थि बाधित दिव्यांग बालक-बालिकाएं एवं 40 पूर्ण दृष्टि बाधित दिव्यांग छात्र-छात्राएं शामिल हैं। जिला शिक्षा अधिकारी जीपी भारद्वाज ने बताया कि विशेष आवश्यकता वाले दिव्यांग बालिकाओं के शिक्षा प्रोत्साहन के लिए प्रत्येक दिव्यांग बालिकाओं को 200 रूपए प्रतिमाह की दर से कुल दस माह का भत्ता एक मुश्त दो हजार रूपए दिया जाएगा। इसके लिए जिले के कुल 289 दिव्यांग बालिकाओं को शिष्यवृत्ति देने के लिए कुल पांच लाख 78 हजार रूपए की राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार कमर के निचले हिस्से से ग्रसित अस्थि बाधित दिव्यांग बालक-बालिकाओं के शिक्षा प्रोत्साहन के लिए 300 रूपए प्रतिमाह की मान से छह माह का सहयोगी भत्ता एक मुश्त 1800 रूपए प्रदान किया जाएगा। इसके लिए 136 अस्थि बाधित बालक-बालिकाओं के लिए कुल दो लाख 02 लाख 44 हजार 800 रूपए स्वीकृत की गई है। जिले के पूर्ण रूप से दृष्टि बाधित 40 दिव्यांग बच्चों को यात्रा भत्ता के रूप में शिक्षा प्रोत्साहन के लिए 300 रूपए प्रतिमाह के मान से छह माह का यात्रा भत्ता एक मुश्त 1800 रूपए प्रदान किया जाएगा। इसके लिए कुल 72 हजार रूपए की राशि स्वीकृत की गई है।

होर्डिंग लगाने अनुमति देने के लिए एसडीएम अधिकृत

मुंगेली/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत आम एवं उपनिर्वाचन 2021-2022 हेतु निर्वाचन कार्यक्रम विगत दिनों जारी कर दिया गया है। निर्वाचन कार्यक्रम जारी होने के साथ ही जिले के संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील है। होर्डिंग के माध्यम से भी चुनाव प्रचार-प्रसार किया जाता है। इसे देखते हुए कलेक्टर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत ने संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में विभिन्न स्थानों पर होर्डिंग लगाने हेतु अभ्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत आवेदन पर नियमानुसार अनुमति देने के लिए संबंधित ग्रामीण क्षेत्र के अनुविभागीय दंडाधिकारी को अधिकृत किया है।

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले के छात्रों को मिला 2 गोल्ड, 5 सिल्वर और 3 ब्रांच मैडल

मुंगेली/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के कोटा स्टेडियम खेल संचालनालय परिसर सांइस कॉलेज एवं शारीरिक शिक्षक विभाग पं. रविशंकर शुक्ल विश्व विद्यालय रायपुर में विगत दिनों आयोजित राज्य स्तरीय खेल, सांस्कृतिक एवं बौद्धिक प्रतियोगिता में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने 02 गोल्ड, 05 सिल्वर और 03 ब्रांच मैडल प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। इसके लिए कलेक्टर ने प्रतिभागियों को अपनी बधाई देते हुए शिक्षा के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में भी आगे बढ़ने के लिए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। एकलव्य आदर्श

आवासीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के लिए राज्य स्तरीय खेल सांस्कृतिक एवं बौद्धिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बंधवा के प्राचार्य ने बताया कि कलेक्टर के मार्ग दर्शन में जिले के विकास खण्ड लोरमी के ग्राम बंधवा में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के 15 सदस्य टीम ने राज्य स्तरीय खेल, सांस्कृतिक एवं बौद्धिक प्रतियोगिता में शामिल हुए। इस टीम द्वारा प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विभिन्न मेडल जीतकर जिले को गौरवान्वित किया। उन्होंने बताया कि उदित ध्रुवे ने पैदल चाल अंडर 14 में व मंजिता ध्रुव शास्त्रीय एकल नृत्य अंडर 19 में प्रथम स्थान अर्जित कर गोल्ड मैडल अपने नाम किया। प्राची धुर्वे, जमुना पेन्दो, निशा ध्रुव, बिजेश्वरी ध्रुव ने रिले रेस 4 गुणा 100 अंडर 19 में द्वितीय स्थान अर्जित कर सिल्वर मैडल प्राप्त किया। इसी क्रम में प्राची धुर्वे 100 मीटर रेस व लम्बीकूद अंडर 19 में द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त कर सिल्वर व ब्रांच मैडल हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। जमुना पेन्दो 800 मीटर रेस व अनामिका ध्रुव भाषण प्रतियोगिता अंडर 19 में तृतीय स्थान अर्जित कर ब्रांच मैडल अपने नाम किया।

कोरोना संक्रमण की वजह से मड़ाई मेला का आयोजन किया गया स्थगित

सारंगढ़/नवप्रदेश। नगर से 5 किलोमीटर दूर ग्राम सुलोनी में आयोजित विशाल मड़ाई मेला 2 जनवरी को छत्तीसगढ़ के लगभग आधा दर्जन मंत्रियों एवं विधायकों की

उपस्थिति में प्रारंभ होने वाला था, लेकिन रायगढ़ जिले में पिछले कुछ दिनों से कोरोना संक्रमितों की संख्या बढ़ी है। उसे देखते हुए इस मेला को स्थगित करने का फैसला किया गया। बता दें कि इस मेला को लेकर गांव में एवं आसपास के अंचल में काफी उत्साह था। 2 जनवरी रविवार को यह मेला भव्य प्रारंभ होना था लेकिन गांव के ही एक स्वास्थ्य कर्मी के कोरोना पॉजिटिव आ जाने से। यह मेला निरस्त करना पड़ा। 1 जनवरी की शाम तक तमाम आला अधिकारियों के साथ बैठक कर अंतिम तक दम तक मेला करवाने की कोशिश की गई लेकिन कोरोना वायरस बढ़ती रफ्तार को देखकर जिला प्रशासन एवं सारंगढ़ प्रशासन ने इस मेले की अनुमति नहीं दी। इस मेले को लेकर सारी तैयारियां पूर्ण हो चुकी थी। मनोरंजन के लिए क ई किस्म के झूले एवं अन्य मनोरंजन के साधन आ चुके थे साथ ही मड़ाई मेला में भाग लेने के लिए यादव समाज के छत्तीसगढ़ के कई कोने-कोने से प्रतिभागी भाग लेने पहुंच चुके थे, जिन्हें निराश होकर वापस लौटना पड़ा।

भाजपा ने की कालीचरण के रिहाई की मांग

■ भाजपा का राज्य सरकार पर जमीन हेरा फेरी का आरोप, दावते इस्लामी पर सवाल

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर राज्य सरकार पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि राज्य सरकार का दोगलापन उजागर हो गया है। सरकार अपने लोगों को जमीन देने में आनाकानी कर रही है लेकिन पाकिस्तान में रजिस्टर्ड संस्था को जमीन देने के लिए राज्य सरकार को ऐतराज नहीं है।

बृजमोहन अग्रवाल ने जमीन को लेकर हेरा फेरी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि 'दावते इस्लामी' संस्था को प्रदेश सरकार जमीन दे रही है जिसके लिए संस्था को 25 एकड़ ज़मीन देने के लिए बाकायदा इश्तिहार छपा है और इसके लिए दावा आपत्ति भी मांगी गई है। जबकि ऐसे 5 हज़ार आवेदन हैं, जिन्होंने सामुदायिक भवन के लिए जमीन मांगी है। लेकिन ऐसे लोगों को 750 फीट से ज़्यादा ज़मीन नहीं दिए जाने की बात सरकार कर रही है। जो साफ तौर पर दोगलापन को दर्शाता है।

अग्रवाल ने कहा कि ये संस्था मौलाना इलियाज क़ादरी की है, जिसने वर्ष 2020 में जमीन के लिए आवेदन किया था। इस संस्था का पाकिस्तान से क्या सम्बंध है, इस पर भाजपा जवाब चाहती है। उन्होंने कहा कि ये संस्था भारत में आतंकवाद और धर्मांतरण फैलाने का काम करती है।

धर्म संसद था प्रायोजित

बृजमोहन ने राजधानी में आयोजित धर्म संसद को कांग्रेस प्रायोजित करार दिया। साथ ही उन्होने कहा कि कांग्रेस ने कवर्धा की घटना से उबरने ये आयोजन किया था। इस धर्म संसद में कांग्रेस के लोग ही कर्ता धर्ता थे। लेकिन धर्म से जुड़ा आयोजन होने के कारण ही भजप्प के लोग भी इसमें शामिल हुए थे। धर्म संसद में कालीचरण महाराज के दो दिनों तक बोलने के बाद भी उन्हें बोलने का मौक़ा दिया गया। इससे साफ जाहिर है कि ये पूरी तरह से प्रायोजित है।

गिरफ्तारी पर निशाना

विधायक बृजमोहन अग्रवाल की माने तो कालीचरण की गिरफ्तारी गांधी जी के विचारों के विरुद्ध है। यदि गांधी के विचारों की हत्या कोई कर रहा है तो वह कांग्रेस पार्टी कर रही है। उन्होंने कहा कि कालीचरण का ऐसा बयान पहली दफे नहीं था, उनके यूट्यूब चैनल पर ऐसे बयान भरे पड़े हैं। जिन लोगों ने पुरानी बस्ती कैंपस में ये कहा था कि संविधान को जला देंगे उनके विरुद्ध राष्ट्रद्रोह का मामला क्यों दर्ज नहीं किया गया?

रिहाई की उठी मांग

बृजमोहन ने कहा कि महात्मा गांधी पर की गई टिप्पणी उचित नहीं, लेकिन रात के अंधेरे में पुलिस ने पकड़ा ये अनुचित है। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में बड़ी-बड़ी डकैती हुई. अपहरण हुए, नक्सल घटनाएं घटी, लेकिन रात के अंधेरे में कब गिरफ्तारियां की गई। छत्तीसगढ़ में आपराधिक गतिविधियां हो रही हैं, उनमें एक वर्ग विशेष के लोग शामिल हो रहे हैं। राज्य में यदि कानून व्यवस्था को बनाए रखना है, तो भारतीय जनता पार्टी मांग करती है कि कालीचरण को तुरंत रिहा किया जाए। बीजेपी शुरू से इस कार्रवाई के विरोध में है।

न्यूज गैलरी

मुख्यमंत्री ने अस्पताल पहुंचकर अर्जुन हिरवानी के स्वास्थ्य की ली जानकारी

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रविवार सवेरे रायपुर के नारायणा अस्पताल पहुंचकर वहां इलाज के लिए भर्ती साहू समाज के प्रदेश अध्यक्ष अर्जुन हिरवानी से मुलाकात कर उनका हाल-चाल जाना। मुख्यमंत्री बघेल ने हिरवानी के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार विनोद वर्मा भी उपस्थित थे।

ट्रक की चपेट में आने से दंपती की मौत,चालक के खिलाफ अपराध दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। टाटीबंध चौक पर फिर सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो जाने की रिपोर्ट आमानाका थाने में दर्ज कराई गई है।

अटल आवास डुमरतालाब रायपुर का निवासी ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि 31 दिसंबर को दोपहर 1.30 बजे प्रार्थी आटो से आ रहा था तभी मुरगन ट्रांसपोर्ट के सामने रिंग रोड नंबर - 1, टाटीबंध चौक पर टीव्हीएस एक्सल सवार दंपती को तेज रफ्तार वाहन ट्रक कंटेनर क्रमांक एनएल 01 एल 9588 का चालक ने पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। मोपेड सवार दोनों व्यक्ति प्रार्थी के मोहल्ले के पति/पत्नी महादेव झांकर तथा पार्वती झांकर थे। मृतक के परिवार वाले बाहर रहने से घटना की जानकारी अवगत कराने के बाद घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई गई है। पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफधारा 279,304 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मर्ग कायम कर लिया है।

जुआ खेलते 4 आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। जुआ खेलते पाए जाने पर पुलिस ने 4 लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से ताश की 52 पत्ती तथा नगदी रुपये जब्त की है। मिली जानकारी के मुताबिक बीती रात टिकरापारा थाना पुलिस ने पेट्रोलिंग के दौरान जुआ खेलने की सूचना मिलने पर गभरा पारा स्कूल के पास बिजली खम्भा के नीचे टिकरापारा में जुआ खेलते 4 लोगों को घेराबंदी कर पकड़ा। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से नगदी 1250 रुपये व ताश की 52 बरामद की है। सभी के खिलाफ जुआ एक्ट की धारा 13 के तहत कार्रवाई की गई है।

रायपुर में एक दिन में 73 नए मरीज मिले

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में एकाएक संक्रमित मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हुई। शनिवार को जारी मेडिकल बुलेटिन के अनुसार रायपुर में सबसे ज्यादा 73 नए मरीज मिले। जिसके बाद अब रायपुर में सक्रिय मरीजों की संख्या बढ़कर 216 हो गई है।

जानकारी के अनुसार आईआईटी भिलाई के सेजबहार कैंपस कोरोना का हॉटस्पॉट बना हुआ है। यहां दो दिन में ही 10 छात्र पॉजिटिव मिले है। बताया जा रहा है कि जितने छात्र पॉजिटिव पाए गए हैं ज्यादातर बाहर से आए हुए हैं। वहीं अन्य 26 की हिस्ट्री निकाली जा रही है। संक्रमित में 18 साल से नीचे के 11 बच्चे भी शामिल है। इधर रायगढ़ और बिलासपुर में कोरोना मरीजों की रफ्तार बढ़ गई है। शनिवार को बिलासपुर में 58, रायगढ़ में 50 मरीज नए मरीज मिले। वहीं प्रदेश भर में अब एक्टिव मरीजों की संख्या 1017 हो गई है। शनिवार को रायपुर में एक संक्रमित मरीज की मौत हो गई।

आदित्य की अक्षय ऊर्जा पर बनाई पेंटिंग राष्ट्रीय स्तर पर हुई पुरस्कृत

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर के आरडी तिवारी आत्मानंद विद्यालय के कक्षा दसवीं के छात्र आदित्य चौरसिया द्वारा ऊर्जा पर बनाई गई पेंटिंग छत्तीसगढ़ राज्य से नेशनल स्तर पर चयनित एवं पुरस्कृत हुई है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए राष्ट्रपति द्वारा आदित्य चौरसिया को जनवरी माह में विज्ञान भवन नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में पुरस्कृत एवं सम्मानित किया जाएगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से आज शाम उनके निवास कार्यालय में अपने माता-पिता के साथ छात्र आदित्य चौरसिया ने सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की नेतृत्व वाली छत्तीसगढ़ सरकार के तीन वर्ष के कार्यकाल पर बनाई गई पेंटिंग भी भेंट की। मुख्यमंत्री ने भारत सरकार के ऊर्जा मंत्रालय द्वारा छत्तीसगढ में आयोजित राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने के साथ ही 50 हजार रूपये का पुरस्कार जीतने पर बधाई और शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए आदित्य चौरसिया की पेंटिंग का राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होना, राज्य के लिए गौरव की बात है। आदित्य की इस उपलब्धि से छत्तीसगढ़ राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित हुआ है।

विप्र समाज सेवा के तत्वधान में छह दिवसीय सत्संग

■ प्रेम में ही परमात्मा का स्थान : स्वामी कृष्णानंद महाराज

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर जिले के तिल्दा नेवरा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गौखेड़ा सद्गुरु धाम आश्रम में सद विप्र समाज सेवा के तत्वधान में चल रहे छह दिवसीय सत्संग में सद्गुरु स्वामी कृष्णानंद जी महाराज प्रवचन देने पहुंचे। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में भक्त मौजूद रहे और महाराज के सानिध्य का लाभ उठया।

प्रथम संध्या पर सद्गुरु स्वामी श्री कृष्णानंद जी महाराज ने प्रवचन के मध्य में बताया कि वर्तमान समय में समस्याओं का कारण यह है, कि हम ह्रदय शुन्य हो गए हैं। प्रेम शुन्य हो गए हैं। ह्रदय जोड़ता है। मस्तिष्क तोड़ता है। जीवन में प्रेम की उपलब्धि के लिए हमें सदगुरुदेव की शरण जाना होगा वह प्रेम किसी खेत की उपज नहीं है ना तो बाजार में मिलने वाली वस्तु है सच्चा प्रेम तो हम समय सद्गुरु के शरण में अपने अहंकार रूपी मस्तिष्क को त्यागकर प्राप्त कर सकते हैं।

उन्होंने कहा अहंकार को त्यागकर मानव मात्र उसको प्राप्त करने का अधिकारी है। भगवान श्री कृष्ण ने गीता में इशारा करते हैं कि मैं ह्रदय देश में निवास करता हूं। स्वामी जी ने बताया कि कोई

सद्‌गुरु स्वामी श्री कृष्णानंद जी महाराज पहुंचे

किसी का शत्रू मित्र नहीं है, सभी परमात्मा के बनाए हुए चाल चरित्र पर अभिनय करते हैं। और अवधि समाप्त होने पर चले जाते हैं ,राम रावण भी उसी अभिनय के पात्र थे। हमें सृजन का सहयोग करना चाहिए उन्होंने कहा संकल्प वान व्यक्ति ही जीवन में सफ्ल होता है ।संकल्प हीन के लिए ना इस लोक में कुछ है ना परलोक में कुछ है।

दिल्ली से पधारी कथावाचक श्री मां आदिश्री ने शंकर पार्वती संवाद के माध्यम से मां पार्वती को अमर कथा भगवान शंकर से प्राप्त हुआ और कैसे वह भगवती पार्वती आदि शक्ति का अवतार हुई इस रहस्य पर उन्होंने अपनी वाणी के माध्यम से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कैसे हम समय के सद्गुरु के माध्यम से ब्रह्म प्राप्ति के रहस्य को जान सकते हैं और नर से नारायण बनना और नारी से नारायणी बनने का विधि प्राप्त कर सकते हैं।

आचार्य संतोष शर्मा ने बताया कि सदगुरुदेव जी के द्वारा प्रतिपादित दीप गुप्त विज्ञान प्रशिक्षण साधना शिविर समग्र छत्तीसगढ़ वासियों के सहयोग से साल में दो बार आयोजन किया जाता है। जो प्रथम जनवरी माह में दूसरा गुरु पूर्णिमा के अवसर पर आयोजन होता है जिसमें छत्तीसगढ़ के साथ-साथ विभिन्न राज्यों से साधक साधिका आते हैं और यहां पर साधना , प्रार्थना पद्धति का प्रशिक्षण दिया जाता है। आज सभी अपने जगह पर कार्य पर सफ्ल है। दिव्य गुप्त विज्ञान सर्व समस्याओं का हल है रोग शोक,व्याधि लाइलाज बीमारी व्यापार में बरकत लक्ष्मी प्राप्ति कहां जाएं यह आपकी कामनाओं को पूर्ण नहीं करने वाली साक्षात कामधेनु गाय है।

ओमिक्रान के उपचार के लिए स्वास्थ्य विभाग ने बदलीं दवाइयां

■ मरीजों को मिलेगी अब 5 टेबलेट

रायपुर/नवप्रदेश। कोरोना के नए वैरिएंट ओमिक्रोन को लेकर खतरे की घंटी बज रही है। इस बीच स्वास्थ्य विभाग ने पांच नई दवाइयां ही कोरोना के मरीजों को देने के लिए गाइडलाइन तय की है।

रायपुर की सीएमएचओ डा. मीरा बघेल ने बताया कि अब पैरासीटामाल, विटामिन सी, विटामिन बी कांप्लेक्स, सेट्रीजिन और पेंटासिड ओमिक्रोन कोरोना के मरीजों के लिए इस्तेमाल की जाएगी। बता दें कि इसके पहले कोरोना मरीजों के इलाज में इस्तेमाल हो रही दवाइयां जैसे आइवर मेक्टिन, रेमडेशिविर इंजेक्शन, एंटीवाटिक दवाइयों का इस्तेमाल अब नहीं होगा।

माना और जिला अस्पताल कोविड के अस्पताल तय

कलेक्टर सौरभ कुमार ने कोरोना वायरस और इसके नए वैरिएंट ओमिक्रोन के संक्रमण के प्रभावी नियंत्रण और रोकथाम को दृष्टिगत रखते हुए जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में जिले में कोरोना पाजिटिव प्रकरणों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। इसके लिए यह आवश्यक है कि लोग कोविड से बचने के लिए नियमों का पालन करते रहें। उन्होंने एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन, मार्केट एरिया और अस्पतालों में ओपीडी में आने वालों सहित भीड़ भाड़ वाली प्रमुख जगहों में कोविड टेस्टिंग बढ़ाने के निर्देश दिए।

क्वारंटाइन के लिए फुंडहर में सेंटर

कलेक्टर ने कहा कि वर्तमान में लक्षण रहित ऐसे मरीज, जो घर में परिवार से अलग रहना चाहते है, उनके लिए फुं डहर कोविड सेंटर को पुनः शुरू किया जा रहा है। इसी तरह प्रथम चरण में माना और जिला चिकित्सालय पंडरी को कोविड अस्पताल के रूप में संचालित किया जाएगा। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के अफसरों को निर्देशित किया है कि कोरोना टेस्टिंग एवं इसकी रिपोर्ट, बिस्तर की उपलब्धता, कंटेनमेंट जोन, ट्रेसिंग से छूटने वाले लोगों की जानकारी प्रतिदिन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

बीरगांव नगर निगम में 4 जनवरी को होगा महापौर और सभापति का चुनाव

रायपुर/नवप्रदेश। बीरगांव नगर पालिक निगम के नवनिर्वाचित पार्षदों के शपथ व महापौर, सभापति एवं अपील समिति के सदस्यों का निर्वाचन हेतु प्रथम सम्मिलन का कार्यकम 4 जनवरी को होगा। नवनिर्वाचित पार्षदों का शपथ ग्रहण सुबह 10:30 बजे से 11:30 तक सभागृह बीरगांव नगर पालिक निगम में होगा। महापौर के निर्वाचन हेतु नाम निर्देशन पत्रों की प्रस्तुति सुबह 11.30 बजे से दोपहर 12 तक की जाएगी। नाम निर्देशन की सूक्ष्म जांच एवं आपत्तियों पर दोपहर 12 से 12.15 तक विनिश्चयन किया जाएगा। यदि आवश्यक हुआ तो मतदान दोपहर 12.15 बजे से 1 बजे तक और मतगणना एवं परिणाम की घोषणा दोपहर 1 बजे से 1.30 बजे तक किया जाएगा। इसी तरह सभापति के निर्वाचन हेतु नाम निर्देशन पत्रों की प्रस्तुति दोपहर 2 बजे से दोपहर 2.30 तक तथा नाम निर्देशन की सूक्ष्म जांच एवं आपत्तियों का दोपहर 2.30 से 2.45 तक विनिश्चय बीरगांव नगर पालिक निगम में किया जाएगा। यदि आवश्यक हुआ तो मतदान दोपहर 2.45 बजे से 3.30 बजे तक तथा मतगणना एवं परिणाम की घोषणा दोपहर 3.30 बजे से शाम 4 बजे तक किया जाएगा। अपील समिति का निर्वाचन सभापति के निर्वाचन के तत्काल पश्चात किया जाएगा।

मुख्यमंत्री राज्य के आगामी मुख्य बजट की तैयारी को लेकर 10 से करेंगे चर्चा

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ राज्य के वर्ष 2022-23 के मुख्य बजट एवं नवीन मद प्रस्ताव पर मंत्रीगणों से चर्चा करेंगे। बजट तैयारी पर यह मंत्री स्तरीय चर्चा मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में 10 से 12 जनवरी तक होगी।

वित्त विभाग मंत्रालय द्वारा जारी शेड्यूल के अनुसार 10 जनवरी को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पूर्वान्ह 11 बजे से मंत्री अमरजीत भगत से संबंद्ध विभागों के बजट की तैयारी पर चर्चा करेंगे। मुख्यमंत्री दोपहर 12 बजे से मंत्री जयसिंह अग्रवाल, दोपहर एक बजे से मंत्री उमेश पटेल, अपरान्ह 3 बजे से मंत्री अनिला भेड़िया एवं 4 बजे से मंत्री गुरु रूद्र कुमार से संबंद्ध विभागों के बजट तैयारी एवं नवीन मद प्रस्ताव पर चर्चा करेंगे। इसी तरह मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा 11 जनवरी को पूर्वान्ह 11 बजे से मंत्री कवासी लखमा, दोपहर 12 बजे से मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, दोपहर 1 बजे से मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया तथा अपरान्ह 3 बजे से मंत्री मोहम्मद अकबर से संबंद्ध विभागों के बजट तैयारी पर चर्चा की जाएगी। 12 जनवरी को पूर्वान्ह 11 बजे से मंत्री रविन्द्र चौबे, दोपहर 12 बजे से मंत्री टी.एस. सिंहदेव, दोपहर 1 बजे से मंत्री ताम्रध्वज साहू तथा अपरान्ह 3 बजे मुख्यमंत्री अपने विभागों के बजट तैयारी पर चर्चा करेंगे।

व्यापमं की परीक्षा की बड़ी लापरवाही उजागर

■ अभ्यर्थियों के एडमिड कार्ड में लिखा गलत एड्रेस, कई आवेदक हुए परीक्षा से वंचित

रायपुर/नवप्रदेश। व्यापमं द्वारा रविवार को आयोजित जेष्ठ संपरीक्षक और सहायक संपरीक्षक परीक्षा में शामिल होने आए अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र पर परीक्षा केंद्र का गलत पता दर्ज होने से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई आवेदक परीक्षा देने से ही वंचित हो गए।

जिस केंद्र पर परीक्षा केंद्र बनाया गया था, वहां पहुंचने पर उन्हें बताया गया कि दूसरे केंद्र पर परीक्षा होगी। इसके कारण कई परीक्षार्थियों की परीक्षा ही छूट गई। परीक्षार्थियों ने बताया कि प्रवेश पत्र बिरगांव का स्कूल दर्ज है, लेकिन अचानक परीक्षा केंद्र रावाभाटा में कर दिया गया है। परीक्षार्थियों ने कहा बिरगांव से रावाभाटा की दूरी अधिक होने से समय से परीक्षा केंद्र तक पहुंच नहीं पाए

कई छात्र छात्रों की परीक्षा छूटी

बिरगांव से रावाभाटा की दूरी को परीक्षार्थियों ने जीपीएस में देखा तो दूरी 5.2 किमी दिख रही थी। गौरतलब है कि सर्वर डाउन रहने से इसी परीक्षा के लिए व्यापमं ने आनलाइन फार्म भरने की तिथि बढ़ाई थी। वहीं जो परीक्षार्थी केंद्र तक पहुंच चुके थे, वहां कमरा नंबर के लिए कोई सूचना पट्टिका नहीं लगाई गई थी।

विरोध के बाद कंप्यूटर से प्रिंट कर आनन फानन में रोल नंबर के अनुसार कमरा नंबर को चिपकाया गया। वहीं बिरगांव से रावाभाटा केंद्र होने से 150 परीक्षार्थियों में 70 परीक्षार्थी परीक्षा नहीं दे सके। कॉलेज की प्रिंसिपल प्रीति तिवारी का कहना है कि जहां परीक्षा केंद्र है वह रावा भाठा क्षेत्र है।

इसकी जानकारी पहले ही कोऑर्डिनेटर को दी गई थी, कालेज का नाम बिरगांव है, इसलिए अभ्यर्थियों को दिक्कत न हो इसलिए जानकारी दे दी गई थी।

कार्यशाला ज्ञानार्जन के साथ विद्यार्थियों को रोजगार अर्जन के भी योग्य बनाये कृषि शिक्षा प्रणाली : राज्यपाल उइके

राज्यपाल ने छग कृषि शिक्षा प्रणाली पर राष्ट्रीय कार्यशाला का किया शुभारंभ

■ कृषि विश्वविद्यालय के अनुसंधान कार्यों एवं विकास गतिविधियों का लिया जायजा

■ नई कृषि शिक्षा प्रणाली पर विशेषज्ञों ने किया विचार-मंथन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने कहा है कि राज्य की कृषि शिक्षा प्रणाली ऐसी होनी चाहिए जो विद्यार्थियों को कृषि एवं संबंधित विषयों के ज्ञानार्जन के साथ ही रोजगार-व्यवसाय अर्जन के योग्य बनाये। उन्होंने कहा कि देश की नवीन शिक्षा नीति के अनुरूप कृषि शिक्षा प्रणाली में भी उद्यमिता विकास पर अधिक ध्यान दिया जाना चाहिए और यह प्रयास किया जाना चाहिए कि कृषि स्नातक अथवा स्नातकोत्तर विद्यार्थी अपनी आजीविका हेतु केवल नौकरी पर आश्रित न रहें बल्कि स्वयं का व्यवसाय स्थापित कर अन्य लोगों को रोजगार प्रदान करने में समर्थ बन सकें। सुश्री उइके आज यहां इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर में ''राष्ट्रीय कृषि शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप छत्तीसगढ़ कृषि शिक्षा प्रणाली'' विषय पर आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारंभ कर रहीं थीं। उन्होंने इस अवसर पर विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित कृषि पंचांग-2022, कृषि ई-पंचांग एवं विश्वविद्यालय के अन्य प्रकाशनों का विमोचन किया। सुश्री उइके ने यहां इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित विभिन्न कृषि महाविद्यालयों, अनुसंधान प्रक्षेत्रों, उत्कृष्टता केन्द्रों तथा कृषि विज्ञान केन्द्रों द्वारा आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया,

जहां कृषि विश्वविद्यालय द्वारा विकसित नवीनतम कृषि प्रौद्योगिकी, अनुसंधान कार्यों तथा जैव विविधता को प्रदर्शित किया गया। प्रदर्शनी में विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केन्द्रों के मार्गदर्शन में कार्य कर रहे स्व-सहायता समूहों के उत्पादों एवं मार्केटिंग मॉडल को भी प्रदर्शित किया गया था। राज्यपाल ने कृषि विश्वविद्यालय परिसर में त्रि-स्तरीय कृषि पद्धति, अक्ति जर्मप्लाज्म संग्रहालय सहित अन्य विकास गतिविधियों का जायजा लिया।

राज्यपाल सुश्री उइके ने अपने संबोधन में सभी उपस्थित जनों को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय परिसर में संचालित अनुसंधान एवं विकास कार्यों को देखकर उन्हें सुखद अनुभुति हुई। उन्होंने कहा कि अक्ति जर्मप्लाज्म संग्रहालय में धान की 24 हजार से अधिक धान की परंपरागत प्रजातियों के बीजों को देखकर उन्हें सुखद आश्चर्य हुआ। यहां धान के साथ-साथ अलसी और तिवड़ा की प्रजातियों के जननद्रव्य का संग्रहण एवं संरक्षण बहुत अच्छी तरह किया गया है। उन्होंने कहा कि कृषि विश्वविद्यालय द्वारा किसानों के हित में अनेक नवीन अनुसंधान किये जा रहे हैं तथा कृषकोपयोगी नवीन कृषि प्रौद्योगिकी विकसित की जा रही है। सुश्री उइके ने कहा कि कृषि विज्ञान केन्द्रों के माध्यम से इन नवीन कृषि प्रौद्योगिकी को किसानों के खेतों तक प्रसारित किया जा रहा है तथा कृषि विज्ञान केन्द्रों के मार्गदर्शन में कृषक उत्पादक संगठन एवं महिला स्व-सहायता समूह गठित कर उन्हें रोजगारमूलक गतिविधियों से जोड़ा जा रहा है, यह बहुत ही सराहनीय कार्य है।

संपादकीय

प्रलोभन परोसने की होड़

उत्तर प्रदेश, पंजाब सहित जिन पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। वहां राजनीतिक पार्टियों में मतदाताओं को प्रलोभन परोसने की होड़ लग गई है। अभी तक चुनाव की तिथि घोषित नहीं हुई है। इसके बावजूद सभी राजनीतिक दल वोट कबाड़ने की जुगत में लग है। मतदाताओं का मन मोहने के लिए सभी एक से बढ़कर एक लोक लुभावन घोषणाएं कर रहे हैं। लगभग सभी पार्टियों ने किसानों का कर्जा माफ करने और किसानों को मुफ्त बिजली देने की घोषणा कर दी है। अब तो घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं को भी 100 यूनिट से 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली देने की घोषणा की जा रही हैं। गौरतलब है कि मुफ्त बिजली और पानी का फार्मूला अपना कर आम आदमी पार्टी ने नई दिल्ली में प्रचंड बहुमत से अपनी सरकार बनाई थी। इसी के बाद से सभी पार्टियां अरविंद केजरीवाल का अनुशरण करने लगी है। नई दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पंजाब, गोवा और उत्तर प्रदेश में भी दिल्ली का फार्मूला लागू करते हुए 300 यूनिट बिजली फ्री देने की तथा बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान करने की घोषणा की है। इसी का असर यह हुआ है कि अब उत्तर प्रदेश में भी समाजवादी पार्टी ने सभी किसानों को मुफ्त बिजली देने और घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं को 300 यूनिट तक निःशुल्क बिजली देने का एलान किया है। इस बीच अरविंद केजरीवाल ने पंजाब और गोवा की हर महिला को प्रतिमाह एक हजार रुपए देने की भी घोषणा कर दी है। देखना दिलचस्प होगा कि नोट देकर वोट कबाड़ने की उनकी इस कवायद का कौन-कौन सी पार्टी अनुशरण करती है। दरअसल अब राजनीतिक पार्टियों ने सत्ता हासिल करने के लिए इस तरह के प्रलोभन परोसना इसलिए शुरू कर दिया है क्योंकि उनके पास विकास का कोई विजन नहीं होता है। मतदाताओं को इस तरह के प्रलोभन परोसना अनैतिक है। समझ में नहीं आता कि चुनाव आयोग इस तरह की घोषणाओं पर रोक क्यों नहीं लगा पा रहा है। यह तो सीधे-सीधे वोट की खरीद फरोख्त है। मुफ्त खोरी को बढ़ावा देकर राजनीतिक पार्टियां एक निहायत गलत परंपरा को आगे बढ़ा रही है। चुनाव आयोग को चाहिए कि वह इस तरह की घोषणाओं पर ततकाल रोक लगाए।

विचार

इत्र की बदबू: राष्ट्रीय शिष्टाचार

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

इत्र से कितनी बदबू फैल सकती है, यह दुनिया को पहली बार पता चला। कन्नौज के इत्रवाले दो जैन परिवारों पर पड़े छापों ने इत्र के साथ उत्तरप्रदेश की राजनीति की बदबू को भी उजागर कर दिया है। सच्चाई तो यह है कि इन छापों ने भारत की सारी राजनीति में फैली बदबू को सबके सामने फैला दिया है। 22 दिसंबर को जब पीयूष जैन के यहां छापा पड़ा तो उसमें 197 करोड़ रु., 26 किलो सोना और 600 किलो चंदन पकड़ा गया और पीयूष को जेल में डाल दिया गया। सारे खबरतंत्र से यह प्रचारित किया गया कि यह छापा समाजवादी पार्टी के कुबेर के संस्थानों पर पड़ा है। दूसरे शब्दों में यह पैसा अखिलेश यादव का है। कानपुर की एक सभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने विरोधियों पर हमला करते हुए कहा कि यह भ्रष्टाचार का इत्र है। इसकी बदबू सर्वत्र फैल गई है। यह बदबू 2017 के पहले फैली थी। तब तक अखिलेश उप्र के मुख्यमंत्री थे लेकिन अखिलेश ने कहा कि यह छापा गलतफहमी में मार दिया गया है। दो जैनों में सरकार भ्रमित हो गई। पीयूष जैन का समाजवादी पार्टी से कोई लेना-देना नहीं है। सरकार ने पुष्पराज जैन की जगह गलती से पीयूष जैन के यहां छापा मार दिया। अब सरकार ने पुष्पराज जैन के यहां भी छापा मार दिया है। अखिलेश का मंतव्य है कि पीयूष के यहां से निकला धन भाजपा का है तो भाजपा नेताओं का कहना है कि पुष्पराज तो समाजवादी पार्टी के विधायक हैं। उनके यहां जो भी काला धन पकड़ाएगा, वह सपा का ही होगा। यदि अखिलेश पहले छापे का मजाक नहीं उड़ाते तो शायद उनके जैन पर दूसरा छापा नहीं पड़ता लेकिन अब भाजपा ने हिसाब बराबर कर दिया है। इन छापों से हमारे सभी नेताओं की छवि खराब होती है। जनता को लगता है कि ये सभी भ्रष्ट हैं। इनमें से कोई दूध का धुला नहीं है। चुनावों के मौसम में की जा रही इस छापामारी से सत्तारुढ़ दल की छवि भी चौपट होती है। अपने विरोधियों को बदनाम और तंग करने के लिए ही ऐसे छापे इस समय मारे जाते हैं। पिछले कई साल से सरकार को लकवा क्यों हुआ पड़ा था? इसके अलावा ये छापे उसी राज्य में क्यों पड़ रहे हैं, जिसमें चुनाव सिर पर हैं? क्या भाजपा को हार का डर सता रहा है? यदि देश में अर्थ-शुद्धि करनी है तो ऐसे छापे सबसे पहले सरकारों को अपने ही पार्टी-नेताओं पर मारने चाहिए, क्योंकि उनके पास शुद्ध हरामखोरी का ही पैसा जमा होता है। उद्योगपति और व्यापारी तो अपनी बुद्धि और मेहनत से पैसा कमाते हैं, ये बात अलग है कि उनमें से कई टैक्स-चोरी करते हैं। इन छापों ने यह भी सिद्ध किया है कि मोदी सरकार की नोटबंदी की नाक कट गई है। नोटबंदी के बावजूद यदि करोड़ों-अरबों रु. इत्रवालों के यहां से नकद पकड़े जा सकते हैं तो बड़े-बड़े उद्योगपतियों और व्यापारियों ने अपने यहां तो खरबों रु. नकद छिपा रखे होंगे। नेताओं और पैसेवालों की सांठ-गांठ ने ही भ्रष्टाचार को राष्ट्रीय शिष्टाचार बना दिया है।

नर्क से स्वर्ग वापसी का हथकंडा?

विष्णु गुप्त

कश्मीर में भी मुफ्ती मोहम्मद सईद, महबूबा मुफ्ती सईद, फारूख अब्दुला, उमर अब्दुला की सरकारों ने आतंकवादियों के लिए मल्हम नीति लायी थी। मल्हम नीति के तहत हजारों आतंकवादियों की भारत वापसी करायी गयी थी और उन्हें विभिन्न प्रकार की सहायताएं दी गयी थी। इसके अलावा हूर्रियत के जितने भी नेता हैं जो कभी न कभी भारत छोड़कर गये थे और पाकिस्तान की इच्छानुसार भारत में आतंकवाद फैलाया था। हूर्रियत के नेताओं को कष्मीर में सुरक्षित पनहगार दिया गया। पाकिस्तान परस्ती वाले मुस्लिम आतंकवादी यह जानते हैं कि जब वे कमजोर पड़ जायेंगे तो फिर आतंकवाद छोड़ने का नाटक कर मासूम और गुमराह षख्स बन जायेंगे और फिर उनकी सुरक्षित भारत वापसी हो जायेगी। राजिया बीबी के बच्चे पाकिस्तान में पैदा लिये हुए हैं। राजिया बीबी के बच्चे बड़े होंगे तो वे सीधे तौर पर भारत से नागरिकता मांगेंगे।

नर्क से स्वर्ग वापसी। नर्क कौन है और स्वर्ग कौन है, नर्क से स्वर्ग में वापसी किसकी हुई है? नर्क पाकिस्तान है, स्वर्ग भारत है और नर्क से स्वर्ग में वापसी राजिया बीबी की हुई है। यह वापसी सहज है या फिर असहज है, यह वापसी स्वाभाविक है या फिर अस्वाभाविक है, यह वापसी त्रासदीपूर्ण है या फिर हथकंडेपूर्ण है? लेकिन इस तरह की वापसी को लेकर भी बहुत सारी चर्चाएं हो रही हैं और इस तरह की वापसी पर बहुत सारे प्रश्न खड़े किये जा रहे हैं? चर्चाएं और प्रश्न के घेरे में आईएसआई और पाकिस्तान है। इस तरह की वापसी को सधारण वापसी नहीं मानी जा रही है बल्कि एक साजिष के तहत वापसी मानी जा रही है।

अगर एक साजिश के तहत इस तरह की वापसी हो रही है तो यह हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति बहुत बड़े खतरे की सूचक है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि पाकिस्तान और उसकी बदनाम गुप्तचर एजेंसी आईएसआई भारत विखंडन की नीति के तहत विभिन्न प्रकार की साजिषें रचते रहते हैं। जब पाकिस्तान ने सीधे युद्ध और आतंकवाद के माध्यम से भारत विखंडन की नीति में विफल रहा तब पाकिस्तान ने भारत का इस्लामीकरण करने के हथकंडे अपनाये, भारत पर आबादी आक्रमण कराये और अब भारत में अपने खूंखार नागरिकों की वापसी करा रहा है। भारत को सिर्फ मानवीय दृष्टि से देखने की जरूरत नहीं है। भारत को अपनी सुरक्षा की दृष्टि से भी देखने की जरूरत है। भारत को पाकिस्तान मुस्लिम नागरिकों या फिर पाकिस्तान परस्त मुस्लिमों का धर्मषाला नहीं बनने देना चाहिए,भारत को अपनी अर्थव्यवस्था का भार वैसे विदेशियों को कदापि नहीं बनना चाहिए, वैसे पाकिस्तानी नागरिकों को नहीं बनना चाहिए जो भारत को पाकिस्तानी हिंसा से लहूलुहान करने की नीति में षामिल थे।

राजिया बीबी कौन है? राजिया बीबी की भारत वापसी कैसे हुई है? राजिया बीबी का जन्म तो कश्मीर में हुआ। पर उसके माता-पिता राष्ट्रद्रोही निकले, उसके माता पिता भारत विखंडन का स्वाब देखने लगे थे, उसके माता-पिता भारत विखंडन के लिए पाकिस्तान परस्त हो गये थे। जब कोई पाकिस्तान परस्त हो जायेगा तो फिर उसे अपना देश और अपने लोग बूरे लगने लगते हैं। राजिया के माता-पिता की पाकिस्तान परस्ती चरम पर पहुंच गयी और आतंकवादी बनने का स्वाब देखते-देखते पाकिस्तान चले गये थे। उस समय राजिया बीबी की उम्र चार साल थी। जब राजिया बीबी 13 साल की हुई तब उसकी शादी एक आतंकवादी से कर दी गयी। वह आतंकवादी कोई और नहीं बल्कि राजिया बीबी के भाई का ही दोस्त था। भारत विरोधी आतंकवादी को दोस्त बना लेना यह प्रमाणित करता है कि राजिया बीबी के परिजन सीधे तौर पर राष्ट्रद्रोही थे और भारत विरोधी थे। आतंकवादियों की जिंदगी कितने दिनों की होती है? आतंकवादियों की जिंदगी कैसी होती है, यह सब जानते हैं। राजिया बीबी का शौहर एक दिन भारतीय सुरक्षा बलों के द्वारा मारा गया। राजिया बीबी बताती है कि उसके शौहर के मारे जाने के बाद उसे 30 हजार रूपये मिले थे और दो साल तक दस-दस हजार रूपये प्रति महीने मिल रहे थे। दो साल के बाद वे रूपये भी मिलने बंद हो गये थे।

राजिया बीबी कहती है कि उसका जीवन नर्क में बदल गया था, वैसी औरतों के लिए पाकिस्तान नर्क है जिनके शौहर आतंकवादी गतिविधियों में मारे जाते हैं। स्वभाविक तौर पर राजिया बीबी की जिंदगी भी नर्क बनी थी। उसके पास न तो रोजगार था और न ही जीविका का अन्य साधन था। राजिया बीबी के बच्चे भी थे। मुस्लिम औरतें कितनी बच्चे जन्म देती हैं, यह भी स्पष्ट है। राजिया बीबी के सामने बच्चों का पालन करना भी एक समस्या थी। राजिया बीबी कहती है कि उसने अपनी मां की सहायता से पैसे का जुगाड़ किया और भारत आने की सोची। राजिया बीबी पहले पासपोर्ट बनवाती है और उसके बाद कतर जाती है, कतर से नेपाल आती है, नेपाल से भारत में घुसपैठ करती है और कश्मीर पहुंच जाती है। चार दिन थाने में रहने के बाद उसकी जमानत होती है और अब वह आराम से कश्मीर में रह रही है, भारत की सहायता पर पल रही है।

राजिया बीबी की भारत वापसी की कहानी सहज नहीं है, असहज है और बहुत बडे खतरे की घंटी भी है। राजिया बीबी को मालूम था कि वह सीधे भारत नहीं आ सकती है, क्योंकि उसने भारत की नागरिकता खो दी थी और पाकिस्तान की नागरिकता हासिल कर ली थी, उसका आतंकवाद शौहर भी पाकिस्तानी था। भारत आने के लिए उसे वीजे की जरूरत होती और एक आतंकवादी की बीबी और बच्चे को भारत आने का वीजा देने के पहले काफी कुछ सोचना-समझना पड़ता। भारत का वीजा उसे मिलना मुश्किल होता। इसीलिए उसने भारत में घुसपैठ करने की नीति अपनायी। वह साधारण महिला घुसपैठ करने की नीति स्वयं बनायी होगी, यह कहना मुश्किल है। वह पहले कतर जाती है, कतर से नेपाल का विमान पकड़ती है और नेपाल पहुंच जाती है। फिर नेपाल से भारत में घुसपैठ कर जाती है। सिर्फ राजिया बीबी ही ऐसी एक मात्र औरत नहीं है जो अपने आतंकवादी शौहर के मारे जाने के बाद भारत लौटी है। हजारों पाकिस्तान परस्त किसी न किसी बहाने से भारत में वापसी की है।

जानने-समझने की बात यह है कि भारत में आतंकवादियों और विखंडनकारियों की जो घुसपैठ हो रही है उसका माध्यम नेपाल है। नेपाल में विदेशियों का प्रवेश पर कोई वीजा की जरूरत नहीं होती है। इसी का लाभ अब पाकिस्तान परस्त आतंकवादी उठा रहे हैं। पाकिस्तान से उसके आतंकवादी राजिया बीबी की तरह कतर जाते हैं, दुबई जाते हैं, अब्बू धाबी जाते हैं और वहां से विमान पकड़ कर सीधे नेपाल पहुंच जाते हैं। नेपाल के रास्ते से भारत में प्रवेश कर जाते हैं। पाकिस्तान से सीधे भारत मे प्रवेश करने पर भारतीय सेना के हाथों मारे जाने या फिर पकड़े जाने का डर होता है। नेपाल और भारत के बीच सीमा खुली होने का लाभ पाकिस्तानी आतंकवादी उठा रहे हैं। नेपाल अब हमारी सुरक्षा का खतरा बनते जा रहा है। नेपाल अब भारत विरोधी पाकिस्तानी आतंकवादियों का अड्डा भी बन गया है। नेपाल से भारतीय विमान का पाकिस्तानी आतंकवादियों ने अपहरण कर कैसी हिंसा फेलायी थी और भारत की संप्रभुत्ता को लहूलुहान किया था? यह भी जगजाहिर है।

दुनिया भर के मुस्लिम आतंकवादी और कट्रपंथी अपने मूल देश में वापसी के ऐसे ही हथकंडे अपनाते हैं। कभी आईएस के लिए लड़ने और हिंसा के बल पर इस्लाम का विस्तार करने के लिए भारत, यूरोप और अमेरिका से सैकड़ों मुस्लिम युवक-युवतियां इराक और लीबिया,लेबनान, अफगानिस्तान गये थे। अमेरिका ने आईएस का काम-तमाम कर दिया। आईएस की रीढ़ टूट गयी। आईएस की रीढ टूटते ही भारत, यूरोप और अमेरिका से गये मुस्लिम युवकों और युवतियों की जिंदगी भी नर्क बन गयी।

गहलोत ने दी आलाकमान को जादू की झप्पी

रमेश सर्राफ

कांग्रेस आलाकमान ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर पायलट समर्थक विधायकों को फिर से मंत्रिमंडल में शामिल करने को लेकर दबाव बनाना शुरू कर दिया था। हालांकि गहलोत ने सवा साल के टालमटोल के बाद पायलट समर्थक चार विधायको को मंत्रिमंडल विस्तार में शामिल किया। यहां भी गहलोत के सख्त रूख के कारण भारी आरोपों के बावजूद किसी भी मंत्री को हटाया नहीं गया। कांग्रेस आलाकमान के समक्ष गहलोत किसी भी मंत्री को मंत्रिमंडल से हटाने पर सहमत नहीं हुए थे। जिन मंत्रियों को आरोपों के चलते हटाने के कयास लगाए जा रहे थे। मंत्रिमंडल विस्तार में उनमें से कईयों को तो पदोन्नत कर कैबिनेट मंत्री बना दिया गया।

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपनी जादूगरी से कांग्रेस आलाकमान को खुश कर दिया है। राजस्थान की राजनीति में उनके विरोधी माने जाने वाले सचिन पायलट व उनके समर्थकों को गहलोत किनारे लगाने में सफल रहे हैं। राजनीति में आने से पहले अशोक गहलोत जादूगरी के पेशे से जुड़े हुए थे। उनके पिता लक्ष्मण सिंह गहलोत अपने जमाने के जाने-माने जादूगर थे। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को भी जादू की कला विरासत में मिली थी। हालांकि अशोक गहलोत जादूगरी के क्षेत्र में तो नहीं गए। मगर समय-समय पर अपनी जादूगरी दिखाकर राजनीति के क्षेत्र में वे लगातार ऊंची सीढ़ियां चढ़ते चले गए।

तीसरी बार राजस्थान के मुख्यमंत्री पद पर काम कर रहे अशोक गहलोत छात्र जीवन से ही कांग्रेस से जुड़ गए थे। उस समय कांग्रेस के दिग्गज नेता रहे हरिदेव जोशी, परसराम मदेरणा के सानिध्य में उन्होंने राजनीति के क्षेत्र में ऊंची छलांग लगाई। 1980 में पहली बार जोधपुर से कांग्रेस के टिकट पर लोकसभा चुनाव जीत कर इंदिरा गांधी के मंत्रिमंडल में उप मंत्री बने। गहलोत राजीव गांधी व नरसिम्हा राव के मंत्रिमंडल में भी राज्य मंत्री रहे। तीन बार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव, कांग्रेस सेवा दल के अध्यक्ष रह चुके अशोक गहलोत जैसे-जैसे राजनीति की ऊंची सीढ़ियां चढ़ते गए वैसे-वैसे एक-एक कर अपने विरोधी नेताओं का सफाया करते गये। 1998 में वरिष्ठ नेता परसराम मदेरणा को मात देकर पहली बार मुख्यमंत्री बने अशोक गहलोत उसी कार्यकाल में परसराम मदेरणा, शिवचरण माथुर, पंडित नवल किशोर शर्मा, हीरालाल देवपुरा, नाथूराम मिर्धा, रामनिवास मिर्धा, जगन्नाथ पहाड़िया, कमला, बनवारी लाल बैरवा, रामनारायण चौधरी जैसे बड़े नेताओं को एक-एक कर किनारे लगा दिया। उसके बाद गहलोत राजस्थान कांग्रेस को अपने इर्द-गिर्द घुमाने लगे। 2008 के विधानसभा चुनाव में भी राजस्थान में कांग्रेस को बहुमत नहीं मिला था। एसके उपरांत भी अशोक गहलोत ने बसपा के विधायकों को कांग्रेस में शामिल करवा कर अपनी सरकार बना ली थी।

2018 के विधानसभा चुनाव में सचिन पायलट प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष होने के साथ ही मुख्यमंत्री पद के प्रबल दावेदार थे। विधानसभा चुनाव सचिन पायलट के नेतृत्व में ही लड़ा गया था। हर किसी का मानना था कि कांग्रेस की सरकार बनने पर सचिन पायलट ही मुख्यमंत्री बनेंगे। क्योंकि 2013 का विधानसभा चुनाव अशोक गहलोत के मुख्यमंत्री रहते उनके नेतृत्व में लड़ा गया था। जिनमें कांग्रेस को महज 21 सीटें ही मिल पाई थी। राजस्थान में कांग्रेस बहुत कमजोर स्थिति में थी। कार्यकर्ता हताश, निराश थे। कांग्रेस कार्यकर्ताओं का मनोबल बुरी तरह से गिरा हुआ था। उस समय कांग्रेस आलाकमान ने युवा नेता सचिन पायलट को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बना कर कांग्रेस को फिर से एक बार फिर नए सिरे से मजबूत बनाने की जिम्मेदारी सौंपी थी। सचिन पायलट ने पूरी सक्रियता से प्रदेश में दौरे कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाया और विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की सरकार बनाने का मार्ग प्रशस्त किया था। मगर मुख्यमंत्री बनने की बारी आई तब अशोक गहलोत ने एक बार फिर अपनी जादूगरी दिखाते हुए बाजी पलट कर खुद मुख्यमंत्री बन गए। उस समय सचिन पायलट को मात्र उप मुख्यमंत्री बनकर ही संतोष करना पड़ा था।

2018 में गहलोत के मुख्यमंत्री बनने की जरा भी संभावना नहीं थी। मगर अशोक गहलोत ने दिल्ली में कांग्रेस आलाकमान को अपने विश्वास में लेकर मुख्यमंत्री के पद पर काबिज हो गए। उस समय कांग्रेस आलाकमान ने सचिन पायलट व उनके समर्थक विधायकों को आश्वस्त किया था कि आधे कार्यकाल के बाद पायलट को मुख्यमंत्री बना दिया जाएगा। मगर आधा कार्यकाल बीतने से पहले ही मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सचिन पायलट के सामने ऐसी परिस्थितियां उत्पन्न कर दी कि उनको गहलोत सरकार के खिलाफ बगावत करनी पड़ी। अशोक गहलोत इसी मौके की तलाश में थे। उन्होंने कांग्रेसी आलाकमान से सचिन पायलट व उनके समर्थक सभी मंत्रियों को पद से बर्खास्त करवा दिया। यहां तक कि सचिन पायलट को भी उपमुख्यमंत्री व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पद से बर्खास्त करवा दिया था। एक समय तो ऐसी परिस्थितियां उत्पन्न कर दी गई थी कि पायलट व उनके समर्थक विधायकों का कांग्रेस से निष्कासन होना तय लग रहा था। मगर ऐन वक्त पर पायलट ने बदली हुई परिस्थितियों को देखकर कांग्रेस आलाकमान के सामने सरेंडर कर दिया था। सचिन पायलट इन दिनों फिर से कांग्रेसी आलाकमान के नजदीक होकर मुख्यमंत्री बनने का दाव चल रहे थे। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी व महासचिव प्रियंका गांधी भी पायलट के पक्ष में खड़े नजर आ रहे थे।

पाठकों की बात

शीत लहर की देश मे ऐसी पड़ी

शीत लहर की देश मे ऐसी पड़ी चपेट! लिया सभी ने कान पर, मफलर आप लपेट!! पारा इतना गिर गया, गिरी भयानक बर्फ। मुख से मारे ठंड के, नही निकलते हर्फ।। तप्त जेष्ठ हो शीत या, भीगा श्रावण मास! लगते हैं सब ख़ास जब, महबूबा हो पास !!

रमेश शर्मा

एक बात पूछनी है महान विचारक

एक बात पूछनी है महान विचारक चिंतकों वक्ताओं से ? ये जो सनातन के भगवाधारी दलाल आजकल चुनाव के वक्त धर्म संसद कर रहे है और सनातन की दुहाई दे रहे है ये महान भगवाधारी दलाल पालघर साधुओं की हत्या के वक़्त कहाँ थे? तब इसका ज़मीर कुम्भकरण की तरह क्यों सोया हुआ था?

नवीन शंकर शर्मा

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

ख़ास पाती | सर्दी लगी तो ख़ुद को दोबारा

सर्दी लगी तो ख़ुद को दोबारा पहन लिया चाँद की मध्यम किरणें थामें मन चंदा तक ले चला शीतलता नज़दीकी सुख भी मन में अनुभव कर लिया! घेर लिया है पवन ने चादर ठण्ड बरबस जो आया मुग्ध चाँद का आभामंडल मासूमियत बिखराया! कहाँ पर मेरा ठौर ठिकाना कहाँ हमें अब जाना बैठ दिसंबर की रातों में तिल तिल लकड़ी रह जाना !!

पुष्पा त्रिपाठी पुष्प

ज़िन्दगी आ तुझे अब तन्हा



ज़िन्दगी आ तुझे अब तन्हा ही जिया जाए दर्द गम मिल के एक जश्न ही किया जाए नींद में ख्वाब जो आते हैं बहाने लेकर लुप्त उसका भी हकीकत में कुछ लिया जाए वो ही जिन्दा हैं हकीकत में इस ज़माने में जो ये कहते कि किस हाल में जिया जाए शोर अब हो चुका उल्फत का बगावत का भी अब तो खामोशियों से लबों को सिया जाए!

नीरू श्रीवास्तव

हवन करो मत करो पार्टी, हवन

हवन करो मत करो पार्टी, हवन से शुद्धि होती कोरोना के भय में फिर से दिखी है वृद्धि होती। फिर से ये आंतक मचाने नये रुप में आया बुरा वक्त जिन पर गुजरा वो आँख आज भी रोती खुशी नही है उसके दिल में जिसने प्रियजन खोये साल अगर अच्छा होता तो न ये जिन्दगी खोती नया साल आ गया है फिर से नयी आपदा लेकर भगवन सबको जीवन देना, ये सस्ता न मोती नये साल में रहे सुरक्षित, और सभी आबाद रहे नये साल में खड़ी हुई सिर फिर से नयी चुनोती।

शालिनी शर्मा

नव-दुल्हिन कस सज-संवर के

नव-दुल्हिन कस सज-संवर के नवा बछर जब आथे जिनगी ल रसदार करे बर नव रस ल बरसाथे ठुड़गा पेंड़ म जइसे बरसा लाथे उल्हवा-केंवची पान इही किसम के नवा-किरन जिनगी म लाथे नवा-बिहान तब करू-कस्सा ह बिसराथे अउ गुरतुर सबो जनाथे नवा-बछर जब आथे..।

सुशील भोले

सात रंग की चूनर ओढे झूम

सात रंग की चूनर ओढे, झूम रहीं किरणों की टोली! तितली के पंखों पर बैठीं, कैसे करतीं आँख मिचौली। नव प्रभात की नव-नव किरणों लग रही, तुम सुंदर, अलबेली, इंद्र -धनुष के रंगों वाली- किरणों करना यूँ अठखेली, नीरस मन के द्वार उतर के-सजाना नव स्वप्नों की रंगोली। पार सरहदों के उड़ जाती, पार मजहबों के तुम गाती, कवि की कल्पना से भी सुंदर, आशाओं की सी उज्ज्वल, साँसों में घुलती अमृत सा- अनकही, ये गूंगी बोली।

अजय कुमार सिंह भदौरिया

हो चलें हम विदा सुनों मैं दिसम्बर

हो चलें हम विदा सुनों मैं दिसम्बर, हो चला हूँ विदा सबने बहुत प्यार और दुलार दिया! मैं अपने आगोश में आपकी सब समस्याएँ ले चला आपकी बहुत सी बीमारियाँ हताशाए, असामयिक मौत, शर्म, आपकी असफलताएँ सब ले चला और आपकी झोली में दे रहा हूँ एक नया वर्ष जिसमें ताकत हो आपकी सफलता की लम्बे जीवन की ढेरों खुशियों से भरी झोली शान्ति अच्छा स्वास्थ सही राह जीवन में उन्नति दे !!!! आने वाला वर्ष आपको नवजीवन दे !!!

सीमा राय द्विवेदी

विशेष

दुनिया के सात अजूबों में शुमार आगरा के ताजमहल को निहारने वाले सैलानियों को पड़ोसी शहर इटावा में चंबल के बीहड़ में बना 'लॉयन सफारी पार्क' अब ज्यादा लुभा रहा है। शनिवार को नये साल के मौके पर भारी तादात में आसपास ही नहीं बल्कि दूर दराज के इलाकों से भी पर्यटक इटावा सफारी पार्क देखने के लिए पहुंचे। पार्क प्रबंधन की मानें तो इन सैलानियों में अधिकांश आगरा से ही आये लोग थे। इटावा सफारी पार्क के उपनिदेशक अरूण कुमार सिंह ने यूनीवार्ता को बताया कि नव वर्ष के मौके पर कुल 3005 पर्यटक इस पार्क में आये। इनमें 421 बच्चे भी शामिल है। सैलानियों की आमद से लॉयन सफारी को एक ही दिन में 5.35 लाख रुपये की आमदनी भी हुई है। उन्होंने बताया कि पिछले साल नये साल के मौके पर यहां आये पर्यटकों से लॉयन सफारी को आधी से थोड़ा अधिक, 2.92 लाख रुपये की ही आय हुई थी। सिंह का कहना है कि आगरा से करीब होने के कारण लॉयन सफारी का महत्व स्वतः बढ़ जाता है। उन्होंने बताया कि ताजमहल में नये साल या अन्य अवसरों पर सैलानियों का भारी हुजूम उमड़ने के कारण आगरा और आसपास के लोग इस तरह के मौकों पर सैर सपाटे के लिये इटावा आना मुनासिब समझते हैं। सिंह ने कहा कि इस पजह से लॉयन सफारी का आकर्षण पहले की तुलना में अधिक बढ़ रहा है।

आज का इतिहास

नयी दिल्ली (वार्ता)। भारत और विश्व के इतिहास में 03 जनवरी की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैं- 1831: देश की पहली शिक्षिका सावित्रीबाई फुले का जन्म। 1836: मुंशी नवल किशोर का जन्म। 1880:'इलस्ट्रेटिड वीकली ऑफ इंडिया' का पहला अंक बम्बई में प्रकाशित। 1938: अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति डी रूजवेल्ट ने पोलियो की बीमारी का इलाज ढूंढने के लिए एक फाउंडेशन की स्थापना की। रूजवेल्ड 1921 में इस बीमारी की चपेट में आए थे। 1959: अलास्का को अमेरिका का 49वां राज्य घोषित किया गया। 1969: मशहूर फॉर्मूला वन कार रेसर माइकल शूमाकर का जन्म हुआ। 1977: स्टीव जॉब्स और स्टीव वोज्नियाक ने एपल की स्थापना की। बाद में ये दुनिया की सबसे वैलुएबल कंपनियों में से एक बनी। 1993: अमेरिका और रूस इस बात पर राजी हुए कि वह अपने अपने परमाणु हथियारों के भंडार को आधा कर देंगे। 2001: हिलेरी क्लिंटन ने न्यूयार्क के सीनेटर के तौर पर शपथ ग्रहण की। वह देश के इतिहास में पहली पूर्व प्रथम महिला हैं, जिन्होंने चुनावी विजय हासिल की। 2004: मंगल के अन्वेषण के लिए निकला अंतरिक्ष यान रोवर स्पिरिट ग्रह के रासायनिक और भौतिक संयोजन के अध्ययन के लिए मंगल पर उतरा। 2004: मिस्त्र की विमानन कंपनी फ्लैश एयरलाइंस के बोइंग 737 विमान 604 के दुर्घटनाग्रस्त होने से उसमें सवार सभी 148 लोग मारे गए। 2014: अल कायदा के चरमपंथियों ने इराक के फालुजा में पुलिस मुख्यालय को नुकसान पहुंचाया और इलाके को अपने कब्जे में बताते हुए उसके एक स्वतंत्र क्षेत्र होने का ऐलान किया।

विधायक छाबड़ा ने लाखों रुपए के निर्माण कार्यों का किया लोकार्पण व शिलान्यास

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ब्लाक बेरला के ग्राम खमतराई में आयोजित लोकार्पण, भूमिपूजन मंडई एवं कबड्डी प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा शामिल हुए। ग्रामवासियों द्वारा अतिथिगणों का पंथी नृत्य एवं राउत नाचा के मनमोहक प्रस्तुति कर भारी आतिशबाजी कर जगह-जगह फूलों की वर्षा करते भव्य स्वागत किया गया। विधायक आशीष छाबड़ा के कर कमलों से सुगम सड़क योजना अंतर्गत निर्मित 02 मार्गो की लागत राशि 40 लाख, शीतला माता मंदिर में भवन निर्माण कार्य 3 लाख एवं सीसी निर्माण कार्य 1.50 रूपए का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि राज्य सरकार मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में सामाजिक समरसता के साथ नवा छत्तीसगढ़ गढ़ने की दिशा में काम रह रही है, हमारी सरकार बनते ही भूंईया के भगवान किसानों के हित में फैसला लिया। किसानों का अल्कालीन कृषि लोन माफ किया, साथ ही 2500 रूपए की समर्थन मूल्य में धान खरीदने का फैसला लिया, जब किसान ऋण मुक्त, चिन्ता मुक्त होकर समृद्ध होंगे, तब गांव और प्रदेश भी समृद्ध होगा, इसी का परिणाम है कि देश में मंदी की स्थिति के बावजूद भी छत्तीसगढ़ में इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ा, हमारे किसान, व्यापारी खुशहाल है। मुख्यमंत्री निवास के आयोजित गोवर्धन पूजा के अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने घोषणा करते हुए कहा की आने वाले अगले वर्ष से किसानों को धान का समर्थन मूल्य 25 सौ रुपए से बढ़कर 2800 रुपए प्रति क्विंटल मिलेगा धान का समर्थन मूल्य इससे प्रदेश में किसानो की आय बढ़ेगी।

यादव समाज सामुदायिक भवन के लिए 3 लाख स्वीकृत

ग्रामवासियों के मांग अनुरुप यादव समाज सामुदायिक भवन निर्माण कार्य हेतु 3 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की। इस अवसर पर हीरा देवलाल वर्मा अध्यक्ष जनपद पंचायत बेरला, रामेश्वर देवांगन अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी बेरला, नवाज मुशी खान उपाध्यक्ष जपं बेरला, रासबिहारी कुर्रे अध्यक्ष नगर पंचायत बेरला, डिगम्बर परगनिहा, रामखिलवान परगनिहा, मन्नू निषाद सरपंच, कुशाल नायक, यशवंत निषाद, चेतन बंजारे, टिकेन्द्र परगनिहा, सत्यभामा परगनिहा, डिप्पी वर्मा सरपंच, अरुण परगनिहा, आशीष परगनिहा, कन्हैया नायक सहित बडी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहें।

भिलाई स्टील प्लांट के कर्मचारियों ने मनाया नया वर्ष

उतई। भिलाई स्टील प्लांट के अंतर्गत पावर शिस्टम डिपार्टमेंट जनरल सर्विस में नए साल का स्वागत कर्मचारियों ने केक काटकर व एक दूसरे को मिठाई खिलाकर नएवर्ष की मंगलकामना एवं बधाई दी। विभाग के अधिकारी चंद्रशेखर जी ने सभी कर्मचारियों को बधाई दी और प्लांट में किये गए कार्यो के दौरान सुरक्षा अपनाने को ठेका श्रमिकों को बताया।

खैरागढ़ मामले में केस डायरी प्रस्तुत करने की मांग

भाजपा नेताओं ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक से की मुलाकात

राजनंदगांव/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी जिले के वरिष्ठ नेताओं ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। जिसमें खैरागढ़ नगर पालिक चुनाव में भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं पर गलत ढंग से आरोपित धाराओं के खिलाफ जमानत याचिका के उत्तर में विगत दो पेशियों में जो कि 28 एवं 30 दिसंबर को थी, दोनों तिथियों में पुलिस द्वारा विवेचक छुट्टी में है का तर्क देकर लीपापोती की जा रही है। अतः भाजपा के नेताओं ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर मांग की है कि उपरोक्त विषय में जो अनर्गल धारा लगाकर दबाव की राजनीति की जा रही है वह बंद करें और निष्पक्ष रुप से पुलिस केस डायरी प्रस्तुत कर भाजपा नेताओं के खिलाफजो झूठे आरोप लगाए गए हैं उनसे उन्हें मुक्त करें।

जिला भाजपा अध्यक्ष मधुसूदन यादव ने बताया कि खैरागढ़ नगर पालिका चुनाव में वार्ड नंबर 1, 2, 3, 4, 9 व 13 में पुनरगणना की मांग की गई थी, परंतु अधिकारियों द्वारा रद्द कर दिया गया सिर्फ वार्ड नंबर 4 में कांग्रेस के आवेदन को स्वीकार कर मतपत्रों की उन्हें जांच की गई एवं भाजपा के पक्ष मत को अवैध कर कांग्रेस प्रत्याशी को विजय घोषित किया गया, इस असंवैधानिक कृत्य का निर्वाचन अधिकारी के समक्ष शिकायत करना भाजपा का संविधानिक अधिकार था, जिससे वंचित करते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा भाजपा नेताओं के विरुद्ध गलत आधारों पर एफआईआर दर्ज की गई जो कि अनुचित है। अतः राजनीतिक मामले पर पुलिस प्रशासन निष्पक्ष कार्यवाही कर लोकतंत्र की रक्षा करने में सहयोग प्रदान करने का निवेदन किया गया।

ज्ञापन देने वाले नेताओं में प्रमुख रूप से प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष खूबचंद पारख, जिला अध्यक्ष मधुसूदन यादव, संतोष अग्रवाल, सचिन बघेल, राजेंद्र गोलछा, अरुण शुक्ला, रोहित चंद्राकर, राजेश श्याम कर इत्यादि उपस्थित थे।

तीजन बाई ने पत्रकार गजेंद्र रथ वर्मा किया सम्मान

खरोरा/नवप्रदेश। साल के अंतिम दिन द लोक मीडिया द्वारा आयोजित संगवारी जंक्शन कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के उन युवाओं का सम्मान किया गया जिन्होंने लोक कला लोक साहित्य लोक खेल व पारंपरिक लोक विधाओं के साथ ही लोक भाषा रहन-सहन आदि क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं सोशल मीडिया पत्र-पत्रिका टीवी चैनलों के माध्यम से छत्तीसगढ़ के युवा अपने प्रदेश की परंपरागत विधाओं साहित्य विविध भाषाओं पकवानों व लोक कलाओं को विश्व पटल पर लाने का कार्य लगातार कर रहे हैं जिसे संगवारी जंक्शन के संस्थापक पत्रकार तेज साहू ने साल के अंतिम दिन आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से सम्मानित किया मुख्य अतिथि के रूप में लोक कला पंडवानी की पुरोधा पद्मश्री तीजन बाई ने अपने आशीर्वचन से युवाओं का उत्साह वर्धन किया और अपने कर कमलों से सम्मानित करते हुए आगे इसी तरह प्रदेश के साहित्य कला और समाज को जागरूक करते रहने की अपील की इस कार्यक्रम में पद्म विभूषण तीजन बाई ने अपने जीवन के अनुभवों को युवाओं के बीच साझा किया पत्रकार, फिल्मकार गजेंद्र रथ वर्मा भी इस कार्यक्रम में सम्मानित हुए बता दें की गजेंद्र रथ में राजभाषा दिवस पर एक बड़ा प्रण लेते हुए राजभाषा छत्तीसगढ़ी में प्राथमिक शिक्षा की शुरुआत तक खुलेपांव रहने का संकल्प लिया है कार्यक्रम में पर्वतारोही चित्रसेन साहू, फोक सिंगर कांतिकार्तिक यादव आरजे नमित हेमंत वैष्णव लतिका वैष्णव समेत 36 लोककला वाहको का भी सम्मान किया गया साथ ही विभिन्न विधाओं से जुड़े युवाओं को सम्मानित किया गया।

महापौर ने किया रोड व नाली निर्माण का भूमिपूजन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। महापौर हेमा सुदेश देशमुख द्वारा वार्ड नंबर 29 मठपारा में अधोसंरचना मद अंतर्गत 7 लाख रूपये की लागत से रोड एवं नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन पूजा अर्चना कर श्रीफल फोड़कर किया गया। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्यगण मधुकर वंजारी, सतीश मसीह,विनय झा, गणेश पवार, वार्ड पार्षद श्रीमती उत्तरा अरूण दामले, पार्षद सुश्री मणिभास्कर गुप्ता, शरद पटेल, विजय राय, गगन आईच, अरूण देवांगन, पार्षद प्रतिनिधि राजेश यादव, आशीष डोंगरे,सेवक उईके, अवधेश प्रजापति विशेष रूप से उपस्थित थे।

कार्यक्रम के प्रारंभ में वार्ड के धनसिंग सिन्हा, किशन कुटारे, रामनाथ यादव, लखन बघेल, विनोद यादव, सोनू यादव, अंगद यादव, धनया कोर्राम, रेखा शर्मा, सुमित्रा तिवारी, मनटोरा, कनक दामले द्वारा अतिथियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। तत्पश्चात अतिथियों द्वारा रोड व नाली निर्माण कार्य का पूजा अर्चना कर, श्रीफल फोड़ कर, गैती चलाकर भूमिपूजन किया गया।

कार्यक्रम में महापौर हेमा देशमुख ने कहा कि शासन द्वारा स्वीकृत राशि से शहर के 51 वार्डो में विकास कार्य कराये जा रहे है, इसी कड़ी में इस वार्ड के मठपारा में रोड एवं नाली निर्माण कराने भूमिपूजन किया जा रहा है। उक्त कार्य अतिशीघ्र प्रारंभ कराया जायेगा। इसी प्रकार अन्य विकास कार्य प्राथमिकता के आधार पर वार्ड में कराये जायेगें। इस अवसर पर उप अभियंता हरिशंकर वर्मा सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

ओमिक्रॉन के दृष्टिगत सावधानी बरतने की जरूरत : सिन्हा

- सीमावर्ती राज्यों में ओमिक्रॉन के बढ़ते केस चिंताजनक
- हेल्पलाईन नंबर 7440203333 पर 24 घंटे सेवा चालू रहेंगी
- 3 जनवरी से 15 से 18 वर्ष आयु के बच्चों का होगा टीकाकरण

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने कोविड के नये वेरिएंट ओमिक्रॉन के मद्देनजर कलेक्टोरेट सभाकक्ष में निजी हॉस्पिटलों के प्रमुख चिकित्सकों की बैठक ली। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि विश्व के कई देश अमेरिका, इंग्लैंड सहित यूरोप के कई देश ओमिक्रॉन से प्रभावित हुए हैं। कोविड-19 के नये वेरिएंट ओमिक्रॉन ने हमारे देश में दस्तक दी है। यह चिंताजनक स्थिति है। सीमावर्ती राज्यों में ओमिक्रॉन के केस बढ़े हैं। हमें इस स्थिति के लिए पहले से ही तैयारी रखने तथा सावधानी बरतने की जरूरत है। इसके लिए सभी को सजग एवं सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होंने नागरिकों से कहा है कि नव वर्ष एवं अन्य त्यौहारों के अवसर पर भीड़-भाड़ के स्थानों एवं आयोजनों में न जाए। कोविड एप्रोप्रियट बिहेवियर का सभी पालन करें। उन्होंने सभी चिकित्सकों से कहा कि कोरोना की दो लहर की विभीषिका के दंश को हमने सहा है। अपने हॉस्पिटल में ओमिक्रॉन की चुनौती का सामना करने के लिए तैयारी रखें और जनसामान्य को टीकाकरण के लिए प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि हॉस्पिटल में कोविड मरीज के लिए बेड की उपलब्धता रखें। उन्होंने कहा कि कोविड-19 के लिए दिग्विजय स्टेडियम में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है और वहां हेल्पलाईन नंबर 7440203333 पर 24 घंटे सेवा चालू रहेंगी।

ओमिक्रॉन के मद्देनजर हॉस्पिटलों के प्रमुख चिकित्सकों की कलेक्टर ने ली बैठक

कलेक्टर ने कहा कि उन्होंने कहा कि सीमावर्ती चेक पोस्ट में लगातार कोविड टेस्ट किए जा रहे। इसके साथ ही रेल्वे स्टेशन, बस स्टैण्ड में भी कोविड जांच जारी है। उन्होंने सभी डॉक्टर से कहा कि साथ ही स्टॉफ का शत प्रतिशत वैक्सीनेशन सुनिश्चित करें। 3 जनवरी से 15 से 18 वर्ष आयु के बच्चों का टीकाकरण किया जाएगा तथा 10 जनवरी से बूस्टर डोज लगाया जाएगा। कलेक्टर ने सभी चिकित्सकों से चिकित्सा परामर्श एवं एम्बुलेंस सहायता उपलब्ध कराने के लिए भी कहा। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग की टीम से सैम्पल बढ़ाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि मरीज मिलने पर माईक्रो कन्टेनमेंट जोन बनाए जाएंगे तथा भीड़-भाड़ वाले स्थानों में पुलिस की गश्त बढ़ाएंगे।

'वजन त्यौहार' 8 से 14 जनवरी तक मनाए जाने के संबंध में बैठक संपन्न

कवर्धा। कलेक्टर रमेश शर्मा के निर्देशानुरूप छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी कार्यक्रम 'वजन त्यौहार' 08 से 14 जनवरी तक मनाए जाने के सम्बन्ध में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सभा कक्ष में गुरूवार को बैठक आयोजित किया गया। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी आरके पाण्डेय, आनन्द तिवारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी (म.बा.वि.), सहायक संचालक एमके गुप्ता , यूआर चंद्राकर, एमआईएस, प्रशासक सतीश यदु तथा कृतिका सिंह (परियोजना अधिकारी) की उपस्थिति में जिले के निजी विद्यालयों के प्राचार्यो बैठक ने उपस्थित थे। बैठक में बताया गया कि 11 जनवरी 2022 को जिले के 0 से 6 आयु वर्ग के बच्चो के लिए वजन तिहार महा अभियान मनाया जाना सुनिश्चित हुआ है। निजी विद्यालयों में अध्ययनरत 6 वर्ष तक के विद्यार्थियों के पोषण स्तर की जांच के लिए वजन त्यौहार में आयुवार, वजन के साथ-साथ बच्चों की उंचाई भी मापी जाकर निर्धारित प्रारूप में रिकार्ड तैयार किया जाना है तथा महिला बाल विकास विभाग द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले निर्धारित लिंक मोबाईल एप में आधार नंबर के साथ आनलाइन किया जाएगा।

खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा विभिन्न गतिविधियों का हुआ आयोजन

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा जिला प्रशासन तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा जिला स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन किया गया हरेली के गेड़ी चाल से लेकर दिपावली का सुआ नाचा करमा से लेकर दिसम्बर मे गुरूघासी दास के पंथी तक लोग झूमते नजर आये भरथरी पण्डवानी के जीवन गायकी तो दुसरे तरफ बौद्धिक स्पर्धा में तात्कालिन भाषण वाद-विवाद क्विज जैसे स्पर्धा रखे गये।

कही एकांकी नाटक से छत्तीसगढ़ी संस्कृति का प्रसार तो कही कबड्डी और खो-खो की गुंज और ताल जिले में शास्त्रीय गायन और नृत्य में भी कलाकारों ने दर्शको का मन मोह लिया। युवा महोत्सव हेतु सिंघौरी में बौद्धिक स्पर्धा क्विज, तात्कालिक भाषण, वाद-विवाद चित्रकला, निबंध तथा तात्कालिक भाषण की प्रतियोगिता रखी गई, स्टेडियम में शारीरिक दक्षता पर आधारित खो-खो कबड्डी फुगड़ी गेड़ी भौरा जैसे स्पर्धा थी वही मुख्य कार्यक्रम टाउनहॉल बेमेतरा में लोकगीत, लोकनृत्य गायन, वादन, व्यंजन, वेशभूषा की स्पर्धा आयोजित की गई। जिला स्तरीय युवा महोत्सव में जिले के चारो विकासखण्ड के लगभग एक हजार कलाकारो ने अपनी पूरी लगन और दक्षता के साथ प्रतियोगिता में हिस्सा लिया जिसमे कुछ जीतने में कामयाब हुए तो कुछ नयी सीख लेकर गये। पुरस्कार एवं समापन कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष बंशी पटेल, सुमन गोस्वामी, लुकेश वर्मा एवं मनोज शर्मा के आतिथ्य में सम्पन्न किया गया।

युवा सोच को बढ़ाने के लिए यह आयोजन

सुमन गोस्वामी ने कहा विवेकानन्द के जयंति के अवसर उनके युवा सोच को बढ़ाने के लिए यह आयोजन किया जाता है छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति को बचाने बढ़ाने का यह शासन का बहुत सराहनीय प्रयास है युवा देश के कर्णधार है इस प्रकार अपने उद्बोधन में कहा। वही मनोज शर्मा ने कहा इंसान को आगे बढ़ने के लिए अपना लक्ष्य तय करना चाहिये चाहे वह कोई भी क्षेत्र हो यदि आप खेल कूद के क्षेत्र चुने चाहे संगीत का क्षेत्र हो बस लक्ष्य तय हो ऐसे कलाकार जिन्हे किसी कारण वश मंच न मिला हो उन्हेंमंच प्रदान करने का काम खेल एवं युवा कल्याण कर रहा है।

बच्चों कि सुरक्षा हम सब की जिम्मेदारी के तहत ओपन हाउस कार्यक्रम का आयोजन

कवर्धा। मंत्रालय भारत सरकार महिला एवं बाल विकास विभाग और चाईल्ड लाइन इंडिया फॅाउंडेशन के सहयोग से आस्था समिति क्रियान्वित चाईल्ड लाइन परियोजना 1098 कबीरधाम के द्वारा कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा के मार्गदर्शन एवं दौलत राम कश्यप अध्यक्ष एवं निदेशक आस्था समिति के निर्देशानुसार 25 दिसंबर 2021 को सुदुर वनांचल नक्सल प्रभावित संवेदनशील विशेश संरक्षित जनजाति बैगा बाहुल्य क्षेत्र विकासखण्ड बोड़ला के ग्राम पंचायत चेन्द्रादादर थाना तरेंगाव जंगल में बच्चों कि सुरक्षा हम सब की जिम्मेदारी के तहत ओपन हाउस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बहादुर सिंह सरपंच ग्राम पंचायत चेन्द्रादादर, सोनालाल बैगा सदस्य बैगा विकास प्राधिकरण, शिवबति यादव कार्यकर्ता आंगनबाड़ी, बति नेताम आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सुकरती बाई मितानिन, चंद्रकांत यादव केन्द्र समन्वयक की उपस्थिति रही।

कोरोना के प्रकोप को देखते हुए महापौर ने ली पार्षदों की बैठक

- वार्डवासियों को सावधानी बरतने व टीकाकरण कराने समझाईस देने पार्षद हुये एकजूट

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कोरोना महामारी के बढ़ते प्रकोप एवं अमिक्रॉन की संभावना को ध्यान में रखते हुए महापौर कक्ष में महापौर हेमा सुदेश देशमुख की अध्यक्षता में पार्षदों की बैठक आहुत की गयी। बैठक में महापौर एवं आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने वार्डवासियों को कोरोना से बचाने, सावधानी बरतने एवं वेक्सीन लगवाने के संबंध में पार्षदों से अपील की गयी। पार्षदों ने कोरोना के खतरनाक चरण व ओमिक्रान से निपटने एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

महापौर ने बैठक में पार्षदों से कहा कि हम लोग कोविड से अच्छी तरह से परिचित है। इसके कहर से हमने अपनों को खोया है। अभी जो ओमिक्रान आ रहा है, वह बहुत खतरनाक है, यह एक के साथ सबको संक्रमित करता है। वैक्सीन के दोनों डोज लगाने पर भी यह अपने चपेट में ले लेता है। हमें अपने-अपने वार्ड में संदेश देना है कि सब लोग अनिवार्य रूप से मॉस्क लगाये, सामाजिक दूरी का पालन करें, खुद सावधानी बरते और अपने परिवार व आसपास के लोगों को भी सावधानी बरतने समझाईस देवें।

पार्षद अपने-अपने क्षेत्र में सावधानी बरतने

बैठक के प्रारंभ में आयुक्त डॉ. चतुर्वेदी ने कहा कि देश प्रदेश सहित शहर में कोरोना के बढ़ते केश एवं ओमिक्रान फैलने की संभावना को देखते हुये महापौर की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गयी है। उन्होंने कहा कि पहले की अपेक्षा कोरोना की दूसरी लहर बहुत दर्दनाक थी, जिसमें अनेक लोगों ने अपनी जाने गंवाई है। वर्तमान में कोरोना पुनः बढ़ रहा है और अखतरा भी मंडरा रहा है, जिसे निपटने आप सभी पार्षद अपने-अपने क्षेत्र में सावधानी बरतने अपील करें, मास्क लगाने, सोसल डिस्टेंसिंग का पालन करने, कोरोना का वैक्सीन लगाने के लिये लोगों को प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि ओमिक्रान का लक्षण दिखाई नहीं देता, कौन संक्रमित है कौन नहीं है, समझ में नहीं आता और यह तेजी से सभी को संक्रमित करता है। उन्होंने कहा कि महापौर के कहने पर आज से वार्डो में सेनेटाईजेसन कराया जा रहा है, रेल्वे स्टेशन में कोरोना जांच की व्यवस्था की गयी है। साथ ही नये एवं पुराने बस स्टैंड में भी जॉच की व्यवस्था की जा रही है। निगम कार्यालय में सभी कर्मचारियों व अधिकारियों को मास्क लगाने, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने, सेनेटाईजर का उपयोग करने समझाईस दी गयी है एवं आने वाले नागरिकों को मास्क लगाने, वैक्सीन लगाने प्रेरित करने कहा गया है। अपालन की स्थिति में 500 रूपये अर्थदंड संबंधित पर लगाने कहा गया है।

विशेष रूप से बच्चों का ध्यान रखे, क्योंकि छोटे बच्चों का वैक्सीन अभी नहीं आया है। वार्ड में जिन लोगों ने वैक्सीन का पहला डोज लगाया है उन्हें दूसरा डोज लगाने एवं जिन्होंने वैक्सीन नहीं लगाया है, उन्हें वैक्सीन लगवाने प्रेरित करें।

पार्षदों नें अपने सुझाव दिये जिसमें नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने कहा कि कोरोना के पहली व दूसरी लहर के समय लोगों को दवा के लिये भटकना पड़ रहा था, जिसे ध्यान में रखते हुये नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाये।

मैच के फायनल मुकाबला में पहुंचे, प्रदेश संयोजक लाल बहादुर

कवर्धा/नवप्रदेश। विगत दिनों ग्राम नेवारीगुणा में महामाया क्रिकेट क्लब के द्वारा आयोजित क्रिकेट मैच के आयोजन में पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए वहीं क्रिकेट मैच के फ ायनल मैच के विजेता टीम सेहामालगी को मुख्य अतिथि लाल बहादुर के द्वारा 5100 रुपया नगद व शील्ड प्रदान किया गया उप विजेता टीम नेवारीगुणा टीम को ग्राम पंचायत के सरपंच सूखनदन बर्मन के द्वारा 3001 रुपये व शील्ड प्रदान किया गया, और मन ऑफदी मैच ध्रुव सर के द्वारा दिया गया।

उक्त मैच के समापन अवसर पर प्रदेश संयोजक लाल बहादुर के द्वारा खिलाडियों के हौसला बढ़ाने के लिए एक ओवर बाल खेल कर खिलाडियों के साथ आनंद लिया।

5100 रुपया नगद व शील्ड प्रदान किया गया उप विजेता टीम नेवारीगुणा टीम को ग्राम पंचायत के सरपंच सूखनदन बर्मन के द्वारा 3001 रुपये व शील्ड प्रदान किया गया, और मन ऑफ दी मैच ध्रुव के द्वारा दिया गया।

तत्पश्चात मुख्य अतिथि के द्वारा विजेता उप विजेता तथा दर्शकों को संबोधित करते हुए क्रिकेट खेल के महत्व को बताया क्रिकेट मैच पूरे देश का सबसे महत्वपूर्ण खेल माना गया है और इस तरह के आयोजन होने से ग्रामीण क्षेत्रों में भी खिलाड़ियों को उत्साह वर्धन होता है और अपने प्रतिभा का प्रदर्शन करने का मौका मिलता है। उन्होंने कहा खेल खेलते रहने से हमारे स्वास्थ्य जीवन में भी प्रभाव पड़ता है हमारे मन मस्तिष्क पर भी अच्छा शांति मिलता है। क्रिकेट को श्री चन्द्रवशी ने कहा क्रिकेट अंग्रेजी में कहा जाता है हिन्दी में गोल गटम लगा पटम ताड़ ताड़ मार प्रतियोगिता कहा जाता है। चन्द्रवंशी ने सभी जितने भी टीम यहां आकर खेला उन सभी टीम के खिलाड़ियों को बधाई दिया और एसे आयोजन करने के लिये बहुत बहुत बधाई शुभकामनाएं दिया और हमेसा सहयोग करने की बात कही उक्त आयोजन में दावा निषाद कप्तान, डिगेनद चन्द्रवशी उप कप्तान, जितेंद्र चन्द्र वहशी,असमान चन्द्र वशी, उप सरपंच मोटू चन्द्रवंशी सभी खिलाड़ी और ग्रामीण जन उपस्थित थे।

प्रबंध संचालक मार्कफेड एवं सचिव मार्कफेड ने धान उपार्जन केन्द्रों का किया निरीक्षण

■ **7 संग्रहण केन्द्रों में भंडारित धान को आकस्मिक वर्षा से नहीं हुआ कोई नुकसान**

राजनांदगांव/नवप्रदेश। प्रबंध संचालक मार्कफेड एवं सचिव मार्कफेड रायपुर किरण कौशल ने राजनांदगांव जिले के धान उपार्जन केन्द्र अंजोरा एवं रेंगाकठेरा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपार्जन केन्द्रों में भंडारित धान को कैप कव्हर एवं तालपत्री से ढककर सुरक्षित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में धान खराब न हो इसका ध्यान रखा जाये। उपार्जन केन्द्रों से धान के उठाव डीओ एवं टीओ के माध्मय से त्वरित गति से कराये जाने के निर्देश दिये। जिला खाद्य अधिकारी द्वारा प्रबंध संचालक को अवगत कराया गया कि जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 में समर्थन मूल्य पर किसानों से अब तक 485101 मीट्रिक टन धान उपार्जन किया जा चुका है। उपार्जित धान में से राईस मिलर्स द्वारा 63079 मीट्रिक टन एवं परिवहनकर्ता द्वारा संग्रहण केन्द्र हेतु 73405 मीट्रिक टन कुल 136484 मीट्रिक टन धान का उपार्जन केन्द्रों से उठाव किया जा चुका है। जिला विपणन अधिकारी ने बताया कि जिले के 7 संग्रहण केन्द्रों में भंडारित धान को आकस्मिक वर्षा से कोई नुकसान नहीं हुआ है। संग्रहण केन्द्रों में पूरी तरह से कैप कव्हर से सुरक्षित ढक कर रखा गया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित सुनील वर्मा ने बताया कि जिले के 149 धान उपार्जन केन्द्रों में किसी भी उपार्जन केन्द्र में आकस्मिक वर्षा से कोई नुकसान नहीं हुई है। उपार्जन केन्द्रों में धान पूरी तरह से कैप कव्हर एवं तिरपाल से ढक कर रखा गया है। कलेक्टर के निर्देशन में जिले में की जा रही धान खरीदी एवं निराकरण की व्यवस्था से प्रबंध संचालक, मार्कफेड एवं सचिव मार्कफेड रायपुर संतुष्ट हुई। जिले में समस्त उपार्जन केन्द्रों में आवश्यक कार्रवाई समय पर की जा रही है जिससे धान विक्रय करने में किसानों को किसी प्रकार की कठिनाई न हो। जिले में धान खरीदी का कार्य अत्यंत सुचारू रूप से किया जा रहा है।

भीमा कोरे गांव की स्मृति में बौद्ध अनुयायियों ने मनाया गया शौर्य दिवस

राजनांदगांव/नवप्रदेश। बौद्ध कल्याण समिति तुलसीपुर शाखा द्वारा 1 जनवरी 1818 में भीमा कोरे गांव की गौरव गाथा को याद करते हुए उसकी वर्षगांठ पर संध्या 5 बजे केंडल मार्च निकालकर शहीदों को नमन किया गया। भीमा कोरे गांव की घटना इतिहास की वह शौर्यगाथा है। जो भारतवासियों की स्मृति में प्रेरणा बनकर युगों युगों तक उनके मानस पटल पर छाई रहेगी। उक्त शौर्यगाथा को अविस्मरणीय और चिरस्थाई बनाने के महत्वाकांक्षी उद्देश्य से आज बौद्ध कल्याण समिति तुलसीपुर शाखा के द्वारा शाम होते ही बौद्ध कल्याण समिति शाखा तुलसीपुर के तमाम सामाजिक बंधुओं ने केंडल मार्च में बड़ी सँख्या में शिरकत की। तुलसीपुर और ममता नगर क्षेत्र के मुख्य मार्गों का भ्रमण करने के बाद प्रज्ञा बुद्ध विहार तुलसीपुर में केंडल जलाकर तथागत भगवान गौतम बुद्ध, बोधिसत्व बाबा साहेब आम्बेडकर और भीमा कोरे गांव में वीर शहीदों के तैल चित्र पर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात उस ऐतिहासिक घटना का पुण्य स्मरण करते हुए उनकी गौरवगाथा और शौर्यगाथा पर विस्तृत चर्चा की गई।

तुमड़ीबोड़ गुरुद्वारा में दूध पिलाकर राहगीरों की सेवा की गई

राजनांदगांव/नवप्रदेश। मोती राम मेहरा की शहादत को याद करते हुए गुरुद्वारा बंदी छोड़ पातशाही 6 तुमड़ीबोड़ के प्रबंधक सेवादार और संगत के सहयोग से राहगीरों को दूध पिला कर जनसेवा की गई। गुरूद्वारा प्रबंधन कमेटी ने उक्त प्रसंग का उल्लेख करते हुए बताया किए दिसंबर की बर्फ जैसी ठंडी रात में ठंडे बुरज में बैठी माता गुजरी जी अपने नन्हें-नन्हें दोनों पोतों को शरीर के साथ लगाकर गर्माती और चूम-चूम कर सुलाने का प्रयत्न करती रहीं। ठंडे बुरज में छुपते मोती राम जी ने बच्चों को और माता जी को गरम-गरम दूध पिलाया। सुबह होते ही हर जगह यह बात आग की तरह फैल गई कि, मोती राम ने गुरू गोबिंद सिंह जी के परिवार की मदद की है। माता गुजरी तथा दो साहिबजादों को तीन दिन तक नवाब सरहिंद से चोरी-चोरी दूध पिलाने व सेवा करने के जुर्म में उनकी माता, पत्नी और पुत्र के साथ गन्ने के कोल्हू में फंद कर शहीद कर दिये गये। जिनकी ही शहादत को याद करते हुए गुरुद्वारा बंदी छोड़ पातशाही 6 तुमड़ीबोड़ के प्रबँधक सेवादार और संगत के सहयोग से राहगीरों को दूध पिला कर राहगीरों की सेवा की गई। इस अवसर पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

कलेक्टर व निगम आयुक्त वृद्धा आश्रम पहुंचकर वृद्धजनों से लिया आशीर्वाद

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा एवं नगर निगम आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी भगवान महावीर वृद्धा आश्रम जाकर नव वर्ष के शुभ अवसर पर वृद्धजनों को फल, मिष्ठान व खाद सामग्री वितरण कर पुष्प गुच्छ व गमला भेंटकर उनसे आशीर्वाद लिये। इसी कड़ी में आयुक्त ने निगम सीमाक्षेत्र के सभी एसएलआरएम सेंटरों में पहुंच स्वच्छता दीदीयों को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। कलेक्टर सिन्हा एवं आयुक्त डॉ. चतुर्वेदी नववर्ष की शुभ बेला में प्रातः भगवान महावीर वृद्धा आश्रम पहुँचकर वृद्धजनों का कुशलक्षेम पूछ उन्हें नववर्ष की शुभकामना देते हुये उनसे आशीर्वाद लिया एवं पुष्पगुच्छ व गमला भेंटकर उन्हें फल एवं मिष्ठान व खाद सामग्री वितरित किया। उन्होंने कहा कि नववर्ष आप लोगों के जीवन में खुशियां लाये एवं आप लोग स्वस्थ्य रहे और आप लोगों का आर्शीवाद हम सबकों मिलता रहे। इसी कड़ी में आयुक्त डॉ. चतुर्वेदी निगम सीमाक्षेत्र स्थित 17 एलएलआरएम सेंटर में रेवाडीह, पेंड्री, पुलिस लाईन 18 एकड़, मोतीपुर, मिलचाल, ओव्हरब्रिज के नीचे, भरकापारा, इंदिरा नगर, सागर पारा, राजीव नगर, जमातपारा व पुष्प वाटिका के एसएलआरएम सेंटर में जाकर स्वच्छता दीदीयों से रूबरू होकर उन्हें नववर्ष की बधाई देकर गमला भेंट किये। उन्होंने कहा कि इस नववर्ष में आपके एवं आपके परिवार में सुख, समृद्धि व खुशियां आये, आप लोगों के सहयोग से डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण कर उन्हें पृथक किया जाता है, जिससे हमारा शहर स्वच्छ व सुंदर शहर की ओर अग्रसर हो रहा है।

स्वामी आत्मानंद स्कूल पहुंचकर कलेक्टर ने दी नये साल की बधाई

बेमेतरा/नवप्रदेश। कलेक्टर विलास भोसकर संदीपान ने कल अंग्रेजी कैलेण्डर के नये साल के अवसर पर शासकीय शिवलाल राठी अंग्रेजी माध्यम स्कूल बेमेतरा के बच्चों के बीच पहुंचकर विद्यार्थियों को पेन नोट बुक एवं चाकलेट भेंटकर नये साल की बधाई दी। जिलाधीश ने बच्चों को खूब मन लगाकर पढ़ने की समझाइश दी। जिससे वे आगे पढ़ लिखकर माता पिता समाज एवं प्रदेश का नाम रोशन कर सकें। कलेक्टर ने अपने बचपन से जुड़ी यादें ताजा करते हुए कहा कि उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा सरकारी स्कूल में ग्रहण की है। उन दिनों जमीन पर टाटपट्टी बिछाकर पढ़ाई की है। स्वामी आत्मानंद स्कूल के बच्चे सौभाग्यशाली है कि वे बेंच टेबल पर बैठकर पढ़ाई कर रहे हैं। इस अवर पर जिला पंचायत सीईओ लीना मण्डावी उपस्थित थी। कलेक्टर ने कहा कि लीना भी ग्रामीण परिवेश में पढ़ लिखकर इस मुकाम तक पहुंची हैं, आत्मानंद स्कूल के बच्चे भी पढ़ लिखकर जीवन मे सफलता अर्जित करें। ज्ञात हो कि राज्य के अर्थिक रुप से कमजोर परिवार के बच्चों को अंग्रेजी माध्यम मे उत्कृष्ट शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल प्रारंभ किए गये हैं। क

शत-प्रतिशत बच्चों का टीकाकरण का लिया संकल्प

■ **नव वर्ष की शुरुआत संकल्प के साथ सुखद : रूपेश दुबे**

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कोरोना महामारी से बचने सरकार ने जो टीकाकरण प्रारंभ किया और अब 15 आयु से ऊपर के स्कूली बच्चों को 3 जनवरी से टीकाकरण किया जाना है। टीकाकरण के लिए जन जागरण एवं उत्साह का वातावरण बनाने के लिए गजानन माधव मुक्तिबोध हायर सेकेंडरी स्कूल शंकरपुर में शिक्षक पालक संघ की बैठक 1 जनवरी को प्रातः 10 बजे आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं शाला विकास समिति के अध्यक्ष रूपेश दुबे ने कहा कि नववर्ष के प्रथम दिन कोरोना से लड़ने एवं शत-प्रतिशत टीकाकरण का संकल्प लिया जाना एक सुखद व आत्मविश्वास बढ़ने की अनुभूति है, क्योंकि 3 जनवरी से लगभग 215 बच्चे जो टीकाकरण की आयु के हैं उन्हें निर्धारित समय में टीका लगवाकर कोरोना के तीसरे वेब के खतरे से बचाने समय रहते हम उपाय कर ले कोरोना से लड़ने में जन जागरूकता और टीकाकरण अपनाना ही एकमात्र विकल्प है। अतः हम अपने स्कूल व संकुल के स्कूलों में शत-प्रतिशत टीकाकरण के संकल्प के साथ काम करें। वार्ड के पार्षद शिव वर्मा ने कोरोना से बचाव एवं सुरक्षा के लिए अपने सुझाव रखते हुए जागरूकता को प्रेरित किया। संस्था की प्राचार्या वर्षा शर्मा ने स्वागत संबोधन के साथ उपस्थित जनों को स्कूली गतिविधियों से भी अवगत कराया व टीकाकरण में सभी से सहयोग की अपेक्षा की। जन-जागरूकता के लिए आयोजित बैठक में सुंदर यादव, ओंकार निषाद, तुलसी सिन्हा, घनश्याम यादव, राधेश्याम चंदेल, सरस्वती साहू, शीतल चौबे, गौतम साहू, तेज कुमार देवांगन सहित बड़ी संख्या में पालक व स्कूल के शिक्षक शिक्षकाएं उपस्थित थे।

हैंड राइटिंग और रिकॉर्ड कीपिंग ने विश्वकर्मा को दिलाया सम्मान

कवर्धा/नवप्रदेश। अपनी बेहतरीन हैंडराइटिंग और रिकॉर्ड कीपिंग के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र इंदौरी के तहत सेक्टर दशरंगपुर के पर्यवेक्षक सीबी विश्वकर्मा पूरे जिले में प्रसिद्ध है। इस योग्यता के लिए उन्हें सम्मानित किया गया। स्वास्थ्य कर्मचारी विद्याभूषण दुबे की पहल पर डीपीएम सृष्टि शर्मा, डॉ विक्रम शर्मा, राज्य सलाहकार नेशनल हेल्थ मिशन, अंकिता तिवारी राज्य सलाहकार नेशनल हेल्थ मिशन, डॉ कविता चंद्राकर संभागीय सलाहकार, अनुपम शर्मा जिला सलाहकार, आरएमए प्रशांत राय आदि ने श्री विश्वकर्मा को सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि श्री विश्वकर्मा लगभग 27 वर्षों से दशरंगपुर क्षेत्र में कार्यरत हैं और विभागीय अधिकारी कर्मचारी विश्वकर्मा के हैंडराइटिंग व रिकॉर्ड कीपिंग के कायल है।

जनसंपर्क विभाग की फोटो प्रदर्शनी देखकर ग्रामवासियों ने जाहिर की खुशी

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शासन के तीन वर्ष पूरा होने पर जनसंपर्क विभाग द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों को जनसामान्य तक पहुंचने के लिए आज मोहला विकासखण्ड के दूरस्थ ग्राम मार्री के हाट बाजार में फोटो प्रदर्शनी लगाई गई। हाट बाजार में ग्राम मार्री के अलावा अन्य ग्रामों के ग्रामवासियों ने भी शासन की योजनाओं जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित शासकीय योजनाओं की जानकारी संबंधित पुस्तिका, जनमन पत्रिका, ब्रोसर, पाम्पलेट्स का निःशुल्क वितरण किया गया। गांव की सरपंच गैंदकुंवर ठाकुर ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के छायाचित्र पर माल्यापर्ण कर फोटो प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। महिलाओं ने फोटो प्रदर्शनी में विशेष रूचि ली। किसान, बच्चे एवं युवाओं ने भी फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन किया। ग्राम भोजटोला से आए ग्रामीण प्रीतम लाल गौंड़ ने बताया कि मुझे सरकार की योजना के अतंर्गत वन अधिकार अधिनियम के तहत 4 एकड़ वन भूमि मिली है। पहले मैं दो एकड़ में खेती करता था। अब मेरी वार्षिक आय 30 हजार रूपए से बढ़कर 1 लाख 20 हजार रूपए हो गई है। अब हमारी आमदनी पहले से बहुत अच्छी हो गई है। बदनबाई भारद्वाज मितानिन हैं। उन्होंने बताया कि कोरोना के समय उन्होंने गांव में घूम-घूम कर लोगों को कोरोना से बचाव की जानकारी दी है। अब कोरोना से सुरक्षा के लिए वैक्सीन आ गई है, जो अच्छा है। सरकार हमारे गांव तक इस प्रदर्शनी के माध्यम से शासकीय योजनाओं की जानकारी देने के लिए आई है। उन्होंने इसके लिए शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया। मोनिका साहू ने कहा कि योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से सरकार हमारे गांव में स्टाल लगा रही है, यह ग्रामवासियों के लिए बहुत ही उपयोगी व लाभप्रद है।

मचेवा व खरोरा में सवा दो करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

■ **विधायक ने किया पानी टंकी निर्माण व पाइपलाइन विस्तारीकरण कार्य का शुभारंभ**

महासमुंद/नवप्रदेश। विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने ग्राम पंचायत मचेवा व खरोरा में जल जीवन मिशन के तहत करीब सवा दो करोड़ की लागत से पानी टंकी निर्माण व पाइप लाइन विस्तारीकरण कार्य का शुभारंभ किया। रविवार को ग्राम पंचायत मचेवा व खरोरा में जल जीवन मिशन के तहत पानी टंकी निर्माण व पाइपलाइन विस्तारीकरण कार्य का भूमिपूजन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर थे। अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष यतेंद्र साहू ने की। विशेष अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य जागेश्वर चंद्राकर, जिलाध्यक्ष स्काउट गाइड दाउलाल चंद्राकर, नेता प्रतिपक्ष राशि महिलांग, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष खिलावन बघेल, महामंत्री संजय शर्मा, अन्नू चंद्राकर, किशन देवांगन, सुखदेव साहू, राजू यादव, हुलासगिरी गोस्वामी, सचिन गायकवाड़, लीलू साहू, सरपंच किरण धृतलहरे, सुनीता देवदत्त चंद्राकर, देवदत्त चंद्राकर, हेमंत देवांगन, राजू साहू, राधेलाल सिन्हा मौजूद थे। मुख्य अतिथि चंद्राकर ने पूजा अर्चना कर विकास कार्यों का शुभांरभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश में काबिज भूपेश सरकार गांव, गरीब, किसानों व आमजनों की सरकार है। प्रदेश सरकार सभी के हितों को ध्यान में रखकर फैसला ले रही है। पिछले तीन सालों में गांव, गरीब, किसानों, महिलाओं व आमजनों के हितों को ध्यान में रखकर योजनाओं का क्रियान्वयन कर रही है। किसानों का कर्जमाफी, समर्थन मूल्य में धान खरीदी सहित जनता से किए गए आधे से ज्यादा पूरे कर लिए गए हैं। जिससे भूपेश सरकार के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ा है। उन्होंने ग्रामीणों को पानी टंकी व पाइपलाइन विस्तारीकरण की बधाई देते हुए कहा कि कुछ महीने में इसका काम पूरा हो जाएगा। बाद इसके इसका लाभ ग्रामीणों को मिलने लगेगा। संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में प्रदेश के लघु वनोपज संग्राहकों को अधिकतम लाभ पहुंचाने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए छत्तीसगढ़ को प्रथम पुरस्कार मिला है। प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने का आव्हान किया। उन्होंने ग्रामीणों की मांगों पर उचित पहल करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से फुलसिंह साहू, परमानंद साहू, अशोक ध्रुव, शिव साहू, संतराम देवांगन, सुदर्शन साहू, भुवन साहू, तिजउ बंजारे, सीताराम साहू, लोचन साहू, परदेशी राम देवांगन, लक्ष्मीण बाई, रामजी साहू, हेमंत चंद्राकर, प्रेमीन बांधे, भूमिका चंद्राकर, शीला कन्नौजे, आशा परमार, लक्ष्मी चंद्राकर, किशन चंद्राकर, कौशल चंद्राकर, दुर्गेश चंद्राकर, लोकेश चंद्राकर, तेजराम धीवर, सुखनंदन धीवर सहित ग्रामीणजन मौजूद थे।

86 लाख की लागत से पुराना कचहरी में बनेगा भवन

शहर के पुराना कचहरी में 86.14 लाख की लागत से जिला पंजीयक व उपपंजीयक के कार्यालय भवन का निर्माण होगा। रविवार को संसदीय सचिव व विधायक चंद्राकर के मुख्य आतिथ्य में भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष यतेंद्र साहू ने की। विशेष अतिथि के रूप में विशेष अतिथि के रुप मे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष खिलावन बघेल, जिलाध्यक्ष स्काउट गाइड दाऊलाल चंद्राकर, नेता प्रतिपक्ष राशि महिलांग, संजय शर्मा, सोमेश दवे, राजू साहू, अन्नू चंद्राकर, योजना सिंह, सुनील चंद्राकर, गिरजाशंकर चंद्राकर, डॉ तरुण साहू, गुरमीत चावला, निखिलकांत साहू, शहबाज राजवानी आदि मौजूद थे।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

15 से 18 साल के ...

शासकीय कन्या पॉलिटेक्निक कॉलेज बैरन बाजार, शासकीय जे योगानंदम छत्तीसगढ़ कॉलेज तथा शासकीय आईटीआई माना कैंप माना में वैक्सीन लगाया जाएगा।

वैक्सीनेशन के लिए 300 टीम तैयार

रायपुर के सीएमएचओ डॉ.मीरा बघेल ने कहा कि बच्चों के रजिस्ट्रेशन के लिए व्यवस्थाएं कर ली गई हैं, जो बच्चे पूर्व में रजिस्ट्रेशन नहीं करवा पाए हैं उन्हें टीकाकरण केंद्र में पहुंचकर रजिस्ट्रेशन कराने की सारी व्यवस्थाएं जिला प्रशासन ने कर लिया है। स्कूलों और कॉलेजों में कैंप लगाने की बात कही गई है ताकि वैक्सीनेशन लगाने वाले किशोरों को किसी प्रकार की दिक्कतों का सामना ना करना पड़े। जिला सीएमएचओ डॉ मीरा बघेल ने बताया कि वैक्सीनेशन के लिए 300 टीम तैनात की गई है, जो रोस्टर के मुताबिक अपनी ड्यूटी निभाएंगे। साथ ही लक्ष्य रखा गया है कि जल्द से जल्द और ज्यादा से ज्यादा बच्चों का टीकाकरण किया जा सके।

युवाओं का मार्ग ...

क्षेत्र में खेल भावना को समझते हुए प्रधानमंत्री के नर्दिशन में खेल विश्वविद्यालय का शिलान्यास होने जा रहा है।

यूपी में पहले अपराधी ...

यूपी में पहले क्या-क्या खेल खेले जाते थे अब योगी जी की सरकार ऐसे अपराधियों के साथ 'जेल-जेल' खेल रही है। पांच साल पहले प्रदेश की महिलाएं काम होने के बाद अपने घर से निकलने से डरती थीं। आज मेरठ की बेटियां पूरे देश का नाम रोशन कर रही हैं।

जिधर बढ़ेंगे युवा, मंजिल कदम चूमने लगेगीः मोदी

उन्होंने कहा कि यहां मेरठ के सोतीगंज बाजार में गाड़ियों के साथ होने वाले खेल का भी अब 'द एंड' हो रहा है। अब यूपी में असली खेल को बढ़ावा मिल रहा है। यूपी के युवाओं को खेल की दुनिया में छा जाने का मौका मिल रहा है। युवाओं को साधने के क्रम में पीएम मोदी ने कहा, 'हमारे यहां कहा जाता है कि 'महाजनों येन गतः स पंथाः'.. जिस पथ पर महान विभूतियां चलें वही हमारा पथ है। अब हिंदुस्तान बदल चुका है। 21वीं सदी के नए भारत में सबसे बड़ा दायित्व युवाओं के पास ही है।

मोदी ने कहा कि अब मंत्र बदल गया है। 21वीं सदी का मंत्र है- 'युवाजनो येन गतः स पंथः।' जिधर युवाओं के कदम बढ़ जाएं, मंजिल अपने आप कदम चूमने लग जाती है। युवा नए भारत का कर्णधार भी है। युवा नए भारत का विस्तार भी है। वह नए भारत का नेतृत्वकर्ता भी है। आज के युवाओं के पास प्राचीनता की विरासत भी है। आधुनिकता का बोध भी है इसलिए जिधर युवा चलेगा, उधर भारत भी चलेगा और जिधर भारत चलेगा उधर ही अब दुनिया चलने वाली है।

खराब मौसम की...

टीम ने सभी निर्धारित नियमों एवं प्रक्रिया का पालन किया हो। उधर हादसे के संभावित कारणों के बारे में पूछे जाने पर कई विमानन विशेषज्ञों ने कहा है कि पायलट के परिस्थितिजन्य जागरूकता खोने से दृश्य भ्रम होने पर कई हवाई दुर्घटनाएं होने के उदाहरण हैं। बता दें कि दिसंबर को देश के पहले चीफऑफडिफेंस स्टाफजनरल बिपिन रावत, उनकी पत्नी मधुलिका रावत और 11 अन्य अफसरों और सहयोगियों के साथ मौत हो गई। तमिलनाडु के सुलूर एयर बेस से वायुसेना के मी-17वी5 हेलिकॉप्टर से ऊंटी के करीब वेलिंग्टन में डिफेंस सर्विस स्टाफकॉलेज जाते समय उनका हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था।

'सांप्रदायिक नफरत ...

अधिकारी आगे की कार्रवाई में समन्वय कर रहे हैं।

अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं

दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि शिकायत पर भारतीय दंड संहिता की धारा 509 और 354 ए के तहत मामला दर्ज किया गया है। पत्रकार का आरोप है कि 'बुली बाई'पोर्टल पर लोगों के एक अज्ञात समूह द्वारा उन्हें निशाना बनाया जा रहा है। पुलिस ने कहा कि मामले में अब तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है और जांच की जा रही है।

पहली बार नहीं हुई ये घटना

यह पहली बार नहीं है जब मुस्लिम महिलाओं को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म द्वारा निशाना बनाया गया है। लगभग छह महीने पहले, सुल्ली डील (बुल्ली बाई को उसी का एक क्लोन माना जाता है) भी मुस्लिम महिलाओं की तस्वीरें उनके सोशल मीडिया अकाउंट से जुटाती थी और उन्हें 'नीलाम' करती थी।

कालीचरण प्रोडक्शन ...

पुलिस सोमवार को रेगुलर कोर्ट में फिर से अर्जी लगाएगी। सोमवार को कालीचरण की जमानत याचिका और प्रोडक्शन वारंट दोनों ही अर्जी पर एक साथ सुनवाई होगी। कालीचरण का प्रोडक्शन वारंट मिलने के बाद उसे सड़क या फिर हवाई मार्ग से महाराष्ट्र ले जाया जाएगा, जिसके बाद आगामी 13 जनवरी तक कालीचरण को फिर रायपुर लाया जाएगा। रायपुर में आयोजित धर्म संसद के दैरान राष्ट्रपिता पर अभद्र टिप्पणी के मामले में कालीचरण को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत पर जेल भेजा गया है।

विकास के 'छत्तीसगढ़ ...

मॉडल' का झूठ जनता के सामने आ गया है।

एयरपोर्ट पर कांग्रेस नेताओं ने किया स्वागत : छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने चार्टर्ड विमान से वाराणसी एयरपोर्ट पर दोपहर 1.30 बजे पहुंचे। कांग्रेस के नेताओं और सरदार सेना के पदाधिकारियों ने बुके और अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। इस दौरान पूर्व सांसद राजेश मिश्रा, पूर्व विधायक अजय राय, राघवेंद्र चौबे, सरदार सेना के प्रदेश अध्यक्ष छोटेलाल मौर्या, अरविंद सिंह पटेल पूर्व प्रत्याशी स्नातक एमएलसी, अमर बहादुर सिंह पूर्व आईएफएस इत्यादि लोग मौजूद रहे।

गिनाई छग मॉडल ...

सुविधाएं और विकास उत्तर प्रदेश में भी देखना चाहता हूं। इसलिए विधानसभा चुनाव में आप सभी दलित, मजदूर, किसान एकजुट हो कर कांग्रेस को वोट दें। जुमलेबाजों को परास्त कर धर्म और जाति की राजनीति करने वालों को सत्ता से दूर करें। इस दौरान सरदार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा आरएस पटेल, पूर्व सांसद डा. राजेश मिश्र, पूर्व विधायक अजय राय समेत कई लोग मौजूद रहे।

Government Polytechnic Bhatapara
शासकीय पॉलीटेक्निक भाटापारा (छ.ग.)
Main Road Deori, District Balodabazar-Bhatapara 493113 (C.G.) India
मेन रोड देवरी, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा 493118 (छ.ग.) भारत
क्रमांक/शा.पॉ.भा./टेंडर/2021/725 भाटापारा, दिनांक 27/12/2021
// सूचना //
सूचित किया जाता है कि संस्था द्वारा पार्टीशन पैनल कार्य हेतु निविदा सूचना क्रमांक/GPB/Store/Tender/2021/656 भाटापारा दिनांक 08.12.2021 जारी किया गया है। उक्त निविदा सूचना की अंतिम तिथि दिनांक 30.12.2021 को संशोधित कर दिनांक 06.01.2022 की जाती है।
प्राचार्य
शासकीय पॉलीटेक्निक भाटापारा
जी-66409/3

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सरोरा रोड, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर फ्लैट नंबर 103, प्रथम तल, वर्मा एग्जोटीका, सर्किट हाउस के सामने बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- प्रमोद शर्मा*
डाक पंजीयन क्रमांक जी.2-112/सी.जी./बी.एल.पी./108/2020-2022, email: navpradesh@gmail.com, फोन नंबर : 9165929029

सीएम आज छुईखदान-गण्डई क्षेत्र को देंगे 59 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

छुईखदान एवं गण्डई में श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर का होगा शुभारंभ

राजनांदगांव/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज राजनांदगांव जिले के गण्डई में राष्ट्राता सावित्री बाई फुले जयंती एवं सम्मान समारोह मां भगवती शाकम्भरी पूजा-अर्चना कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री इस अवसर पर छुईखदान एवं गण्डई क्षेत्र को 58 करोड़ 89 लाख रूपए के विकास कार्यों की सौगात देंगे। मुख्यमंत्री नगर पंचायत छुईखदान एवं गण्डई में जनसामान्य को शासन द्वारा लोगों को सस्ती दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर का भी विधिवत शुभारंभ करेंगे। खाद्य मंत्री एवं राजनांदगांव जिले के प्रभारी मंत्री अमरजीत भगत, विधायक लांजी-किरनापुर सुश्री हिना कांवरे, जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष नवाज खान, शाकम्भरी बोर्ड के अध्यक्ष राम कुमार पटेल सहित टिकेश्वरी पटेल, सर्वश्री सुखदेव पटेल, विजय पाटिल, देवचरण पटेल, राजेन्द्र नायक, आत्माराम पटेल, पतिराम पटेल, बरतराम पटेल, गजेन्द्र ठाकुर कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि होंगे।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल नगर पंचायत गण्डई के वार्ड क्रमांक-7 में 25 लाख 3 हजार रूपए की लागत से पौनी-पसारी योजना के तहत निर्मित अधोसंरचना तथा छुईखदान ब्लॉक के ग्राम खैरबना में 75.23 लाख रूपए की लागत से निर्मित शासकीय हाई स्कूल भवन का लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना के अंतर्गत निर्मित पहुंच मार्गों का भी लोकार्पण करेंगे, जिसमें 19.99 लाख रूपए की लागत से गण्डई कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन पहुंच मार्ग, 19.99 लाख रूपए की लागत से हाई स्कूल भवन घिरघोली एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन जंगलपुर के लिए निर्मित पहुंच मार्ग, 10 लाख रूपए की लागत से हाई स्कूल भवन कुम्हरवाड़ा पहुंच मार्ग, 15.49 लाख रूपए की लागत से निर्मित हाई स्कूल भवन घोघा पहुंच मार्ग, 19.84 लाख रूपए की लागत से निर्मित माध्यमिक शाला भवन छुईखदान पहुंचमार्ग, 11.36 लाख रूपए की लागत से बने गण्डई थाना भवन पहुंच मार्ग, 19.94 लाख रूपए की लागत से सामुदायिक केन्द्र गण्डई में पहुंच मार्ग तथा 19.55 लाख रूपए की लागत से खैरबना हाई स्कूल भवन एवं साल्हेकसा में पशु औषधालय तक निर्मित पहुंच मार्ग शामिल हैं।

मुख्यमंत्री इस मौके पर गण्डई एवं छुईखदान क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण एवं विस्तार हेतु 5 करोड़ रूपए की लागत वाले कार्यों का भूमिपूजन करेंगे, जिसमें 2.50 करोड़ की लागत से 30 बिस्तर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण, छुईखदान ग्राम लक्ष्मणपुर, 74.56 लाख रूपए की लागत से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र छुईखदान एवं गण्डई में 10-10 बिस्तर वाले आईसोलेशन वार्ड का निर्माण, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पैलीमेटा में 28 लाख रूपए की लागत से निर्मित होने वाले 2 नग एच टाईप स्टाफ क्वाटर, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र घिरघोली में 90 लाख रूपए की लागत से बनने वाले 2-2 नग एच एवं जी टाईप क्वाटर तथा ग्राम धोधा एवं कोपरो में 55.46 लाख रूपए की लागत से बनने वाले उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण शामिल है। मुख्यमंत्री राष्ट्रीय बागवानी मिशन के तहत खैरागढ़ ब्लॉक के ग्राम कुकुरमुड़ा में एक करोड़ की लागत से निर्मित होने वाले हाईटेक उद्यान नर्सरी की भी आधारशिला रखेंगे। जल जीवन मिशन के तहत 50 करोड़ 41 लाख रूपए की लागत वाली नल जल प्रदाय योजनाओं का भी भूमिपूजन होगा, जिसमें ग्राम पाटा, गोलरडीह, मगरकुण्ड, बेलगांव, जीराटोला, साल्हेवारा, राजाबर, लालपुर, खादी, कोसमर्रा, डुमरिया, सिंगापुर, जामगांव, सरईपतेरा, देवपुराघाट, बंजारपुर, समनापुर, तेंदूभांठा, गातापार, सरोधी, बुढ़ासागर, सेतवा, इरीमकसा, दनिया, चिलगुडा, बिरखा, भुरभुसी, पेंडरवानी, चकनार, ढाबा, लिमो, संडी, मानिकचौरी, गर्रा, कृतबांस, बागुर, पथर्रा, खौडा, कालेगोंदी, सर्राकापा, खोंघा, बेलगांव, चारभांठा, मरदकठेरा, पंडरिया, ओटेबंध, धारिया, झूरानदी, खुडमुडी, पदमावतीपुर, मैन्हर, बोरई, साल्हेकला, महराटोला, बाबूनवागांव, ढोंडिया, बघमर्रा, भोरमपुर, आमाघाटकादा, हाटबंजा, सीताडबरी, विचारपुर, कोटरा, श्यामपुर, खैरी और उरतुली ग्राम शामिल हैं।

न्यूज गैलरी

सत्य का प्रतीक जैतखाम पुनः ग्राम धरमपूरा में हुआ स्थापित

कवर्धा/नवप्रदेश। छग के धरती पवित्र भूमि गिरौदपुरी से पूरे देश और दुनिया मे सत अलख जगाने व ज्ञान के प्रकाश फैलाने वाले परम पूज्य बाबा गुरुघासीदास के सत्य के प्रतीक जैतखाम नव वर्ष में पुनः ग्राम धरमपूरा में स्थापित हो गया। पूरे मानव समाज के लिए गौरव की बात है। पूज्य बाबा की कृपा हम सब पूरे समाज पर बनी रहे मैं बाबा जी से कामना करता हूँ प्रार्थना करता हूँ, लंबे समय से सतनामी समाज के लोग जैतखाम स्थापित कराने में लगें थे जो पूरा हुआ समाज मे हर्ष व्याप्त है। जैतखाम स्थापित कराने में विधायक व मंत्री मो. अकबर के विशेष पहल से संभव हो पाया साथ मे सर्व समाज का सहयोग प्राप्त हुआ। सतनामी समाज के वरिष्ठ व पूर्व अध्यक्ष अगमदास अनंत ने मंत्री और सर्व समाज प्रमुख जिन्होंने ने जैतखाम स्थापित कराने में प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष सहयोग मिला आप सभी का हृदय धन्यवाद किया।

अपनी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर रोजगार संघ ने सीएम को सौंपा ज्ञापन

खरोरा/नवप्रदेश। रोजगार सहायकों को नियमितीकरण, रोजगार सहायकों को पंचायत विभाग में मर्ज, वरियता के आधार पर प्रमोशन, बर्खास्तगी की जगह निलंबन, अनुकंपा नियुक्ति का लाभ देने सहित अपनी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर छग रोजगार सहायक संघ के पदाधिकारियों ने सीएम भूपेश बघेल को ज्ञापन सौंपकर मांगें पूरी करने की मांग की। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को दुर्ग में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अपनी लंबित मांगों से अवगत कराया गया। इस दौरान रोजगार सहायक संघ के पदाधिकारी देवेन्द हिरवानी संभाग अध्यक्ष दुर्ग व जिलाध्यक्ष बालोद संजय सोनवानी, मनोज देवांगन जिला मीडिया प्रभारी बालोद, स्वाती मार्कण्डेय सहित अन्य उपस्थित रहे।

मेयर को नव वर्ष की बधाई देने लोगों का लगा रहा तांता

दुर्ग/नवप्रदेश। महापौर धीरज बाकलीवाल और आयुक्त हरेश मंडावी को नव वर्ष की बधाई एवं शुभकामनाएं देने निगम के अधिकारी एव कर्मचारियों समेत नागरिकों का तांता लगा रहा। दोनों को फूलों का गुलदस्ता भेंट करते हुए उनके बेहतर भविष्य की कामना की। महापौर एवं आयुक्त ने निगम अधिकारी और कर्मचारियों का तहे दिल से अभिवादन किया उन्होंने कहा कि दुर्ग नगर निगम के समस्त कर्मचारियों की सहभागिता से दुर्ग निगम को देश में 17वां स्थान प्राप्त हुआ है। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि निगम कर्मचारियों के संयुक्त प्रयास से वर्ष 2022 के स्वच्छता सर्वेक्षण में दुर्ग नगर निगम निश्चित ही तरक्की करेगा और देश में सर्वश्रेष्ठ दर्ज निगम का औदा हासिल करने में सफल होगा। साथ ही उन्होंने शुभकामनाएं देते हुए उनके सुख समृद्धि की कामना की और उन्होंने कोविड 19 के नियमो का पालन करने को कहा गया। उन्होंने कोरोना के बढ़ते खतरे को देखते हुये लोगों को कोविड 19 के प्रोटोकॉल ओर सोशल डिस्टेंसिग का पूर्ण पालन करने की अपील की।

कोरोना का कहर बढ़ा, भीड़ को रोकने शासन ने सख्त आदेश नहीं किए जारी : खुराना

दुर्ग/नवप्रदेश। बीते 7 दिन में कोरोना का कहर बढ़ता जा रहा है पर देखा जा रहा है की बाजार में कोई सरकार की तरफ से कोई सख्ती के निर्देश नहीं आए जिससे जनता को रोका जा सके। प्रशासन को वापस किसी भी तरह की रैली, सभा और भीड़ भाड होती है, वहां पर रोक लगानी चाहि ताकि कोरोना की पहली व दूरी लहर में जो कमियां सामने आयी थी वो तीसरी लहर में न हो। अरविन्दर सिंह खुराना ने कहा सब से ज्यादा जरूरी अब हम सब की भी नैतिक जिम्मेदारी। कोरोना की दूसरी लहर ने बहुत से घरों में अंधेरा कर दीया था।

हमारी खुद की ये नैतिक जिम्मेदारी है की हम खुद भी पूरा अहितियात बरते जैसे मास्क पहने बिना बाहर ना जाए, भीड़ भाड़ वाली जगहों में जाने से बचें, बच्चों को बाहर ना भेजे। जिनके घर में बुजुर्ग है उनका ख्याल रखें।

जात-पात से ऊपर उठकर बाबा के बताए सतमार्ग के रास्ते पर चलें : दुर्गा राय

खरोरा/नवप्रदेश। बाबा गुरु घासीदास के 265वीं जयंती गुरु पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ ग्राम बाना विकासखंड आरंग में सत्य के प्रतीक जोड़ा जैतखाम में पालो चढ़ाकर मंगल आरती कर दुर्गा राय जिला पंचायत सदस्य एवं भोजराम मनहरे प्रदेश सचिव प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज युवा प्रकोष्ठ के आतिथ्य में मनाई गई। बाबा गुरु घासीदास की मंगल आरती में बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही। अतिथियों का साल, श्रीफल से स्वागत किया गया तथा ग्राम परसाठी बालिका पंथी पार्टी के द्वारा बाबाजी के संदेशों को मंगल भजन और पंथी नृत्य के माध्यम से गुणगान किया गया। रात्रि में सांस्कृतिक लोक कला मंच मन के अंगना मनोज आडिल के द्वारा प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर संत समाज को संबोधित करते हुए दुर्गा राय ने बाबा जी के बताए रास्ते पर चलने मनखे मनखे एक बरोबर के सिद्धांतों को अपनाने, छुआछूत, जात-पात, ऊंच-नीच, अमीरी गरीबी से ऊपर उठकर नशा पान, जुआ, मांस मदिरा, जीव हत्या नहीं करने का आव्हान किया तथा समाज में जात पात की बेड़ियों में जकड़े समाज को इस स्त्री पुरुष दो जाति की सार्थकता बताई। उन्होंने बाबा जी के व्यक्तित्व और कृतित्व को जीवन में अपनाने की बातें कही व समाज के सामुदायिक सतनाम भवन जीर्णोद्धार के लिए चार लाख की स्वीकृति प्रदान की।

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष के एक साल पूरा, कार्यकर्ताओं में उत्साह

देवभोग/नवप्रदेश। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भूपेंद्र माझी के कार्यकाल का एक साल पूरा हो गया। इस 1 वर्ष में पार्टी की मजबूती के लिए कई तरह का अभियान उन्होंने चलाया जिसके बदौलत पार्टी से दूर रहे कार्यकर्ताओं ने फिर कांग्रेस का दामन थामा। 1 साल के कार्यकाल को साझा करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम का मार्गदर्शन क्षेत्र के लोगों को जोड़ने में काफी काम आया, भाजपा की तुलना कांग्रेस की स्थिति में थोड़ी कमजोर रही, लेकिन अब पुराने कांग्रेसियों के दिखाए रास्ते से लोगों को फिर साथ जोड़ने में आसानी हो रही है। खासकर पिछड़ा वर्ग के लोगों को जोड़ना आवश्यक रहा। इसके साथ मुख्यालय से राजधानी मार्ग खस्ताहाल होने के चलते अक्सर प्रदेश स्तरीय नेता नहीं पहुंच पाते, मगर अब ऐसा देखने को नहीं मिला। पदयात्रा में पीसीसी चीफ

मोहन मरकाम शामिल होने के बाद कैबिनेट मंत्री कवासी लखमा और अमरजीत भगत का दौरा हुआ इससे और भी ज्यादा कार्यकर्ता में उत्साह देखने को मिला शायद यही वजह है कि पहले की तुलना अब युवा पार्टी की मजबूती के लिए डोर टू डोर भूपेश बघेल की योजनाओं का बखान कर रहे और योजनाओं का लाभ भी दिला रहे।

कट्टर भाजपाई कांग्रेस में शामिल :

भूपेंद्र माझी की सामाजिक पकड़ के चलते कट्टर भाजपाइयों को कांग्रेस में शामिल किया जा रहा है। धीगियामुड़ा के कट्टर भाजपा कार्यकर्ता केशव राम नायक, हरिशंकर, ओमनाथ, नागेश सहित डेढ़ सौ लोगों को कांग्रेस में शामिल किया गया है। इसके अलावा बीते दिसंबर माह पर मिस्त्री संघ के 120 लोगों को पार्टी में लाया गया। लगातार सदस्यता अभियान चलाकर बीजेपी के कार्यकर्ताओं के साथ ही अन्य युवाओं को भी कांग्रेस में शामिल किया गया।

युवाओं में नजर आ रहा उत्साह :

भूपेंद्र माझी के कमान संभालने के बाद पहली बार युवाओं को कांग्रेस में उचित स्थान और सम्मान मिलने की बात कही जाती है। इसलिए आज कार्यक्रमों में युवाओं की भूमिका ज्यादातर होती है। जमीनी स्तर पर गांव गांव में कांग्रेस को मजबूत करने के लिए काफी कम समय में बूथ का गठन किया गया हालांकि अब तक सभी जगह बूथ का गठन नहीं हो पाया है लेकिन बीते 3 माह से दिए 95 टारगेट अनुसार अब तक 85 जगह बूथ का गठन किया जा चुका है। मतलब एक बूथ के पीछे 21 लोगों को पार्टी से जोड़ने में कामयाबी मिली है।

विधायक के प्रयास से नख्खी बाबा तालाब का होगा जीर्णोद्धार

भाटापारा/नवप्रदेश। भाटापारा हथनीपारा वार्ड, महावीर वार्ड एवं सुभाष वार्ड के मध्य स्थित ऐतिहासिक नवधा मंडप जहां वर्ष 1962 से भगवान राम के नाम की स्तुति हो रही हो उस नवधा रामायण मंडप की सेवा सौभाग्यशाली लोग ही करते हैं और मुझे यह सौभाग्य 1998 में मिला जब मैं आप लोगों के आशीर्वाद से पहली बार विधायक बना। उक्त बातें विधायक शिवरतन शर्मा ने नगर के ऐतिहासिक नखखी बाबा तालाब के जीर्णोद्धार के अवसर पर भूमि पूजन के दौरान कही। उन्होंने बताया कि 20 लाख की लागत से अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट से राशि स्वीकृत उक्त तालाब के जीर्णोद्धार के लिए किया जा रहा है। विधायक ने आगे कहा कि 1998 में सरोवर हमारी धरोहर के तहत उक्त तालाब में पचरी निर्माण के कार्य हुए थे। प्रदेश में हमारी 15 साल तक सरकार रही भले ही बीच में 10 साल तक विधायक

ना रहते हुए भी मैंने नवधा रामायण के भवन को नया बनवाया, हंथनीपारा में रावणभाठा मैदान के लिए बाउंड्रीवाल, मुक्तिधाम के लिए शेड एवं बाउंड्रीवॉल, पानी टंकी का निर्माण करवाया ताकि हथिनीपारा सहित समस्त वार्डों के निवासियों को पानी की समस्या से निजात मिल सके, शीतला माता मंदिर सामुदायिक भवन एवं जीर्णोद्धार सहित हंथनीपारा के समस्त वार्डों की आंतरिक सड़कों का निर्माण करने का कार्य करवाया। 03 सालों से प्रदेश की कांग्रेस सरकार के दौरान नगर को इस सरकार से कोई सहयोग नहीं मिल रहा है। यहां तक की 2 साल पूर्व नगर पालिका के शपथ ग्रहण समारोह में जो पांच करोड़ रुपए की घोषणा की गई थी, उस राशि का आज तक अता पता नहीं है। आज प्रदेश सरकार का यह हाल है कि बीते 03 सालों में इस सरकार ने 51,194 करोड़ का कर्ज ले रखा है जिसका कर्ज आखिरकार हम जनता को ही उतारना पड़ेगा। इस सरकार ने प्रधानमंत्री आवास का काम रुकवा दिया है जिसकी वजह से दिल्ली से आई हुई लगभग 21 लाख मकान की राशि वापस चली गई, आज कई परिवारों के मकान अधूरे पड़े हैं इसका जवाब प्रदेश की जनता जरूर देगी। शर्मा ने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी की सरकार तो आप सबके लिए उज्जवला योजना के तहत रसोई गैस देने की व्यवस्था की घर-घर शौचालय का निर्माण करवाया तथा अब प्रत्येक घरों में पानी पहुंचाने की व्यवस्था भी केंद्र सरकार की योजना में है। उक्त अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता सुकृत साहू , युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुनील यदु, एवं वरिष्ठ नागरिक खूबी राम साहू ने वार्ड में विधायक शिवरतन शर्मा के द्वारा किए गए कार्यों के लिए उनका आभार व्यक्त किया सभा का संचालन लखन साहू ने किया।

प्रभारी अधिकारी भू-आबंटन एवं अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर को नोटिस

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर के ग्राम बोरियाखुर्द में सामुदायिक भवन के लिए शासकीय भूमि आबंटन के संबंध में त्रुटिपूर्ण इश्तिहार जारी करने के मामले में कलेक्टर रायपुर में भू-आबंटन शाखा के प्रभारी अधिकारी एवं अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर को कारण बताओ नोटिस जारी कर उनसे जवाब मांगा है। ज्ञातव्य है कि उक्त दोनों अधिकारियों द्वारा शासकीय भू-आबंटन के लिए निर्धारित नियम के पालन में लापरवाही बरतते हुए दावते इस्लामी संस्था छत्तीसगढ़ रायपुर को सामुदायिक भवन निर्माण हेतु बोरियाखुर्द में 10 हेक्टेयर भूमि आबंटन के लिए इश्तिहार जारी किया गया। सामुदायिक भवन के लिए संस्था की ओर से यह आवेदन सैय्यद कलीम द्वारा 28 जनवरी 2021 को दिया गया था।

आवेदन प्राप्त होने पर अत्तिरिक्त तहसीलदार द्वारा प्रारंभिक प्रक्रिया अंतर्गत इश्तिहार प्रकाशन हेतु ज्ञापन जारी किया गया। इश्तिहार प्रकाशन उपरान्त आवेदक द्वारा अतिरिक्त तहसीलदार के न्यायालय में उपस्थित होकर अपना आवेदन यह कहकर वापस ले लिया गया कि त्रुटिवश उनके द्वारा रकबा 10 हेक्टेयर लिखा गया है, जबकि उन्हें केवल 10 हजार वर्गफुट की ही आवश्यकता है। उनके द्वारा आवेदन पत्र में खसरा नंबर भी गलत लिखा गया है। इसके पश्चात् तहसीलदार न्यायालय द्वारा 01 जनवरी 2022 को आवेदन पत्र निरस्त कर प्रकरण नस्तीबद्ध कर दिया गया।

यहां यह उल्लेखनीय है कि आरबीसी के प्रावधान अंतर्गत 10 हजार वर्गफुट भूमि आबंटन तहसीलदार/जिला स्तर पर नहीं किया जा सकता। किसी संस्था को भूमि आबंटन विस्तृत प्रक्रिया/दावा आपत्ति पश्चात शासन को अनुमोदन हेतु प्रेषित किया जाता है।

देश में बढ़ते कोरोना संक्रमण पर सोनिया गांधी ने जताई चिंता

सीएम भूपेश से छग में तैयारियों को लेकर ली जानकारी

रायपुर/नवप्रदेश। देश में तेजी से बढ़ रहे कोरोना संक्रमण से चिंतित कांग्रेस की राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सोनिया गांधी ने रविवार को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से छत्तीसगढ़ राज्य में कोरोना की तीसरी लहर एवं ओमिक्रॉन संक्रमण की रोकथाम की तैयारियों के संबंध फोन पर चर्चा कर जानकारी ली। सीएम ने बताया कि राज्य के कुछ शहरी इलाकों जैसे रायगढ़ एवं रायपुर में कोरोना संक्रमितों की संख्या बढ़ी है। छत्तीसगढ़ राज्य के लिए ओमिक्रॉन की टेस्टिंग का सेंटर ओडिशा निर्धारित किया गया है। सैम्पल टेस्टिंग के लिए ओडिशा भेजे जा रहे हैं, परन्तु वहां सेंपल की संख्या अधिक होने के कारण टेस्टिंग में विलंब हो रहा है। श्री बघेल ने बताया कि राज्य में अभी तक ओमिक्रॉन का कोई भी केस नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा संक्रमण की रोकथाम और प्रभावितों के इलाज की सारी व्यवस्था की गई है। राज्य में आरटीपीसीआर टेस्ट लगातार तेजी से कराए जा रहे हैं और पॉजिटीव पाए गए लोगों का इलाज भी लगातार किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने सोनिया गांधी को आश्वस्त किया कि राज्य में कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए गाइडलाइन का पालन सुनिश्चित करने की समझाईश देने के साथ ही सार्वजनिक स्थलों एवं कार्यक्रमों में भीड़-भाड़ की रोकथाम तथा मास्क लगाने जैसे ऐहतियाती कदम उठाए गए हैं। राज्य के अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केन्द्रों में बेड, आईसोलेशन वार्ड, ऑक्सीजन आदि की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

सिंगल क्लिक भवन अनुज्ञा प्रणाली का आज सीएम करेंगे शुभारंभ

दुर्ग/नवप्रदेश। भवन अनुज्ञा में नागरिकों को सुविधा देने एवं पूर्ण पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से अब भवन अनुज्ञा का सरलीकरण करते हुए प्रदेश के निवासी पांच सौ वर्ग मीटर भवन तक आवेदन शुल्क 1 रुपए में डायरेक्ट भवन अनुज्ञा प्राप्त कर सकेंगे। इस नवीनतम ऑनलाइन भवन अनुज्ञा प्रणाली लागू का मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा आज दोपहर 12 बजे वर्चुअल माध्यम से रायपुर से पूरे प्रदेश में डायरेक्ट बिल्डिंग परमिशन स्कीम और सॉफ्टवेयर सिस्टम का उद्घाटन करेंगे। वर्चुअल उद्घाटन में नगर निगम दुर्ग के डाटा सेंटर से विधायक अरुण वोरा, महापौर धीरज बाकलीवाल, निगमायुक्त हरेश मंडावी और सभापति राजेश यादव समेत विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहेंगे। बिल्डिंग परमिश स्किम और सॉफ्टवेयर जिससे प्रदेश के नागरिकों को लाभ देने के उद्देश्य से पूर्व से प्रचलित भवन अनुज्ञा स्वीकृति व्यवस्था के सुचारु क्रियान्वयन से प्रदेश में मानवीय हस्तक्षेप रहित सिंगल क्लिक भवन अनुज्ञा प्रणाली' लागू किया जा रहा है।

डांस प्रतियोगिता में प्रतियोगियों ने बिखेरी छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति की खुशबू

खरोरा/नवप्रदेश। ग्राम मढ़ी में राज्य स्तरीय भव्य रिकार्डिंग डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आसपास सहित रतनपुर, मनेन्द्रगढ़, रायपुर, भिलाई, जांजगीर, चांपा, कोरबा, बिलासपुर, राजनांदगांव, महासमुंद, दुर्ग, बेमेतरा, कवर्धा आदि जिलों से भी बड़ी संख्या में प्रतिभागी शामिल हुए और अपने डांस का जादू बिखेरा। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति, फिल्मी और पारंपरिक नृत्यों ने खूब रंग जमाया। सुबह नौ बजे तक चले कार्यक्रम में गुलाबी ठंड के बीच दर्शक दीर्घा पारंपरिक धुनों में थिरकते भी नजर आए। सामूहिक विधा में जय मां शारदा डांस ग्रुप, कचना प्रथम, एडवेंचर डांस ग्रुप राजनांदगांव द्वितीय, स्वरागिनी डांस ग्रुप रतनपुर तृतीय, एमजे डांस ग्रुप तिल्दा चतुर्थ और आर्यन डांस ग्रुप कुंरा पंचम स्थान पर रहा। वहीं एकल विधा पर

चंद्रमुखी कोरबा प्रथम, जिंदा रोबोट भिलाई द्वितीय, मोनू रायपुर तृतीय स्थान पर रहे। तो वहीं युगल विधा पर राधा-मीरा जशपुर प्रथम, अंश-अंशिका मस्तुरी द्वितीय, वरूण-बलराम सिमगा तृतीय स्थान पर रहे। बेस्ट गीत पर रिद्धि-सिद्धि बेमेतरा, बेस्ट अनुशासन पर मां शारदा ग्रुप बोरियाखुर्द व बेस्ट वेशभूषा पर आशीष यादव टेकारी रहे। कार्यक्रम में गांव के मितानिनों, स्वास्थ्य विभाग और पुलिस विभाग को कोरोना वारियर्स के रूप में सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे युवा कवि केशव पाल ने अपने-शेरो-शायरियों से लोगों को रात भर गुदगुदाते रहे। इस अवसर पर जनपद सदस्य ठाकुर राम वर्मा, मुक्तानंद शर्मा सरपंच, शत्रुहन साहू उपसरपंच, नरेन्द्र पैंकरा,जगमोहन सोनवानी, शेखर पाल, चोवाराम पाल, सेतराम पाल, अरविंद पैकरा, लेखराम पाल, रोशन पैंकरा, तरूण ध्रुव, मोहित पाल मनहरण भट्ट सहित बड़ी संख्या मे ग्रामवासी उपस्थित थे।

बंगलोर में लगी केरिकेचर प्रदर्शनी में सबसे पहले छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री बघेल को दिया गया स्थान

रायपुर (नवप्रदेश)। कार्टून फेस्टिवल के दौरान बंगलोर में लगी केरिकेचर प्रदर्शनी में सबसे पहले छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को स्थान दिया गया है। यह प्रदर्शनी 21 दिनों तक चलेगी। गैलरी के संचालक वी जी नरेंद्रा ने बताया कि चूँकि यह कार्टून महोत्सव छत्तीसगढ़ से प्रकाशित होने वाली कार्टून पत्रिका के सहयोग से हो रहा है, हमने प्रदेश के मुखिया को यह सम्मान प्रदान किया है। इस केरिकेचर को ननजुंदा स्वामी ने बनाया है। श्री नरेंद्रा ने बताया कि इस गैलरी में अब तक 175 से अधिक प्रदर्शनी लग चुकी है लेकिन यह पहली बार है जब हमने तीन फीट बाय दो फीट के कार्टून लगाए हैं और यह भी पहली बार है कि हमने किसी प्रदेश के मुख्यमंत्री को विशेष रूप से उल्लेखित किया है। उन्होंने कहा कि कार्टून वॉच पत्रिका ने लगातार 25 साल प्रकाशित होने और देश की एकमात्र पत्रिका होने के कारण आज छत्तीसगढ़ कार्टून कला की राजधानी बन गया है। ऐसे में इस प्रदेश का सम्मान तो होना ही चाहिए। इस प्रदर्शनी में डॉ एपीजे अब्दुल कलाम और बाला साहेब ठाकरे के केरिकेचर भी लगे हैं।

नवनिर्वाचित पार्षद ने ली शपथ

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने तुलसीपुर वार्ड नं. 17 की नव निर्वाचित पार्षद चंद्रकला देवांगन को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में पार्षद पद की शपथ दिलाई। पार्षद ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ अंत्यावसायी वित्त विकास निगम के अध्यक्ष धनेश पटिला, महापौर हेमा देशमुख, छत्तीसगढ़ खादी ग्रामोद्योग के सदस्य किशन खण्डेलवाल, नगर निगम अध्यक्ष हरिनारायण पप्पू धकेता, नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु, पूर्व महापौर सुदेश देशमुख, पूर्व निगम अध्यक्ष रमेश डाकलिया, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कुतबुद्दीन सोलंकी, वरिष्ठ पार्षद कुलबीर सिंह छाबड़ा, नगर निगम आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्यगण, पार्षदगण, नामांकित पार्षदगण सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

दुष्कर्म के आरोपी को दस वर्ष का सश्रम कारावास

राजनांदगांव/नवप्रदेश। दुष्कर्म के आरोपी को फास्ट ट्रेक कोर्ट ने दस वर्ष की सश्रम कारावास की सजा दी है। साथ ही एक हजार रुपए के अर्थदंड से भी दंडित किया गया है। जानकारी के मुताबिक, थाना लालबाग क्षेत्रांतर्गत आरोपी जवाहर लोधी पिता माखन लोधी 38 साल निवासी चिखली ने ढाई वर्ष पूर्व एक 50 वर्षीय महिला जो अपने घर में सो रही थी, तो उसे डरा-धमका कर जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। रिपोर्ट पर थाना लालबाग द्वारा मामला पंजीबद्ध कर जांच में लिया गया था। संपूर्ण जांच उपरांत आरोपी जवाहर लोधी के विरुद्ध अभियोग पत्र अन्तर्गत धारा 376, 506 भारतीय दण्ड संहिता विचारण हेतु न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। अपर सत्र न्यायाधीश, फास्ट ट्रेक कोर्ट, राजनांदगांव अभिषेक शर्मा द्वारा विचारण उपरांत मामले में 1 जनवरी 2022 को निर्णय घोषित कर आरोप प्रमाणित पाये जाने पर आरोपी जवाहर लोधी को धारा 376 भारतीय दंड संहिता के अपराध के आरोप में 10 वर्ष (दस वर्ष) के सश्रम कारावास एवं 1000 रूपये (अक्षरी एक हजार रूपये) के अर्थदंड एवं धारा 506 भाग-दो भारतीय दंड संहिता के अपराध के आरोप में 01 वर्ष (एक वर्ष) के सश्रम कारावास एवं 1000 रूपये (एक हजार रूपये) के अर्थदंड से दण्डित किये जाने का दंडादेश पारित किया गया है।

बेमेतरा के लोलेसरा में आयोजित मेले की तैयारी का जायजा लेने पहुंचे मंत्री साहू

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा जिलें के ग्राम लोलेसरा में प्रतिवर्षानुसार आयोजित पंथ श्री उग्रनाम साहेब स्मृति संत समागम समारोह की तैयारी का जायजा लेने रविवार को छत्तीसगढ़ के गृह, लोक निर्माण मंत्री ताम्रध्वज साहू पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों, कार्यकर्ताओ व कबीरपंथी सेवकों से आयोजन की तैयारी पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने बिजली, पानी, आवागमन, पार्किंग आदि के बारे में मुआयाना किया। साथ ही इन सब के समूचित व्यवस्था के लिए जिला प्रशासन के अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर उनके साथ बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा, कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुमन गोस्वामी, बेमेतरा जपं उपाध्यक्ष मिथलेश वर्मा, नपा अध्यक्षा शकुंतला साहू आदि सहित अन्य लोग उपस्थित रहें। तत्पश्चात बेमेतरा के वार्ड क्रमांक 12 में बनने वाले कर्मा माता चौक का भूमिपूजन किया गया।

मुख्यमंत्री आज सिलघट भिंभौरी प्रवास पर

बेमेतरा/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सोमवार 3 जनवरी को बेमेतरा जिले के विकासखण्ड बेरला के ग्राम सिलघट (भिंभौरी) में अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा आयोजित जिला स्तरीय गर्भ संस्कार महोत्सव में शामिल होंगे। निर्धारित दौरा कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री दोपहर 12 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा रायपुर के पुलिस ग्राउंड से रवाना होकर 12:15 बजे खेल मैदान शासकीय हाई स्कूल भिंभौरी आगमन होगा। दोपहर 12:15 से 1:20 बजे तक ग्राम सिलघट में जिला स्तरीय गर्भ संस्कार कार्यक्रम में शामिल होंगे। तत्पश्चात मुख्यमंत्री दोपहर 1:25 बजे भिंभौरी से गण्डई जिला राजनांदगांव के लिए प्रस्थान करेंगे।

गरियाबंद में एसटीएफ व नक्सलियों में मुठभेड़, गोली लगने से एक जवान घायल

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले मैनपुर सीमा से सटे आमामोरा ओड ताराझर में एसटीएफऔर नक्सलियों बीच रविवार को मुठभेड़ हुई। गरियाबंद जिले की जिला पुलिस और एसटीएफ के जवान में शामिल थे। मुठभेड़ में एसटीएफका जवान युवराज सागर गोली लगने से घायल हो गया। नक्सलियों की ओर से चलाई गई। गोली जवान युवराज सागर के पेट की पसली में लग गई। गंभीर रुप से घायल जवान को पहले मैनपुर के स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। वहां डाक्टरों ने पट्टी बांधने के बाद रायपुर रेफर कर दिया। घायल जवान को हेलीकाप्टर से रायपुर लाया गया। उसे रामकृष्ण केयर अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर एसटीएफजवानों की टुकड़ी निकली थी। जंगल में छिपे नक्सलियों ने जवानों ने गोली चलाना शुरू कर दिया। जवानों ने जवाबी फायरिंग की। इस दौरान नक्सलियों की एक गोली जवान युवराज सागर के पेट के पसली में लग गई। खून से लथपथ जवान को साथी जवानों ने मुठभेड़ स्थल से बाहर निकला। गंभीर रुप से घायल जवान को रायपुर में भर्ती कराया गया है। वही घटना के बाद गरियाबंद पुलिस अधीक्षक जेआर ठाकुर, उपपुलिस अधीक्षक चन्द्रेश ठाकुर सहित जिले के पुलिस विभाग के सभी आला अधिकारियों मैनपुर भाठीगढ़ स्थित स्टेडियम पहुच गए है ।

कोदवा बनता जा रहा अवैध व्यापार का गढ़

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेरला ब्लाक का ग्राम कोदवा लंबे समय से अवैध कारोबार के लिए चर्चा में है। यहां अवैध कारोबार, व्यापार खुलेआम व बेखौफ हो रहा है। चाहे सट्टे की बात हो, गली-गली में बिक रही गांजे, शराब की बात हो या फिर जुआ की सभी अवैध कारोबार बदस्तूर जारी हैं। इसका एक कारण यह भी हैं कि ग्राम कोदवा बेरला ब्लाक के अंतिम छोर पर स्थित है। बेरला ब्लाक वर्तमान गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू का गृहग्राम हैं, उसके बाद भी इन अवैध कारोबरा का बंद होना तो दूर इन पर लगाम व कार्यवाही भी ना होना समझ से परे हैं। ग्राम कोदवा पुलिस अनुविभागीय बेरला क्षेत्र के अंतर्गत आता हैं, जो कि देवकर चौकी एवं साजा थाना की निगरानी में हैं। वहीं ग्राम परपोडा जुआ का गढ़ होने का ख्याति प्राप्त हैं। वहीं वर्तमान में ग्राम मोहभट्टा में अवैध गांजा की बिक्री जोरों पर चल रही हैं। मोहभट्टा के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल के सामने लंबे समय से अवैध रुप से गांजा बेचने का कारोबार किया जा रहा है।

बोलेरो की छत से 7 लाख रुपए का गांजा बरामद, पकड़े गए 2 तस्कर

- **ओड़िशा से 1 क्विंटल गांजा लेकर राजस्थान जा रहे थे तस्कर**

कोंडागांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की कोंडागांव पुलिस ने गांजा की एक बड़ी खेप पकड़ी है। पुलिस ने 1 क्विंटल गांजा के साथ 2 तस्करों को गिरफ्तार किया है। जब्त किए गए गांजे की कीमत करीब 7 लाख रुपए है। तस्कर ओड़िशा से बोलेरो वाहन की छत में बड़ी चालाकी से छिपा कर राजस्थान ले जा रहे थे, लेकिन पुलिस की मजबूत सूचना तंत्र की वजह से तस्करों के मंसूबे पर पानी फिर गया। कोंडागांव एसपी सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन में जिले के सभी थाना क्षेत्र में मादक पदार्थो की तस्करी रोकने लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में 1 जनवरी को मुखबीर ने कोंडागांव सिटी कोतवाली पुलिस को सूचना दी कि कुछ व्यक्ति सफेद रंग के बोलेरो वाहन में गांजा तस्करी करते हुए जगदलपुर से रायपुर की ओर जा रहे है कि, सूचना पर मर्दापाल तिराहा के पास थाना कोण्डागांव पुलिस द्वारा एमसीपी लगाकर चेकिंग की जा रही थी तभी जगदलपुर तरफ से एक सफेद रंग की बोलेरो वाहन को संदेह के आधार पर चेक किया गया जिसमें गांजा जैसे मादक पदार्थ की गंध आने पर बारिकी से तलाशी लेने पर बोलेरो वाहन के छत में एक विशेष प्रकार का चेंबर बनाकर प्लास्टिक पैकेट में गांजा रखा गया था। जिसे निकालने पर 22 पैकेट में लगभग 100 किलोग्राम गांजा मिला। पकड़े गए आरोपी असलम शेख पिता मुबारक शेख 37 वर्ष एवं मोहम्मद असरफ पिता मोहम्मद नजर 22 वर्ष दोनों निवासी राजस्थान से पूछताछ करने पर मलकानगिरी ओड़िशा से गांजा भरकर राजस्थान ले जाना बताया। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक अर्चना धुरंधर थाना प्रभारी कोण्डागांव, सहायक उप निरीक्षक डोमन लाल दीवान, दिनेश पटेल, प्रधान आरक्षक महाराणा प्रताप भुआर्य, भावेश मंडावी, नेमीचंद भंडारी, रोहित कोमरा, अरूण मण्डावी, आरक्षक तामेश ठाकुर, संतु नेताम का योगदान रहा है।

किसानों को राहत, धान बेचने के लिए बारदाना की 50% की बाध्यता समाप्त

- **अब सिर्फ 10 प्रतिशत बारदाना के साथ किसान बेच सकेंगे अपना धान**

कवर्धा/नवप्रदेश। राज्य शासन ने खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 में चालू धान खरीदी सीजन में किसानों को धान बेचने के लिए बड़ी राहत दी है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशानुसार कबीरधाम जिले में किसानों को धान बेचने बारदाना के लिए लागू 50 प्रतिशत की बाध्यता समाप्त कर दी गई है। बारदाना के लिए 50 प्रतिशत की बाध्यता समाप्त होने से कबीरधाम जिले के शेष पंजीकृत किसानों को बड़ी राहत मिलेगी। कलेक्टर ने बताया कि जिले में 103 धान उपार्जन केंद्रों में प्रतिदिन धान खारीदी की लक्ष्य तथा किसानों की जारी टोकन के आधार पर बारदाना की व्यवस्था कर ली गई है। अब किसानों को 50 प्रतिशत बारदाना के स्थान में सिर्फ 10 प्रतिशत बारदाना के साथ अपना धान बेच सकते है। कलेक्टर ने बताया कि किसानों को राज्य शासन द्वारा बारदाना के लिए निर्धारित 25 रुपए की दर से किसानों को राशि का भुगतान किया जाएगा। मुख्यमंत्री तथा कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे ने कबीरधाम जिले के एक दिवसीय प्रवास के दौरान कलेक्टर ने जिले में अब तक हुई धान ख़रीदी के संबध में विस्तार से जानकारी दी। न्यूनतम समर्थन मूल्य पर जिले में अब तक 24 लाख 93 हजार 185 सौ क्विंटल धान खरीदी कर ली गई है। जिले में 76 हजार 755 पंजीकृत किसानों ने सुचारू एवं शांति पूर्ण ढंग से बेचा 24 लाख 93 हजार 185 सौ क्विंटल धान बेच लिया है। जिले ने पिछले बरसों की तुलना में धान खरीदी का नया रिकार्ड बना लिया है। महज 23 दिनों में लक्ष्य की तुलना में 55.5 प्रतिशत धान खरीदी कर ली गई है। राज्य शासन द्वारा धान बेचने वाले इन सभी किसानों के खातों में 290 करोड़ रूपए का भूगतान भूगतान भी कर दिया गया है। धान बेचने वाले किसानों के चेहरे में अभूतपूर्व उत्साह और आत्मविश्वास से भरपूर नजर आ रहे है। जिले में 103 धान खरीदी केन्द्रों में पंजीकृत किसानों से सुचारू रूप से धान खरीदी करने की व्यवस्था बनाई गई हैं। समिति प्रबंधन द्वारा पंजीकृत किसानों को घर पहुंच टोकन भी दिए जा रहे है। वहीं इन केन्द्रों में अमानक धान की खरीदी को रोकने और जिले में अन्य राज्यों से आने वाले धान के अवैध परिवहनों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही। इन सब के बीच पंजीकृत किसानों को धान बेचने में किसी भी प्रकार की अनावश्यक परेशानी ना हो इसके लिए भी डिप्टी कलेक्टरों तथा अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है।

1 लाख 14 हजार 967 किसान पंजीकृत

कलेक्टर ने बताया कि खरीफविपणन वर्ष 2021-22 में जिले में 1 लाख 14 हजार 967 पंजीकृत किसान है। इस वर्ष पंजीकृत किसानों से 44 लाख 89 हजार 49 क्विंटल धान खरीदी का लक्ष्य निर्धारित की गई है। जिले के 103 धान खरीदी केन्द्रों में 31 दिसम्बर तक 24 लाख 93 हजार 185 सौ क्विंटल धान की खरीदी कर ली गई है। सुचारू व शांति पूर्ण ढंग से धान की खरीदी हो सके इसके लिए जिले में सीमांत किसान, लघु किसान और दीर्घ किसान तीन वर्ग में विभाजित किया गया है। जिले में सीमांत किसानों में ढाई एकड़ तक 75 हजार 964 पंजीकृत है, जिसमें से 50 हजार 396 किसानों ने धान बेच लिया है। ढाई एकड़ से 5 एकड़ तक के लघु किसानों की संख्या 26 हजार 365 हैं, जिसमें से 17 हजार 165 किसानों ने धान बेच लिया है। पांच एकड़ से दस एकड़ तक जिले में 9700 पंजीकृत किसान है, जिसमें से 6 हजार 259 किसानो ने धान बेच लिया है। इसी प्रकार दस एकड़ से बीस एकड़ तक जिले में दीर्घ किसानो की संख्या 2 हजार 513 है, जिसमें से 1597 ने धान बेच लिए है। बीस एकड़ से अधिक रकबा वाले 424 पंजीकृत किसान है, जिसमें से 255 किसानों ने अपना धान बेच लिया है।

ओलावृष्टि से हुए नुकसान की भरपाई करें प्रदेश सरकार : किसान मोर्चा

भाटापारा/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा किसानों के खातों में दसवीं किस्त के रूप में 21000 करोड़ों पर भेजने के लिए आभार व्यक्त करते हुए भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष गोविंद पटेल, महामंत्री उमाशंकर वर्मा, उपाध्यक्ष संजय चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री हमेशा ही किसानों के उत्थान के लिए चिंतित रहते हैं और उन्होंने समय अनुसार किसानों को उनकी दूसरी किस्त जारी कर अपनी प्रतिबद्धता बताई। भाजपा नेताओं ने कहा कि वहीं दूसरी ओर आज प्रदेश के किसान छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा किए जा रहे बर्ताव से दुखी है पहले तो उनके धान की खरीदी नवंबर महीने के बजाय प्रदेश सरकार ने दिसंबर महीने से शुरू की जिसमें भी किसानों के धान का रकबा कम कर दिया गया और किसान धान बेचने के नाम पर बाढ़ जाने के लिए भटकते रहे और सरकार से बारदाना नहीं मिलने की वजह से वे बाजार से 30 से 40 में बारदाना खरीदने को मजबूर रहे। जो प्रदेश सरकार किसानों को पिछले साल के बाद आने का पैसा दे नहीं पाई वह उन्हें इस वर्ष भी बारदाने की कीमत देने की बात करती रही। वहीं दूसरी ओर पिछले दिनों हुई बेमौसम ओलावृष्टि से किसानों को काफी नुकसान हुआ है परंतु प्रदेश सरकार किसानों को मुआवजा देने के बजाय कोई जवाब नहीं दे रही है। भाजपा नेताओं ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि वह ओलावृष्टि से हुई किसानों की फसल का मुआवजा शीघ्र अति शीघ्र देवें।

ओमिक्रान से बचाव के लिए दिशा निर्देश जारी

बेमेतरा/नवप्रदेश। जिला दंडाधिकारी विलास भोसकर संदीपान ने आज एक आदेश जारी कर बेमेतरा जिला अंतर्गत कोविड-19 के ओमिक्रान के संक्रमण के नियंत्रण एवं रोकथाम को दृष्टिगत रखते हुये निम्नानुसार आदेश जारी किये है जिसमे धार्मिक, खेलकूद, सामाजिक एवं अन्य समस्त प्रकार के आयोजनों हेतु तथा नववर्ष के उपलक्ष्य में आयोजन होने वाले कार्यक्रम स्थलों पर क्षमता के केवल एक तिहाई व्यक्तियों को भाग लेने की अनुमति होगी। किसी भी प्रकार के कार्यक्रम/सभाओं के आयोजन में 200 से अधिक व्यक्तियों की उपस्थिति होने पर कार्यक्रम के आयोजन हेतु इस कार्यालय से पूर्वानुमति प्राप्त किया जाना अनिवार्य होगा। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा तथा आदेश का उल्लंघन करते हुये पाये जाने पर आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 सहपठित एपिडेमिक डिसीज एक्ट 1987 यथा संशोधित 2020 एवं भारतीय दण्ड संहिता 1860 की धारा 188 एवं अन्य सुसंगत विधिक प्रावधानों जो लागू हो के अंतर्गत कठोर कार्यवाही की जावेगी। संक्रमण के नियंत्रण एवं रोकथाम को दृष्टिगत रखते हुये यह आवश्यक है कि जिले में स्थित समस्त पेट्रोल/डीजल पम्पों, व्यापारिक/व्यवसायिक केन्द्रों व मदिरा दुकानों में कार्यरत कर्मचारियों एवं ग्राहकों के द्वारा मास्क/फेस कवर लगाया जाये। अतः निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्त सभी स्थानों पर मास्क/फेस कवर लगाये जाने संबंधी निर्देश का सख्ती से पालन हो।

महिला कमांडो ने आयोजित किया शिक्षा दीप प्रज्जवलन कार्यक्रम, एसपी ने भी बढ़ाया हौसला

- **जल्द ही महिला कमांडो को 100- 100 के बैच में आत्मरक्षा का प्रशिक्षण भी देंगे**

बालोद/नवप्रदेश। लगातार 22 वर्ष से जन जागरूकता के लिए अभियान चला रहे महिला कमांडो द्वारा नए साल पर नए थीम पर नई शुरुआत करते हुए इस बार भी शिक्षा दीप प्रज्वलन कार्यक्रम विश्व शांति के लिए रखा था। आयोजन का 22 वां वर्ष था। एक ही दिन में एक ही समय में अपने-अपने गांव में अपने-अपने घरों के सामने शाम 6 से रात्रि 8 बजे के बीच महिला कमांडो ने दीप जलाकर नए साल का स्वागत किया तो वही कोरोना और नशा मुक्ति के लिए हर संभव प्रयास करने, जिला बालोद को नशा मुक्त बनाकर ही दम लेने का संकल्प लिया। मुख्य आयोजन गुंडरदेही में हुआ। जहां 15 गांव की 105 महिला कमांडो ने प्रतिनिधित्व किया। एक साथ दीपक जलाया गया। इस आयोजन में जिले के पुलिस कप्तान एसपी सदानंद कुमार भी शामिल हुए। जिन्होंने महिला कमांडो का हौसला बढ़ाते हुए निर्भीकता पूर्वक कार्य करने को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि महिला कमांडो निस्वार्थ भाव से जो कार्य समाज सुधार हेतु कर रही है बहुत ही सराहनीय है। समिति द्वारा शिक्षा दीप, ग्राम स्वरोजगार, सामाजिक बुराइयों को खत्म करने, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं कोरोना से मुक्ति हेतु दीप प्रज्वलित किया गया। ऐसे आयोजन समाज को एक नया संदेश प्रदान करता है। आने वाले समय में महिला कमांडो को 100-100 के बैच में आत्म सुरक्षा का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। समिति के अध्यक्ष पद्मश्री शमशाद बेगम ने कहा कि शिक्षा दीप प्रज्वलन का यह 22वा वर्ष है। जिसे नई थीम शिक्षा, स्वरोजगार व कोरोना से मुक्ति हेतु बालोद जिले के सभी ग्रामों में महिला कमांडो व ग्रामवासियों द्वारा प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। साथ ही उपस्थित महिला कमांडो को संकल्प भी दिलाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एसपी श्री कुमार के साथ एचडीएफसी बैंक के मैनेजर अमित सिरके, निकहत परवीन, भारती वर्मा सहित सहयोगी जन कल्याण समिति से रफीक खान व 15 गांव की महिला कमांडो मौजूद रहीं। इसी दौरान विभिन्न गांव में जहां-जहां महिला कमांडो सक्रिय है, उन लोगों ने भी दीप जलाए।

2001 से हुई थी इस पहल की शुरुआत

सहयोगी जन कल्याण समिति के अध्यक्ष शमशाद बेगम व सचिव रफीक खान ने बताया कि नव वर्ष में 2022 में हमने संकल्प लिया कि हम स्वच्छ मन से स्वच्छता को अपनाएंगे, गंदगी ना स्वयं करेंगे ना हीं करने देंगे और जिला बालोद को नशा मुक्त जिला बनाकर ही दम लेंगे। महिला उत्थान हेतु सतत प्रयासरत रहेंगे। अपनी बेटियों को पूरा मान सम्मान और सुरक्षा देंगे। ग्राम स्वरोजगार के नित नए अवसर पर विश्व शांति हेतु अमूल्य योगदान देंगे। इस कार्यक्रम की शुरुआत सन 2001 में हुई थी। जब सारा विश्व आतंकवाद की आग में झुलस रहा था। चारों ओर अशांति व्याप्त थी। हथियारों की होड़ लगी हुई थी। अमेरिका जैसे ताकतवर राष्ट्र भी बौना साबित हो रहा था। ऐसी परिस्थिति में स्वयं सहायता समूह की हमारी बहनों ने प्रार्थना को ही सफल माध्यम मानते हुए अपने-अपने घरों के सामने दीये जलाएं तथा प्रार्थना सभा का आयोजन कर पूरे विश्व के लिए शांति की कामनाएं की थी।

भारत का नक्शा बनाकर जलाये दीपक

वनांचल ग्राम तुमड़ीकसा में तो भारत और छत्तीसगढ़ का नक्शा बनाकर उन्हें मिट्टी के दीयों से सजाकर रोशन किया गया। गांव में दिवाली जैसा माहौल था। महिला कमांडो सहित गांव के युवाओं और बुजुर्गों ने इस आयोजन में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। विगत कई वर्षों से इसी थीम पर रंगोली सजाकर ग्रामीण यहां नए साल में दीप जलाते हैं।